भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

शुक्रवार, 30 अगस्त 2024
वर्ष 3, अंक 10, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com



कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद 16
शुरुआत में एक जैसे थे सारे किरदार : रवीना 15

## असम में अब मुस्लिम शादी और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य

- विधान सभा में विधेयक पारित, सिर्फ नए विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे
- मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा ने कहा- बाल विवाह पर पंजीकरण से लगेगी रोक

गुवाहाटी, एजेंसी

असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को गुरुवार को पारित किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा ने कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे।

उन्होंने कहा हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। सरमा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। विधेयक के उद्देश्य और कारण में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है। विधेयक राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था।



### विवाह संस्था को मजबूत करेगा विधेयक

मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा कि विधेयक पुरुषों को शादी के बाद पत्नियों को छोड़ने से भी रोकेगा और विवाह संस्था को मजबूत करेगा। पहले, मुस्लिम विवाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे। हालांकि, यह नया विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि समुदाय के सभी विवाह सरकार के पास पंजीकृत हों।

## दुश्मन की चाल नाकाम करेगी आईएनएस अरिघात

### रक्षामंत्री राजनाथ ने नौसेना को समर्पित की देश की दूसरी परमाणु पनडुब्बी, परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल से लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को गुरुवार को विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे देश की परमाणु क्षमता को और मजबूती मिलेगी तथा परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि अरिघात भूमि, जल और वायु प्लेटफॉर्म पर परमाणु हथियारों संबंधी भारत की सैन्य रणनीति को और मजबूत करेगा, परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा, क्षेत्र में सामरिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद करेगा तथा देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आईएनएस अरिघात के जलावतरण को भारत की नौसैनिक शक्ति और परमाणु प्रतिरोध क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारत की पहली स्वदेश निर्मित परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत की परियोजना जुलाई 2009 में शुरू की गयी थी।




### दुश्मनों को चकमा देकर हमला करने में सक्षम

अरिहंत श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी अरिघात अरिहंत का उन्नत स्वरूप है और यह अत्याधुनिक हथियार प्रणाली तथा उपकरणों से लैस है। इसे कठिन तथा निरंतर परीक्षणों की सफलता के बाद नौसेना को सौंपा गया है। अरिघात की लंबाई 112 मीटर, चौड़ाई 11 मीटर तथा इसका वजन 6 हजार टन है। पनडुब्बी में घातक के-15 मिसाइलें लगी हैं जो 750 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम हैं। इसकी विशेषता यह है कि यह दुश्मन को चकमा देकर उसकी पकड़ में आये बिना हमला करने में सक्षम है। पनडुब्बी डेढ़ हजार फुट से भी अधिक गहराई तक पानी में जा सकती है। देश में तीसरी परमाणु पनडुब्बी अरिदमन भी बनायी जा रही है और कुछ वर्षों में यह भी नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगी। अरिहंत और अरिघात में 83 मेगावाट के लाइट वाटर रिएक्टर हैं जिनसे इनका संचालन किया जाता है। परमाणु रिएक्टरों के कारण ये पनडुब्बी परंपरागत पनडुब्बियों की तुलना में महीनों तक पानी के भीतर रह सकती हैं।

## एक नजर

### दिव्यांग से दुष्कर्म व हत्या के मामले में मौत की सजा

**फरीदाबाद।** यहां की एक अदालत ने दिव्यांग महिला की दुष्कर्म के बाद नृशंस तरीके से हत्या करने के मामले में गुरुवार को दोषी को मौत की सजा सुनाई है। फरीदाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने मनोज नेपाली नामक व्यक्ति को आईपीसी की धारा 302 और 376 के तहत दोषी पाए जाने के बाद यह सजा सुनाई और 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया। घटना नवंबर 2022 में सेक्टर-7 में हुई थी और महिला का शव एक पार्क में मिला था। पुलिस के अनुसार महिला दिव्यांग थी, जो अपने पति को बिना बताए घर से निकलकर न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी, जहां पर मनोज से महिला का संपर्क हुआ था।

### तीन स्कूलों को बम की धमकी मिलने से हड़कंप

**इरोड।** तमिलनाडु में इरोड, सलेम और तिरुचिरापल्ली जिलों के तीन निजी स्कूलों को गुरुवार को ईमेल के ज़रिए बम की धमकी मिलने से पुलिस और अभिभावकों में हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्कूलों को सुबह एक ईमेल मिला, जिसमें धमकी दी गई थी कि संस्थानों में बम विस्फोट हो सकते हैं। इसके बाद स्कूलों को खाली करा लिया गया और छात्रों को उनके घर भेज दिया गया। धमकी के कारण स्कूलों में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गयी जब अभिभावक बच्चों को लेने के लिए संबंधित शैक्षणिक संस्थानों की ओर दौड़ पड़े।

## सपा की टोपी लाल, कारनामे काले

### मुख्यमंत्री योगी ने कानपुर में सभा को किया संबोधित, कहा- लाल इमली मिल फिर शुरू होगी

- यह मिल कांग्रेस की बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है : योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कभी कानपुर की पहचान और शान रही लाल इमली मिल को फिर चालू किया जाएगा। हमारी सरकार लाल इमली के पुनरुद्धार के बड़े पैकेज के साथ आगे बढ़ने जा रही है। सरकार ने सिक यूनिट की पूरी लैंड व पुनरुद्धार के पैकेज पर काम आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं।

योगी आदित्यनाथ वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार के अंदर से मंत्री को लालइमली का भवन दिखाते हुए पूछा कि इसे जानते हैं। मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान इस बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लाल इमली मिल कभी कानपुर की पहचान थी, लेकिन यह बंद हो गई है। यह कांग्रेस की बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुकी है। नौजवानों को यहां नौकरी व रोजगार मिलना चाहिए था। हजारों लोगों के परिवार का पेट भरा जाना चाहिए था, लेकिन आज लाल इमली इनके भ्रष्टाचार का स्मारक बनकर चिढ़ा रही है। हमारी सरकार इसे फिर चालू करेगी।

मुख्यमंत्री सपा-कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि सपा के कारनामों से हर कोई परिचित है। गुंडागर्दी इनकी पहचान रही है। पन्नों को उलटेंगे तो इनके काले कारनामों से इतिहास भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी तो लाल है, लेकिन इनके कारनामे काले हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग-अलग है। इनकी वजह से ही सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 725 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान रोजगार मेले में एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया गया। जिसमें से कुछ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने मंच पर बुलाकर योजना का लाभ दिया।



कानपुर के जीआईसी मैदान में छात्रा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व अन्य।

### विकास, सुशासन, कानून-व्यवस्था यूपी का मॉडल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, सुशासन व विकास का मॉडल दिया है। 2017 के पहले यूपी पहचान के लिए मोहताज था। अराजकता-गुंडागर्दी इसकी पहचान बन चुकी थी। त्योहारों के पहले दंगे होते थे। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, नौजवान यूपी के बाहर जाता था तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। पीएम मोदी के आह्वान पर जनता ने 2017 में प्रदेश में भाजपा को जनादेश दिया। हमारे साढ़े सात वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश ने लंबी दूरी तय की। विकास, सुशासन, कानून व्यवस्था अब यूपी का मॉडल है।

## बरेली, मुरादाबाद, फुरसतगंज से उड़ान भरेंगे 222 सीटर विमान

एक्सक्लूसिव

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हवाई यातायात बढ़ाने को तैयार किए गए डेवलपमेंट प्लान के तहत तीनों एयरपोर्ट होंगे उच्चीकृत

राकेश शर्मा, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली, मुरादाबाद और अमेठी के फुरसतगंज एयरपोर्ट को भविष्य में 222 सीटर एयरबस की उड़ानों के अनुकूल बनाने के लिए डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। तीनों एयरपोर्ट पर बड़े टर्मिनल और एप्रन बनाने के साथ यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना है। तीनों जिलों के प्रशासन इसके लिए जरूरत के मुताबिक जमीन का इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है।

दरअसल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने हवाई यातायात बढ़ाने के लिए देशभर के एयरपोर्ट और सिविल एन्क्लेव के विस्तार की योजना तैयार की है। एएआई ने ट्रैफिक पूर्वानुमान के तहत इनमें बरेली के सिविल एन्क्लेव के साथ अमेठी का फुरसतगंज और पांच महीने पहले शुरू हुए मुरादाबाद एयरपोर्ट को 2027-28 तक उच्चीकृत करना तय किया है। इसी योजना के तहत एएआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एसपी सिंह को तीनों एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा था जिसके बाद अब विशेष सचिव कुमार हर्ष ने बरेली, अमेठी और मुरादाबाद के डीएम को इस बारे में निर्देश जारी किए हैं।

### हवाई अड्डों के विस्तार की ये है योजना



- **बरेली सिविल एन्क्लेव :** बरेली सिविल एन्क्लेव में ए-321 प्रकार के विमानों के लिए तीन एप्रन और तीन हजार वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग है। पहले चरण में 10 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-32 विमानों के लिए सात एप्रन व दूसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 प्रकार के विमानों के लिए 10 एप्रन बनेंगे। इसके साथ एक और लिंक टैक्सी-वे का भी निर्माण होगा।
- **मुरादाबाद एयरपोर्ट :** मुरादाबाद एयरपोर्ट का उद्घाटन 10 मार्च 2024 को हुआ था। अभी यहां कोड-बी के विमान के लिए दो एप्रन और 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्गमीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए चार एप्रन बनेंगे। दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 (222 सीटर) विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।
- **फुरसतगंज एयरपोर्ट :** अमेठी जिले के फुरसतगंज एयरपोर्ट में 1250 वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ढांचा निर्माणाधीन है। यहां पहले चरण में छह हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए चार एप्रन, दूसरे चरण में 12 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन, ए-321 के विमानों के लिए आठ एप्रन और तीसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और ए-321 के विमानों के लिए 14 एप्रन बनाए जाएंगे।

## ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र पैन के लिए वैध दस्तावेज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि ट्रांसजेंडर जन (अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 द्वारा जारी पहचान प्रमाणपत्र को पैन कार्ड के आवेदन के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने कहा कि भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और केंद्र सरकार स्पष्टता लाने के लिए इसे नियमों में और आदेश में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा याचिका के लंबित रहने के दौरान, हमने केंद्र सरकार से जवाब मांगा, जो इस मामले में बहुत सहायक रही है और जिसने मोटे तौर पर वर्तमान याचिका में उठाई गई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार किया

## अडाणी देश में सबसे अमीर अंबानी को पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी



- हुरुन इंडिया की वर्ष 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची जारी

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के झटकों से पूरी तरह उबरते हुए एकबार फिर देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। हुरुन इंडिया की 2024 के लिए अमीर लोगों की सूची में अडाणी 11.6 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय हैं। पिछले साल की तुलना में उनकी संपत्ति में 95 प्रतिशत का तगड़ा उछाल आया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पिछले साल की तुलना में अंबानी की शुद्ध संपत्ति 25 प्रतिशत उछलकर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2023 की हुरुन इंडिया सूची में अडाणी की संपत्ति 57 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गई थी। दरअसल जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए कई गंभीर आरोपों के कारण अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी।

## सिपाही भर्ती : दूसरे चरण में आज साढ़े नौ लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण की परीक्षा आज और कल दो पालियों में होगी। शुक्रवार को प्रदेश के 1174 केंद्रों पर साढ़े नौ लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए 22 विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। छोटी दूरी के लिए बसें चलाई जा रही हैं, जो परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त रहेंगी। रेलवे स्टेशनों पर अव्यवस्था न हो इसके लिए इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर दो-दो प्लॉटून पीएसी तैनात की जा रही है।

बुधवार को शासन में हुई बैठक के दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार ने सिंह ने तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों की निकासी के समय जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे। धांधली मुक्त परीक्षा के लिए शासन ने कड़े कदम उठाए हैं। दो दिनों की परीक्षा को पुलिस विभाग काफी चुनौतीपूर्ण मान रहा है। आगामी दोनों परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया को काफी सख्त बना दिया गया है। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## किशोरी से दुष्कर्म, ताड़फोड़ व आगजनी

गाजियाबाद, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित लिंक रोड क्षेत्र में 14 साल की एक लड़की से दुष्कर्म की घटना के बाद तनाव व्याप्त हो गया। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने वारदात को अंजाम देने वाले लोगों को फांसी देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने कबाड़ी की दुकान में घुसकर सामान बाहर फेंक दिया और ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

साहिबाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बुधवार की शाम को लिंक रोड थाना क्षेत्र के बृज विहार चौकी इलाके में 14 साल की एक लड़की घर में अकेली थी, तभी कबाड़ का काम करने वाले दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने मारपीट कर उससे दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, पीड़िता को चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया है।



गाजियाबाद में नाबालिग लड़की से हुए दुष्कर्म के विरोध में वाहन जलाए गए।

- गाजियाबाद की घटना, आरोपी को फांसी देने की मांग की

### पीछे के रास्ते घर में घुसे

कथित पीड़िता की चाची ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे लड़की बच्चों को खिला रही थी तभी तीन-चार लोग पीछे के रास्ते घर में घुसे। उस वक्त बिजली नहीं आ रही थी, अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपियों ने लड़की को नशीला पदार्थ सुंघाकर दुष्कर्म किया।

## बहराइच में पकड़ा गया आदमखोर भेड़िया

- सीएम की मॉनीटरिंग रंग लाई गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पल-पल की मॉनीटरिंग और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी से आदमखोर भेड़िया गुरुवार सुबह पकड़ ही लिया गया। लोगों ने चैन की सांस ली है। खूंखार भेड़िए को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजने तैयारी शुरू हो गई है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे थर्मल ड्रोन से बहराइच के 35 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़िए को ट्रेस किया गया।



गुरुवार सुबह पांच बजे के आसपास फिर ड्रोन के जरिए नजर रखी गई। भेड़िया के पैर के निशान दिख गए, फिर फिजिको केमिकल इमोबलाइजेशन का सहारा लिया गया। विभाग के स्थानीय अधिकारियों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सुबह करीब पौने 11 बजे इसे सिसैया गांव के कछार से पकड़ लिया।

## सेना ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि तंगधार ऑपरेशन में एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। वहीं, कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा दो एके राइफल, एक पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है। सेना ने कहा कि दोनों स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई विशेष जानकारी के आधार पर 28 अगस्त को दोनों अभियान शुरू किए गए थे।

इश्क का बुखार

किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना के साथ भागा था गजराज, मनाने के लिए भेजा गया 12 हाथियों का झुंड

## छह हथिनियों संग गजराज फरार ... 15वें दिन आया हाथ

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** इश्क में माशूका के पीछे दौड़े चले जाने की कहानियां खूब सुनीं होंगी, लेकिन अब यह फिल्मी कहानी दुधवा टाइगर रिजर्व में देखने को मिल रही है। 40 साल के राजकीय हाथी गजराज पर छह मादा हाथियों का एक साथ दिल आ गया।

गजराज ने मोहब्बत के आगे बंदिशों की परवाह किए बगैर बेड़ियों को तोड़ डाला और छह माशूकाओं के साथ फरार हो गया। इससे दुधवा प्रशासन में अफरातफरी मच गई। वन्य जंतु एक्सपर्ट के साथ ही विश्व प्रकृति निधि-भारत के विशेषज्ञों को भी बुला लिया गया। मतवाले हाथियों को मनाने के लिए 12 हाथियों के झुंड के साथ 15 दिन तक मशक्कत करनी पड़ी, तब सातों के कैम्प में वापस लाया जा सका। पलिया की दक्षिण खीरी सोनारीपुर रेंज के अंतर्गत 14 अगस्त को राजकीय हाथियों को गैंडा पुनर्वास प्रथम क्षेत्र में रखा गया था। 15 अगस्त को राजकीय नर हाथी गजराज मदमस्त होने के कारण बेड़ियां तोड़ते हुए चराई क्षेत्र से बाहर चला गया और उसके साथ छह राजकीय मादा हाथी किरन, कावेरी, सुहेली, पवनकली, चमेली व सुलोचना भी चले गए। नर और मादा हाथियों की निगरानी के लिए पूरी टीम लगा दी गई। 12 हाथियों को भी इनको वापस लाने के लिए लाया गया। मतवाले नर और मादा हाथियों की ड्रोन कैमरे से निगरानी होती रही।



पकड़े जाने से पहले मदमस्त नर हाथी।

### छह मादा का साथ हैरान करने वाला

दुधवा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक डॉ. रंगा राजू टी बताते हैं कि प्रजनन काल में नर हाथी का व्यवहार उग्र होता है। वह जंजीरें तोड़ देता है और मादा की ओर आकर्षित होकर भागने लगता है। कोई व्यवधान होने पर नर हाथी काफी उग्र भी हो जाते हैं। मादा अपना साथी खुद तय करती है। मादा तक पहुंचने के लिए नर हाथियों में प्रतिस्पर्धा होती है। दोनों में संघर्ष में जो जीतता है, वहीं मादा के साथ जाता है। इस बार छह मादा का एक साथ जाना चौकाने वाला है। प्रेमालाप में मादा हाथी लगभग तीन सप्ताह तक प्रजनन के लिए तैयार रहती हैं, लेकिन गर्भधारण केवल तीन से पांच दिनों में ही संभव होता है।







चुन्नीगंज जीआईसी मैदान में जनता का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी आदि। अमृत विचार

# सपा पर निशाना, कांग्रेस का एक बार नाम लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में 37 सीटों पर कब्जा जमाने वाली समाजवादी पार्टी मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर है। गुरुवार को जीआईसी मैदान के मंच से भी सपा के विरुद्ध उनके तेवर तल्ख रहे। योगी ने लगभग 30 मिनट के अपने भाषण में सिर्फ एक बार कांग्रेस का नाम लिया, जबकि बसपा का जिक्र तक नहीं किया।

योगी ने अपने संबोधन में सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव के चलते मुस्लिम मतदाताओं को याद दिलाया कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सभी को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। इसलिए सीसामऊ के विकास के लिए पार्टी को वोट करने से नहीं हिचकें। मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि गुंडागर्दी इनकी पहचान है। सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी पर भी वह हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि सपा का विधायक गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर रहा था। उसने दंगे भड़काने की कोशिश की।

**30** मिनट के भाषण में मुस्लिमों को याद दिलाया कि भाजपा बिना भेदभाव के दे रही योजनाओं का लाभ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# सपा विधायक शहर में दंगा भड़काना चाहता था: योगी

**❍ राष्ट्रपति कानपुर में थे तब शहर जलाने की साजिश की थी ❍ अब वह सपा नेता सलाखों के पीछे अपने कृत्यों की सजा भुगत रहा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान में अपना भाषण शुरू करते ही लोकसभा चुनाव में कानपुर से रमेश अवस्थी व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' की जीत के लिए कानपुर का आभार जताया। योगी ने कहा कि सपा वाले गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करते व दंगे भड़काते हैं। यहां उस दिन दंगे भड़काने की साजिश हो रही थी, जब इसी माटी के सपूत राष्ट्रपति कानपुर आए थे, तब सीसामऊ का सपा विधायक सीसामऊ व कानपुर को दंगे की आग में झोंकने की साजिश कर रहा था। अब वह अपने कृत्यों की सजा भुगत रहा है।

● **दो भाजपा सांसद जिताने के लिए कानपुर का आभार है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन ने जनादेश पांच वर्ष के लिए दिया था, लेकिन अब इसकी वजह से उन्हें सीसामऊ में उपचुनाव झेलना पड़ रहा है। जिसकी वजह से यहां का विकास प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में एक सपा नेता बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है, लेकिन सपा मुखिया कार्रवाई की बजाय बेशर्मी से उसका समर्थन कर रहे थे। इसी तरह लखनऊ में एक बेटी पिता के साथ बाइक से जा रही थी, लेकिन, बरसात में पानी भरने पर सपा के गुंडे बेटी को गिराने का कार्य करते थे।

मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि तब इनके एक नेता ने सदन में कहा था कि सद्भावना ट्रेन चलनी चाहिए, तब मैंने कहा कि माफिया-गुंडों के लिए सद्भावना नहीं, बुलेट ट्रेन चलेगी। योगी ने कहा कि सपा का तीसरा मॉडल कन्नौज में नवाब सिंह यादव के रूप में दिखा। नवाब ब्रांड ही इनकी असली पहचान है। यह अनैतिक तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के माध्यम से बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं। यह आरोपी भी सपा से जुड़ा है।



योगी की जनसभा में आए युवाओं ने हाथ उठाकर समर्थन जताया। अमृत विचार

### दो वर्ष में दो लाख युवाओं को देंगे नौकरी

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिना सिफारिश और घूस दिए हमने साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख नौजवानों ने सरकारी नौकरी दी। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को सरकार सीधे जेल में डालती है। उनके बाप-दादा, पुरखों की जमीन जब्त करके गरीबों में बंटवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष के अंदर हम 2 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रहे हैं। 60,200 से अधिक नौजवानों के लिए पुलिस भर्ती की प्रक्रिया जारी है। पांच दिन में लिखित परीक्षा हो रही है। परिंदा भी पर नहीं मार सकता। दुस्साहस करने वालों को आजीवन कारावास, एक करोड़ जुर्माना व संपत्ति जब्त कराएंगे। दो वर्ष के अंदर यूपी पुलिस में एक लाख नौजवानों की भर्ती होने जा रही है। 20 फीसदी केवल बेटियों को भर्ती करेंगे, जिससे सपा के उद्दंड शोहदों की गुंडागर्दी का उपचार बेटियां सड़कों पर करेंगी।

### सीसामऊ में सपा के पाप का घड़ा भर चुका है

■ योगी ने कहा कि कानपुर जाम की समस्या से मुक्ति की तरफ बढ़ रहा है। कानपुर मेट्रो सिटी बन चुकी है। पहले सीसामऊ में सीवर का नाला गंगा में उड़ेला जाता था। सीसामऊ हो या जाजमऊ, गंगा की अविरलता का आधार कानपुर बन रहा है। यह कभी गंगा की गंदगी का दोषी माना जाता था। उन्होंने कहा कि सीसामऊ में पाप का घड़ा भर चुका है। इसलिये कानपुर के विकास के लिए सरकार के सबसे वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना को लगाया है। उन्होंने कहा कि लालइमली भ्रष्टाचार की इमारत न बने, यह युवाओं के विकास का आधार बने इसलिये सीसामऊ में भाजपा को जितायें। राष्ट्रवाद के आधार पर वोट करें। हमने किसी की जाति, मजहब नहीं पूछा, सबको योजनाओं का बराबर लाभ दिया। पर्व और त्योहार शांति के साथ मनाया जा रहा है। सुरक्षा और सम्मान सबको देंगे पर गुंडागर्दी का अधिकार नहीं देंगे।



सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं। अमृत विचार

### यह नेता कार्यक्रम के मंच पर रहे

■ कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नितिन अग्रवाल, अजीत सिंह पाल, प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, देवेंद्र सिंह 'भोले', महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सरोज कुरील, महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, अभिजीत सिंह सांगा, राहुल बच्चा सोनकर, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, अरुण पाठक, मानवेंद्र सिंह चौहान, अविनाश सिंह चौहान, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाह, सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी आदि रहे।

### सीएम ने सतीश महाना के कार्यों की तारीफ की

■ योगी ने कहा कि कानपुर के लाल सतीश महाना आज उप्र विधानसभा के अध्यक्ष हैं। 2017 से 2022 तक औद्योगिक विकास मंत्री के रूप में उन्होंने शानदार कार्य किया। पीएम मोदी के विजन के अनुसार उन्होंने कानपुर को डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग के नोड के रूप में विकसित करने के कार्यक्रम को बढ़ाने में योगदान दिया। नवंबर 2017 में मैंने कहा था कि औद्योगिक निवेश होना चाहिए। उस समय 20 हजार करोड़ का लक्ष्य था, लेकिन कानून व्यवस्था की सुदृढ़ स्थिति की बदौलत इस बार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।



एडीसीपी अंकिता शर्मा को ज्ञापन देते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई।

# विकास कार्यों का झुनझुना बजाकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **मुख्यमंत्री के आने पर सपा विधायक अमिताभ किए गए नजरबंद**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को शहर में रहे, जिसकी वजह से पुलिस प्रशासन ने सपा विधायक अमिताभ बाजपेई को घर में नजरबंद कर दिया। विधायक ने झुनझुना बजाकर मुख्यमंत्री द्वारा किए विकास कार्यों का विरोध किया। साथ ही यह भी याद दिलाया कि सीसामऊ विधानसभा में नौ नहीं 15 वार्ड हैं। सपा विधायक ने घर के बाहर मौजूद एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा को ज्ञापन दिया।

अमिताभ बाजपेई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सीसामऊ विधानसभा के नौ वार्डों में 36 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया। इसपर उन्हें झुनझुना बजाकर अवगत कराया कि सीसामऊ में नौ नहीं 15 वार्ड हैं। विकास कार्य पूरे 15 वार्ड ही नहीं पूरे कानपुर के 110 वार्डों का करना चाहिए। सात साल से मुख्यमंत्री रहने पर, 10 साल से केंद्र में भाजपा सरकार और 15 साल से नगर निगम में भाजपा के महापौर होने पर भी विकास कार्य नहीं करा पाए तो ऐसे में विकास कार्यों की उम्मीद करना बेमानी है। कहा कि कानपुर में नाला सफाई के नाम पर जो करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ, वो भाजपा के जनप्रतिनिधियों के करीबियों की संलिप्तता से हुआ है। जनता द्वारा जो करोड़ों रुपये टैक्स दिए गए उसका बंदरबांट हो गया, लेकिन अपराधी नहीं पकड़े गए। नगर निगम स्कूल हीरामनपुरवा, धनकुट्टी अस्पताल, महोत्सव पंडाल, चाचा नेहरू अस्पताल और नगर निगम के सभी सरकारी स्कूल व अस्पताल दुर्दशा के शिकार है। जेके कैंसर अस्पताल में कैंसर रोगियों को इलाज नहीं मिल रहा है, हैलट में चार साल बीतने के बाद भी बर्न वार्ड नहीं बन सका है, मेट्रो की वजह से मकान गिरे, सड़कें टूटी हैं, शहर जाम की समस्या से जूझ रहा है, सीवर लाइनें क्षतिग्रस्त हैं और सीसामऊ नाला बंद नहीं हो सका है। सबको मालूम है कि जिन परियोजनाओं का शिलान्यास सीसामऊ में हो रहा है, वह परियोजनाएं चुनाव तक पूरी नहीं हो सकतीं। मांग है कि सत्ता पक्ष के ही नहीं, विपक्ष के भी विधायकों से सार्थक राय लेकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का प्रयास करें और सबका साथ-सबका विकास के नारे को सार्थक करें। नीरज सिंह, वरुण यादव, कृष्ण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह बाली थे।

### देखो-देखो कौन आया ...शेर आया

राजकीय इंटर कालेज में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर उमड़े युवाओं ने जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही युवाओं की भीड़ ने हाथ उठाकर देखो-देखो कौन आया.. शेर आया...शेर आया के नारे लगाए। सैकड़ों युवा मैदान में मौजूद थे और मुख्यमंत्री का हाथ हिलाकर अभिभावदन भी किया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी आई थीं। पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने भी दीर्घा में पहुंचकर नारे लगाए।

### मुस्लिम महिलाएं भी पहुंचीं

जनसभा के पंडाल में अलग-अलग योजनाओं के करीब 9500 लाभार्थी मौजूद रहे। पंडाल में मुस्लिम महिलाएं भी योगी को सुनने पहुंचीं। एक पंडाल में जलभराव और बदबू के कारण लाभार्थियों को दिक्कत झेलनी पड़ी।

# टैबलेट नहीं मिलने पर छात्रों में रहा आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **कार्यक्रम से लौटे वीएसएसडी कॉलेज के छात्र भड़के**

**अमृत विचार।** वीएसएसडी कॉलेज में गुरुवार को टैबलेट न मिलने पर छात्रों ने आक्रोश जताया। इन छात्रों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में टैबलेट मिलने थे। वहां पर टैबलेट न मिलने की वजह से छात्रों ने आक्रोश जाहिर किया। छात्रों का आक्रोश देख कॉलेज प्रशासन ने टैबलेट बंटवाए।

इस दौरान कई छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी आए हुए थे। गुरुवार को कॉलेज की ओर से लगभग 1 हजार युवाओं को योजना का लाभ दिया जाना था। कॉलेज प्रशासन का कहना था कि कार्यक्रम में लगभग 150 छात्रों को ही योजना का लाभ मिला। इसके बाद शेष छात्र नाराज होकर वहां से लौट आए। कुछ छात्रों की ओर से नारे लगाने के साथ ही धरना देने का भी प्रयास किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक ने उन्हें शांत कराया और टैबलेट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में कोई हंगामा नहीं हुआ है।

# आम हो या खास, बेरीकेडिंगों पर थोड़ी देर रोके गए सब लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **मुख्यमंत्री की फ्लीट निकलने के दौरान रोका गया यातायात**

● **डायवर्जन प्वाइंटों पर भी जाम से जूझना पड़ा**

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को दुरुस्त कर लिया था। गुरुवार सुबह से सभी चिन्हित प्वाइंटों पर पुलिस डयूटी पर तैनात थी। किसी भी व्यक्ति को सीएम के पुलिस लाइन से कार्यक्रम स्थल से सड़क मार्ग से जाने के दौरान अनुमति नहीं थी। जिसके बाद वीआईपी रोड पहुंचने वाले हर मार्ग पर बेरीकेडिंग लगाकर रास्तों को कुछ मिनट के लिए ब्लॉक कर दिया गया। वहीं डायवर्जन प्वाइंटों पर भी जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जीआईसी ग्राउंड और मर्चेंट चैंबर हॉल के आसपास क्षेत्र पर लिंक रोड को बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया था। सुबह11:00 बजे करीब पर परमट तिराहे से पुलिस लाइन और कोर्ट की तरफ, हडर्ड चौराहे से कोर्ट की तरफ, फूलबाग की ओर से पुलिस लाइन की तरफ आने जाने वाहनों को दस मिनट के लिए रोक दिया गया। इस बीच अधिवक्ता गण और उनके मुवक्किल भी खड़े रहे। कुछ अधिवक्ताओं ने कचहरी जाने का दबाव बनाया लेकिन पुलिस ने किसी को अनुमति नहीं दी। इस दौरान कई वीआईपी और पुलिस अधिकारियों की गाड़ियां भी रोकी गई। आम हो या खास सभी को रोका गया। फ्लीट के आने और जाने पर वायरलेस पर सभी यातायात निरीक्षकों को मैसेज देकर रास्ते खुलवा दिए।

## महापौर ने बताई कब्जों की वेदना

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शहर में तेजी से हो रहे अवैध कब्जों की जानकारी दी। महापौर ने बताया कि पीरोड पर एक बिल्डर सैकड़ों साल पुरानी धर्मशाला जिसमें राधा-कृष्ण का प्राचीन मंदिर था, को गिराकर अवैध रूप से दुकानें बना रहा है। मंदिर में रखीं प्राचीन अष्टधातु की मूर्तियां गायब कर दी गई हैं। इसी तरह कल्याणपुर थाने के पास प्राचीन सोमनाथ मंदिर परिसर में सैकड़ों साल पुराने तालाब पर कब्जा कर लिया गया है। महापौर ने कहा कि मान्यता के मुताबिक इस पुराने तालाब में स्नान करने से कुष्ठ रोग का निवारण होता था। लेकिन आज तालाब की पूरी जगह दबाकर वहां पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है। महापौर ने शहर में बने फ्लाईओवरों के नीचे हो रहे कब्जे का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के सामने उठाया। महापौर के मुताबिक मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

सख्ती | **मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों की बताईं समस्याओं के निवारण पर दिया जोर**

# भ्रष्टाचार में शामिल पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा में कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करें। पेट्रोलिंग बढ़ाएं। शहर को जाम से निजात दिलाने पर जोर दिया। अधिकारियों से कहा, कहीं भी अवैध वाहन स्टैंड न लगे। मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था की जाए। ई-रिक्शा को अलग-अलग रंग देकर रूट तय करें। उनके चालकों का नियमित वेरिफिकेशन हो। नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई करें।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम, केडीए, पुलिस विभाग, प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति सामने रखी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के निर्देश देते हुए शासन स्तर के मामलों में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के माध्यम से निस्तारण पर जोर दिया। अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों की फोन कॉल रिसीव करें व उनकी बताई जन समस्याओं का तत्काल निवारण कराएं।




नवीन सभागार में पुलिस-प्रशासन के अफसरों के साथ मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की। अमृत विचार

### 15 दिन में सीसामऊ को चमका दें

मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि सीसामऊ विधानसभा में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाएं। 15 दिनों में विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, फागिंग, सेनेटाइजेशन, शुद्ध पेयजल व सड़क मरम्मत का काम पूरा करें। बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, सांसद अकबरपुर देवेन्द्र सिंह भोले समेत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केडीए वीसी मदन सिंह, नगर आयुक्त सुधीर कुमा उपस्थित रहे।

### पेट्रोलिंग बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर प्रभावी कार्यवाही करें। भ्रष्टाचार में लिप्त मिलने पर बर्खास्त करें। पेट्रोलिंग व फुट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। संवेदनशील इलाकों में होमगार्डों की तैनाती बढ़ाएं। मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला पुलिस अधिकारी महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ शासन की योजनाएं भी बताएं।

### अवैध कालोनियां रोकें, तेजी से बनाएं स्मार्ट रोड

केडीए अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध कालोनियां बनने से रोकें। भू माफिया पर शिकंजा कसें। कन्वेंशन सेंटर की जल्द स्थापना की जाए। शहर में स्मार्ट रोड का जाल बिछाया जाए। ग्रीनपार्क स्टेडियम के आसपास अवैध कब्जे न हों। भारत-बांग्लादेश के बीच होने वाले मैच को देखते हुए स्टेडियम में स्मार्ट सिटी मिशन व खेल विभाग मरम्मत का काम शीघ्र कराए।

# कभी दुनिया थी दीवानी, अब सेल्फी व रील से रोशन विरासत

**लाल इमली**

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

- मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद मिल चलने की उम्मीदों को लगे पंख
- मजदूरों का कहना, पहले भी चुनाव के समय हो चुका इस तरह का वादा

**अमृत विचार।** लाल इमली ने अपने ऊलेन उत्पादों की गुणवत्ता से कानपुर को नई पहचान और नाम देकर देश-दुनिया में मशहूर कर दिया था। मिल का लाल ईंटों से बना भवन आज भी शहर की समृद्ध औद्योगिक विरासत की गौरव गाथा सुनाता नजर आता है। यह अलग बात है कि मशीनें सालों से बंद और समय बताने वाली घड़ी रुकी पड़ी है।

तमाम मजदूर आंदोलन करते-करते दम तोड़ चुके हैं, तो कुछ परिवार का पेट भरने के लिए मिल के आसपास कपड़े बेचने लगे हैं। यह समय की विडंबना ही है कि जब मिल चलाने की तमाम कोशिशें दम तोड़ गईं तो दो साल पहले भवन को फसाड लाइट से जगमग कर दिया गया। इससे युवाओं को सेल्फी और रील बनाने का बढ़िया ठिकाना मिल गया है।

लाल इमली मिल की स्थापना वर्ष 1876 में हुई थी। उस समय इसका नाम कॉनपोरे वूलेन मिल्स था। इसी के बाद शहर में औद्योगिक क्रांति हुई। कानपुर को पूर्व के मैनचेस्टर का खिताब मिला। बताते हैं मिल के स्थान पर इमली का विशालकाय पेड़ था, जिसकी फलियां लाल रंग की होती थीं। इसी से 'लाल इमली' नाम पड़ा और अपने ऊलेन उत्पादों की दम पर जल्दी ही यह नाम ग्लोबल ब्रांड बन गया। पूरी दुनिया यहां के बने शाल, लोई, कंबल और गर्म सूट के कपड़ों की दीवानी हो गई।

आस्ट्रेलिया की मोरिनो भेड़ के बाल से बनने वाली वूल से निर्मित यहां के कंबल, लोई, मोजे, मफलर, टोपी व कपड़े इतने गर्म होते थे कि कड़ाके की ठंड में इन्हें पहनने पर लोगों का पसीना छूट जाता था। लेकिन धीरे-धीरे कानपुर का औद्योगिक स्वरूप बिगड़ा। कपड़ा मिलें बंद होने लगीं तो लाल इमली को भी नजर लग गई। मशीनें ठप होने लगीं।

मिल बंदी के रास्ते की तरफ बढ़ने लगी। हालांकि जान फूंकने की कई बार कोशिश की गई। 2001 में सरकार ने 211 करोड़ रुपये का बजट दिया। 2005 में 47 करोड़ रुपये मिले। 2011 में 338 करोड़ रुपये आवंटित करके मिले को चलाने की कोशिश की गई। लेकिन हालात में सुधार नहीं हो सका। नीति आयोग ने लाल इमली को बंद करने का सुझाव दे दिया। लोक उद्यम विभाग ने भी अस्तित्व समाप्त करने की हामी भर दी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाल इमली के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है। उनकी छवि और कार्यशैली को देखते हुए मजदूरों में विश्वास जागा है कि मिल फिर से खुल सकती है। लेकिन बंदी के जख्म इतने गहरे हैं कि तमाम मजदूरों का कहना है कि पहले भी कई चुनावों के समय लाल इमली को चलाने का वादा किया जा चुका है। ऐसे में आशंका है कि कहीं इस बार भी ठगे न रह जाएं।

| | |
|---|---|
| 1876 | अंग्रेजों ने मिल की स्थापना की थी |
| 10 | हजार श्रमिक 60 के दशक में कार्यरत थे |
| 1910 | मिल में लगी थी भीषण आग |
| 1947 | आजादी की खुशी में बताशे बांटने पर मजदूरों पर चले थे डंडे |
| 1981 | सरकार ने अधिग्रहण कर लिया |
| 1990 | मिल में घाटा होना शुरू हुई |
| 1992 | मिल को बीमार यूनिट घोषित किया गया |
| 2013 | मिल में 550 से कुछ अधिक कर्मी ही बचे |
| 2017 | नीति आयोग ने मिल बंदी का निर्णय लिया |


लाल इमली मिल फिर चलने की उम्मीद जगी है। अमृत विचार

### हूटर और मीनार की घड़ी लोगों को बताती थी समय

- लाल इमली मिल ने सन 1950 के दशक में स्वर्णिम दौर देखा है, उस समय यहां 10 हजार श्रमिक काम करते थे। 24 घंटे चलने वाली मिल में शिफ्ट के हिसाब से बजने वाले हूटर से लोग समय की जानकारी करने के साथ अपनी घड़ी मिलाते थे। मिले के मीनार पर लगी घड़ी राहगीरों को समय का ध्यान दिलाती थी। लेकिन आज यह घड़ी काफी समय से बंद पड़ी है।

### पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा और राजीव गांधी पहनते थे लोई

- लाल इमली कर्मचारी संघ के नेता आशीष पांडेय के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही नहीं राजीव गांधी भी लाल इमली की लोई खासी पसंद करते थे। दोनों नेताओं को यहां की प्रसिद्ध टूस लोई व 60 नंबर लोई पहने कई तस्वीरों में देखा जा सकता है।

❍ मुख्यमंत्री ने 1000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे ❍ 5227 लाभार्थियों को 190 करोड़ का ऋण

# 725 करोड़ की 332 परियोजनाएं कानपुर को दे गए मुख्यमंत्री

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राजकीय इंटर कालेज मैदान चुन्नीगंज से शहरवासियों को विकास योजनाओं की सौगात दी। 725 करोड़ लागत से 332 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने शिलान्यास व लोकार्पण किया। 1000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे और 5227 लाभार्थियों को 190 करोड़ का ऋण प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से बटन दबाकर 332 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।


मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लाए गए शिलान्यास पत्थर। अमृत विचार

**34** करोड़ से करबिगवां रेलवे स्टेशन के पास निर्मित ओवरब्रिज

**36** करोड़ से पनकी धाम क्रासिंग पर बनाए गए रेल ओवरब्रिज जनता को समर्पित

### इन कार्यों का शिलान्यास

- 22 करोड़ से जाजमऊ नई चुंगी से चकेरी एयरपोर्ट होते हुए नई चकेरी एयरपोर्ट टर्मिनल भवन मार्ग का चौड़ीकरण
- 11 करोड़ से गौरिया पाली मार्ग का चार लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का काम।
- 9 करोड़ से जाजमऊ नई चुंगी से एसटीपी मार्ग का चौड़ीकरा काम।
- 8 करोड़ से जीएसवीएम मेडिकल कालेज में एमबीबीएस यूजी की सीटों में वृद्धि के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी व एग्जामिनेशन हॉल के विस्तार को बेसमेंट का जीर्णोद्धार।
- 3 करोड़ 47 लाख से आयुष्मान वार्ड संख्या तीन का जीर्णोद्धार।
- 2 करोड़ 68 लाख से 37वीं वाहिनी पीएसी परिसर में अतिथि गृह का निर्माण।
- 41 लाख से बरीपाल मंडी समिति में हॉट पैठ तिलसड़ा का निर्माण।
- 8 करोड़ 16 लाख से बिधनू में सेन पश्चिम पारा थाने में आवासीय भवन का निर्माण।
- एक करोड़ 74 लाख से महाराजपुर थाने में हॉस्टल, बैरक व विवेचक कक्ष का निर्माण।
- 2 करोड़ 47 लाख से सीएसए में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए काम।
- 22 लाख से राजकीय हाईस्कूल तिलसहरी बुजुर्ग में टायलेट ब्लाक का निर्माण।

### इन कार्यों का लोकार्पण किया

- 34 करोड़ से करबिगवां रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवरब्रिज।
- 36 करोड़ से पनकी धाम क्रासिंग पर रेल ओवरब्रिज।
- 16 करोड़ से सीएसए में भवन व संस्थानों का सुदृणीकरण।
- 21 करोड़ से जीटी रोड से शिवराज व सखरेज को जोड़ने वाली सड़क।
- तीन करोड़ 10 लाख से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आईटी लैब, कार्यशाला व सैद्धांतिक कक्ष।
- एक करोड़ 53 लाख से चंपतपुर में हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी डेसिमिनशन सेंटर।
- 4 करोड़ 10 लाख से कल्याणपुर में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण।
- 54 लाख से सलेमपुर मार्ग पर बालाजी मंदिर से कर्वी गांव तक 1.50 किमी सड़क।
- 52 लाख से गणेशीपुर प्राथमिक विद्यालय के सामने से नेवादा रोड तक 1.10 किमी सड़क।
- 84 लाख से डुडवा अनेई मार्ग पर रानेपुर से मतौवना तक 1.90 किमी सड़क।
- एक करोड़ 14 लाख से काकूपुर रब्बन से सादिकामऊ तक 2.35 किमी सड़क।

### करबिगवां व पनकी धाम आरओबी का लोकार्पण

- मुख्यमंत्री ने करबिगवां ओवरब्रिज के साथ पनकी धाम क्रासिंग रेल ओवरब्रिज को जनता को समर्पित किया। उन्होंने 16 करोड़ से सीएसए में भवन व विभागों के सुदृढ़ीकरण के काम तथा 21 करोड़ रुपये से बनाई गई जीटी रोड से शिवराजपुर व सखरेज को जोड़ने वाली सड़क का भी लोकार्पण किया।

# चकेरी-पाली ग्रीनफील्ड फोरलेन से मिलेगा उद्योगों को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएम ने किया शिलान्यास, धरातल पर योजना उतारने में अब आएगी तेजी

**अमृत विचार।** 2 किलोमीटर लंबे चकेरी-पाली ग्रीनफील्ड फोरलेन का गुरुवार को सीएम योगी के शिलान्यास के बाद परियोजना को पंख लग गए। फोरलेन निर्माण से औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा। 118 करोड़ की अनुमानित लागत से तैयार होने वाले फोरलेन निर्माण में योजना काफी समय पूर्व तैयार की गई थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण में करीब 100 करोड़ की लागत आने से योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही थी।

चकेरी-प्रयागराज हाईवे से छतमरा होते हुए पाली, सजारी तक सड़क जाती है। छतमरा तक यह सड़क टू लेन है, लेकिन उसके आगे काफी संकरी हो गई है। औद्योगिक क्षेत्र के पास से इसे पाली, सजारी तक टू लेन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माण की कवायद शुरू की थी। दो किलोमीटर लंबा यह मार्ग 18 करोड़ की लागत से तैयार किया जाना है, जबकि 100 करोड़ रुपये से इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाना है। इस पर संशय बना हुआ था, लेकिन गुरुवार को सीएम योगी ने इस पर विराम लगा दिया। सीएम ने चकेरी पाली मार्ग का शिलान्यास किया। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता राकेश कुमार यादव ने बताया कि अधिग्रहण के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है, जल्द मुआवजे की राशि तय कर कार्य में तेजी लाई जाएगी।

### 60 करोड़ से बनेगा फोरलेन ओवरब्रिज

- चकेरी क्रासिंग पर सेतु निगम ओवरब्रिज की डीपीआर तैयार कर रहा है, जिसकी लागत करीब 60 करोड़ आंकी गई है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए सेतु निगम ने केस्को, बीएसएनएल समेत अन्य विभागों से शिफ्टिंग एस्टीमेट की मांग की है। शिफ्टिंग एस्टीमेट मिलते ही रिपोर्ट सेतु निगम एमडी को भेजी जाएगी।

### पालिका स्टेडियम का लोकार्पण

- कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शहर के खिलाड़ियों को पालिका स्टेडियम के रूप में बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने जीआईसी मैदान से नगर निगम के पालिका स्टेडियम का लोकार्पण किया। बीओटी (बिल्ट आपरेट ट्रांसफर) माडल के आधार पर नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार करके विकसित किये पालिका स्टेडियम में अब क्रिकेट की नई पौध तैयार होगी। क्रिकेट का प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय मानक वाली सुविधाओं के बीच में मिलेगा। महापौर ने बताया कि शहर में खेलों को बढ़ावा देने के लिये द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) की तर्ज पर और मैदान बनेंगे। पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार के बाद यहां अल्प आय वर्ग के 500 बच्चों को प्रतिवर्ष क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और कोच के द्वारा क्रिकेट की निशुल्क कोचिंग दिलवाई जाएगी। ग्रीनपार्क के बाद पालिका स्टेडियम दूसरा ऐसा मैदान होगा जहां फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में डे-नाइट मैच हो सकेंगे। महापौर ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिये टीएसएच की तर्ज पर और ग्राउंड बनेंगे। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है। सीएम योगी से मिलकर बनाने की मांग करूंगी।



### जीर्णोद्धार में हुए यह काम

- क्रिकेट मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, पिकल बॉल कोर्ट, मल्टी-एक्टिविटी क्षेत्र,
- डे नाइट मैच के लिये मैदान में चार फ्लड लाइटें, स्पोटर्स अथारिटी आफ इंडिया और डायरेक्टरेट स्पोटर्स के मानकों के आधार पर मैदान तैयार, आउटडोर स्टेडियम में 3 लान टेनिस सिंथेटिक कोर्ट, 3 नई क्रिकेट पिच, मूवेबल टेंपरेरी सिटिंग स्टैंड, फिट इंडियाजोन में ओपेन जिम और क्ले जॉगिंग ट्रैक भी बनाया गया है।


मुख्यमंत्री ने बेरोजगारों की मदद के लिए लोन के चेक बांटे। अमृत विचार

# नौकरी और व्यापार के लिए लोन दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कालेज मैदान में विद्यार्थियों को टैबलेट और युवाओं को रोजगार के लिए लाखों रुपये ऋण उपलब्ध कराया।

कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला में 1000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले। मंच से अभिषेक सिंह, सूरज पाल सिंह, रवि कुमार, मोनी देवी, स्वामी वर्मा को नियुक्ति पत्र बांटे गए। 8087 युवाओं को टैबलेट वितरण किया गया। मुदिता मिश्रा, आकाश कुमार पटेल, अंजलि भारतीय , नरेन्द्र प्रताप सिंह, उत्कर्ष सिंह, पंकज सोनकर, सक्षम सिंह राजावत, आसमा बानो, महक दुबे, आरूषी गौतम को मुख्यमंत्री ने मंच से टैबलेट प्रदान किया। 5027 लाभार्थियों को रोजगार के लिए 191 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। अमर नाथ रावत को 80.83 लाख, पप्पी सचान को 4 करोड़ 47 लाख, रविन्द्र पाल सिंह को 1 करोड़, पारूल पटेल को 9 लाख, सीमा द्विवेदी को 2 लाख की चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 50 लाख युवाओं को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जिला एक उत्पाद योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की तरफ आगे बढ़ रही है। रोजगार के लिए ऋण पाने वाले अमर नाथ रावत व पारूल पटेल ने बताया कि मेहनत कर कारोबार को आगे बढ़ाना है, सीमा द्विवेदी व पप्पी सचान ने कहा कि सरकार का दिया ऋण जल्दी अदा करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करनी है।


टैबलेट पाकर युवा उत्साहित दिखे। अमृत विचार

**1000** से अधिक युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**5027** लाभार्थियों को व्यापार के लिए मिला 191 करोड़ का ऋण

**8087** छात्र और छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए

### छठ पूजा पर छुट्टी की मांग

**कानपुर।** केंद्रीय छठ पूजा समिति ने मुख्यमंत्री से छठ पर्व पर अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। केंद्रीय छठ पूजा कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के चलते मंच तक नहीं पहुंच सके। इस पर उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में फैजुद्दीन, छोटे लाल, प्रभात पाल, अमित यादव, रमाकांत, मनोज, राजेश मिश्रा, अजीत शुक्ला, राकेश झा रहे।

# टैबलेट का धन्यवाद पर नौकरी मिले तो बने बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय इंटर कालेज मैदान में आए युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हर क्षेत्र में अवसर तलाशें। नौकरी के साथ व्यापार का भी रुख करें। कारोबार चलाने व बढ़ाने में सरकार आपके साथ है।

कार्यक्रम में 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन बांटे गए। इस पर खुशी जताते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि योजना का लाभ मिला, मुख्यमंत्री को धन्यवाद। पढ़ाई के बाद रोजगार मिले, इसका भी सरकार को ध्यान रखना चाहिए।

### हिंदुओं पर दर्ज मुकदमे वापस लें

- **कानपुर।** रावतपुर में राम नवमी उत्सव के दौरान हिंदुओं पर हमला हुआ था और दर्शन पुरवा में वर्ष 2015 में मोहर्रम के जुलूस में शामिल लोगों ने देवी प्रतिमा का अपमान किया था। इन दोनों घटनाओं के समय प्रदेश में सपा की सरकार होने के कारण कई हिंदुओं के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज किए गए थे। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर उत्पीड़न के ऐसे सभी मुकदमे वापस लेने की मांग की।


मुख्यमंत्री ने युवाओं को टैबलेट बांटे। अमृत विचार

**योगी की पाठशाला** सीसामऊ उपचुनाव के मद्देनजर मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, मोर्चा प्रमुखों से किया संवाद

# सवाल : अयोध्या में हम क्यों हार गए महाराज जी !

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मर्चेंट चैंबर हाल में भाजपा संगठन की बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान जीत का मंत्र बताते हुए अयोध्या में चुनाव प्रचार की कहानी सुनाई, तो भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय गौड़ ने सवाल पूछ लिया कि 'महाराज जी फिर हम अयोध्या क्यों हार गए'? उनके इस सवाल पर एकबारगी हॉल में सन्नाटा छा गया। मुख्यमंत्री कुछ असहज हो गए फिर बाद में उत्तर देने के लिए कहा। आनन-फानन भाजपा नेताओं ने विजय गौड़ को चुप कराकर बैठा दिया।



मर्चेंट चैंबर हॉल में भाजपा संगठन नेताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मर्चेंट चैंबर हॉल में सीसामऊ उप चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों, मोर्चा अध्यक्षों और पार्षदों से मुख्यमंत्री ने सीधा संवाद किया। सबसे पहले उन्होंने तीनों मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना (कौशलपुरी), गौरव पांडेय (रायपुरवा), करन यादव (चुन्नीगंज) से पूछा कि सभी बूथों पर पद भरे हैं या नहीं। मंडल अध्यक्षों ने बताया कि सीसामऊ में 182 बूथ ए-क्लास, 24 बूथ बी-क्लास और 69 बूथ सी-क्लास हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता की बात नहीं है। सीसामऊ में 60 प्रतिशत हिंदू हैं, हम तो 46 प्रतिशत वाली रामपुर सीट जीतकर आए हैं। वहां सरकार की योजनाओं से मुस्लिमों को जोड़ा और उन्होंने भाजपा को जिताया। योगी ने कहा कि बिना भेदभाव सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को दिलाया जाए। उन्होंने 7 मोर्चा और 22 प्रकोष्ठ अध्यक्ष तथा संयोजकों से एक-एक कर संवाद किया। महिला मोर्चा अध्यक्ष से कहा कि आप देश की आधी आबादी हैं, मंच पर भी आपकी संख्या आधी होनी चाहिए। युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा से बोले, एबीवीपी के साथ मिलकर चुनाव की तैयारी करें। पार्षद पवन गुप्ता ने पत्र देकर नगर निगम में भ्रष्टाचार की शिकायत की। बैठक की अध्यक्षता कानपुर बुंदेलखंड खंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की।

### पेट निकला है, लगता नहीं मेहनत करते हो

- एससी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष राकेश सोनकर से मुख्यमंत्री ने पूछा कि मोर्चे में सभी पद भरे हैं कि नहीं। इस पर राकेश बोले, हम क्षेत्र में खूब मेहनत कर रहे हैं, घर-घर जा रहे हैं। लेकिन उनका पेट अधिक निकला देखकर मुख्यमंत्री ने मजाकिया शैली में कहा 'देखकर नहीं लगता कि क्षेत्र में बहुत मेहनत करते हैं'।

# गंगा में गोताखोरों ने की डीवीआर की तलाश

## 50 हजार के इनामी संदीप को लेकर पुलिस पहुंची सरसैया घाट





पुलिस की हिरासत में संदीप शुक्ला।

● नजूल की जमीन पर अवनीश के साथ किया था कब्जे का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पॉश इलाके सिविल लाइंस में मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कंपाउंड पर नजूल की 1000 करोड़ की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में शामिल 50 हजार के इनामी संदीप शुक्ला उर्फ बउवन को कोतवाली पुलिस ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि प्रेस क्लब के पूर्व अवनीश दीक्षित ने घटनास्थल के डीवीआर को गंगा में फिंकवा दिया था। जिसके बाद पुलिस उसे लेकर सरसैया घाट ले पहुंची और गोताखोरों की टीम से गंगा में एक घंटे तक तलाश कराई गई। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

28 जुलाई 2024 को मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कंपाउंड में कब्जे के प्रयास में पुलिस ने लेखपाल विपिन कुमार और सैमुएल गुरुदेव सिंह की तहरीर पर दो मुकदमे दर्ज किए थे। दोनों मुकदमों में जूही परमपुरवा निवासी संदीप शुक्ला वांछित था। इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम ने संदीप शुक्ला को बुधवार देर रात कचहरी के पास से गिरफ्तार कर लिया था। संदीप ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे जमीन के बारे में वकील से पता चला था। वह टिंबर का काम करता है मगर रियल स्टेट में इतनी बड़ी जमीन देखकर वह लालच में फंस गया। उसने मैरी एंड मेरीमैन स्कूल कंपाउंड के लोगों से संपर्क किया तो पता चला कि हरेन्द्र मसीह इसका सर्वे सर्वा है। उसके बाद मास्टरमाइंड वकील, जितेश झा और वह समेत तीन अन्य लोग झांसी में हरेन्द्र मसीह से मिलने पहुंचे थे। संदीप ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने कंपनी 6.15 लाख रुपये निवेश किए थे। पुलिस ने उससे जमीन से संबंधित कई सवाल किए। अवनीश दीक्षित से उसके संबंध पूछे। इसके बाद अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी ली।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी के पास से एक वैन्यू कार बरामद की है। उनका कहना था कि आरोपी ने घटना के दौरान इसी कार का इस्तेमाल किया था। इसे सीज किया गया है।

# वसूली करने में मो. रियाज और दिवस पांडे गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मोहम्मद रियाज।


दिवस पांडे।

**अमृत विचार।** कर्नलगंज पुलिस ने कमलेश फाइटर के साथी मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर कर्नलगंज रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि चमनगंज निवासी मोहम्मद रियाज रिजवी ने बताया है कि वह कमलेश को मुस्लिम क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की जानकारी देता था। कमलेश वहां पहुंचकर शिकायत करने और खबर चलाकर कार्रवाई करने की धमकी देकर रुपये वसूलता था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मोहम्मद सलीम ने वसूली का आरोप लगाते हुए कमलेश फाइटर, अनीस के अलावा दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच में रियाज का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने बुधवार देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह केडीए की दलाली करता है। उस पर कब्जे की भी एक शिकायत है।

दूसरी ओर वसूली के आरोप में प्रेसक्लब कार्यकारिणी सदस्य दिवस पांडे को बर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दिवस समेत तीन के खिलाफ मोटर मालिक गौरव सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी कि वह डीसीएम में पशु लादकर उन्नाव ले जाते हैं। पत्रकार दिवस पांडेय, सत्यम गोस्वामी, अभिषेक शर्मा युवा उनको धमकाकर एक लाख रुपये की वसूली कर चुके हैं।

## बिल में गड़बड़ी पर कंपनी का ठेका निरस्त

**कानपुर।** केस्को का सिस्टम अपडेट होने के बाद से हजारों की संख्या में उपभोक्ताओं को बिल से संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केस्को के हेल्पलाइन नंबरों से लेकर मुख्यालय तक में सैकड़ों की संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंच रहे थे। केस्को ने अचानक से बिल में आ रही गड़बड़ी की शिकायतों की गहनता से जांच कराई। जांच में पता चला कि टीडीएस कंपनी ने केस्को का बिलिंग सिस्टम अपडेट होने पर कनेक्शन लगने की तारीख से बिल जोड़कर बिलिंग की। वहीं, उनके कंपनी के रीडर घर में बैठकर अनुमानित बिल बना रहे थे, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी होने पर केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने मई में बिलिंग का काम संभालने वाली टीडीएस कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया है। साथ ही 22 लाख रुपये की पेनाल्टी भी लगाई। अब बिलिंग के लिए नई कंपनी केएनडी को टेंडर दिया गया है।

# हत्या के प्रयास में दोषी को चार साल कैद

● एडीजे-8 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 25 हजार जुर्माना

**कानपुर।** व्यापार में लेनदेन के विवाद में साथी की गोली मार कर हत्या करने के प्रयास में एडीजे-8 की कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 4 साल कैद की सजा सुनाई। पीड़ित के पिता ने महाराजपुर थाने में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज कराया था।

जगदीश नारायण अवस्थी के मुताबिक उनका बेटा धीरेंद्र कुमार अवस्थी महाराजपुर थानाक्षेत्र के नयाखेड़ा, नागापुर निवासी आशुतोष चक्रवर्ती के साथ गल्ले का व्यापार करता था। जिस कारण उसका लेनदेन आशुतोष चक्रवर्ती से चल रहा था, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद भी चल रहा था। 30 अगस्त 2020 को आशुतोष ने बेटे को हिसाब के लिए सरसौल स्थित प्राथमिक विद्यालय बुलाया, जहां विवाद के दौरान आशुतोष ने बेटे के पेट में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

जगदीश ने आरोपी के खिलाफ महाराजपुर थाने में हत्या का प्रयास व आयुध अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे-8 रामअवतार प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 4 साल की कैद व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### दो ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के परदेवनपुरवा में गुरुवार को महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने जांच की। चकेरी चौकी प्रभारी आदेश कुमार यादव ने बताया कि परदेवनपुरवा निवासी संतोष कुमार की 42 वर्षीय पत्नी पूजा ने गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब संतोष वापस घर आये तो उन्हें पूजा का शव कमरे में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेन्सिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। चौकी प्रभारी ने बताया कि महिला की आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इसी प्रकार कल्याणपुर थानाक्षेत्र में अंबेडकरपुरम निवासी 35 वर्षीय विक्रम सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

### पनकी में तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** पनकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगागंज भाग तीन निवासी सूरज मिश्रा को मन्नीपुरवा रेलवे ट्रैक के पास से धर दबोचा। शातिर सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट प्लांट से लोहे के उपकरण चोरी करने की फिराक में था। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा बरामद किया है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक पर कई मामले दर्ज हैं।

### चलती बाइक में लगी आग, पिता-पुत्र कूदे

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में गुरुवार शाम रामादेवी में अचानक चलती बाइक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बाइक सवार पिता–पुत्र ने बाइक से कूद अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से आग को बुझाया। बाइक आग से जलकर खाक हो गई। रामादेवी चौकी प्रभारी विनीत त्यागी ने बताया कि चकेरी के विमानपुरी निवासी उत्कर्ष गौतम अपने पिता के साथ बाइक से यशोदा नगर की तरफ जाने के लिए निकले थे। एचएएल स्थित सब्जी मंडी के पास रैंप में चढ़ते ही अचानक शॉर्ट सर्किट से बाइक में आग लग गई। उत्कर्ष ने तुरंत बाइक रोक दी और पिता के साथ बाइक से उतर गए।

### ज्वेलर्स शॉप में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** पनकी में 20 दिन पहले ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़ चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है। पनकी के शताब्दी नगर निवासी अनुज तिवारी बांके बिहारी के नाम से घर के नीचे ज्वैलरी शॉप चलाते हैं। आठ अगस्त की रात चोर दुकान का शटर काटकर लगभग दो किलो चांदी के आभूषण समेत दो लाख रुपये कीमत का माल पार कर ले गए थे। गुरुवार को पनकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रतनपुर कॉलोनी निवासी सुमित कुमार को कांशीराम चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है।

# ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, चाचा-भतीजे की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हादसे की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार


राजू चौधरी।


कमलेश कुमार।

● रावतपुर में हुआ हादसा, दो अन्य गंभीर घायल

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने जीटी रोड पर सवारी बैठा रहे ऑटो में भीषण टक्कर मार दी। हादसे में चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो में टक्कर लगने से उसमें बैठा युवक और चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

लाल बंगला हजेंदर नगर निवासी 38 वर्षीय राजू चौधरी दोहा कतर में प्राइवेट नौकरी करता था। वह मंगलवार को बीघापुर निवासी 40 वर्षीय फोटोग्राफर चाचा कमलेश कुमार के साथ बरेली मनौवा स्थित खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने गया था। दोनों रात ढाई बजे दर्शन करके रावतपुर बस अड्डे पर बस से उतरे। इसके बाद घर जाने के लिए सवारी का इंतजार करने लगे। इसी दौरान जीटी रोड पर एक ऑटो आकर रुका। वह दाईं ओर से ऑटो में चढ़ने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में बैठने जा रहे भतीजा राजू चौधरी और चाचा कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ऑटो में सवारी के रूप में बैठे बर्रा निवासी 27 वर्षीय अवनीश शुक्ला और चालक की रीढ़ की हड्डी टूट गई। इस संबंध में स्वरूपनगर इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 3 महीने पहले छुट्टी पर आया था राजू

राजू के बड़े भाई अर्जुन ने बताया वह तीन महीने पहले छुट्टी पर लौटा था। अगले माह उसे दोहा लौटना था। उसके परिवार में पत्नी अंजना, मां फूलमती और बेटे प्रांजल का है। वहीं कमलेश फोटोग्राफी करके परिवार को पाल रहा था। मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा है।

# गंगा में पूर्व विधायक के दामाद की तलाश, नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पुलिस को गंगा में डूबने की आशंका है

**अमृत विचार।** जालौन के कोंच से पूर्व विधायक के लापता दामाद का पांचवें दिन भी कुछ सुराग नहीं लग सका है। सीसीटीवी में वह भैरोघाट पर सीढ़ियां उतरते हुए गंगा नदी की तरफ जाते दिखे हैं। नवाबगंज पुलिस ने गंगा में डूबने की आशंका के चलते फतेहपुर बॉर्डर तक पीएसी टीम के साथ नदी में कांबिंग की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा के दामाद सत्येंद्र कुमार 24 अगस्त से लापता हैं। नवाबगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज है। गुमशुदा सतेंद्र के सिकंदरा निवासी भाई मनोज कुमार के अनुसार 24 अगस्त की सुबह 7.35 बजे नवाबगंज सिग्नेचर सिटी स्थित आवास से स्कूटी लेकर निकल गए थे और तबसे वापस नहीं लौटे। मोबाइल बंद जाने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पर्स और मोबाइल कमरे में मिला। मंगलवार को उनकी स्कूटी भैरोघाट के पास खड़ी मिली।

नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया सतेंद्र ने सुबह 8 बजे करीब भैरोघाट पर चाय की दुकान के पास स्कूटी खड़ी की और कैमरे में सीढ़ियां उतरते दिख रहे हैं। यह सीढ़ियां गंगा की तरफ जाती हैं। उन्हें दोबारा लौटते नहीं देखा गया। गंगा में डूबने की आशंका के चलते फतेहपुर बॉर्डर तक पीएसी की फ्लड टीम के साथ स्टीमर से उनकी खोज की।


पुलिस हिरासत में लुटेरे विशाल और अनस। अमृत विचार

## मुठभेड़ में पकड़े गए लुटेरों को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्याम नगर में न्योरा गांव के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए डकैती और लूटपाट करने वाले दोनों अंतरराज्यीय लुटेरों को शुक्रवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने पास से दो तमंचे, कारतूस समेत 7 हजार रुपये बरामद किए।

चकेरी थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीएसी मोड़ पर चेकिंग के दौरान बिना नंबर की स्कूटी से दो संदिग्धों के जाने की सूचना मिली थी। इस पर उनका पीछा किया गया तो दोनों न्योरा गांव के पास जाते दिखे। गोकुल तिराहे के पास संदिग्धों की स्कूटी फिसल कर गिरी, जिस पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दो युवकों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें दबोच लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हरियाणा के अंबाला हमीदपुर नारायणगढ़ निवासी विशाल शर्मा और उन्नाव जनपद के पुरवा निवासी अनस बताया। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि विशाल शर्मा पर लखनऊ के साथ ही चकेरी, महाराजपुर समेत अन्य थानों में 21 जबकि अनस पर चकेरी और महराजपुर थाने में 6 मुकदमे दर्ज हैं।

## बंद मकान से नकदी व जेवरात चोरी

**कानपुर।** चकेरी के मंगला विहार सेकेंड में बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर लिए गए। घटना के दौरान परिवार रक्षाबंधन पर गांव गया था।

मंगला विहार सेकेंड निवासी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि वह एल्युमीनियम के दरवाजे आदि के साथ प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। वह रक्षाबंधन त्योहार पर 17 अगस्त की शाम करीब 5 बजे अपने मकान में ताला लगाकर परिवार समेत कालपी स्थित अपने पैतृक घर चले गए थे। इसके बाद 20 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी रवि श्रीवास्तव ने गेट का ताला खुला होने की जानकारी दी। इस पर वह परिवार समेत घर वापस लौटे। देखा कि घर में सभी ताले तोड़ कर एक लाख 35 हजार रुपये नकद और सोने की अंगूठी, टॉप्स का जोड़ा चोरी हो चुका था। करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि दो चोर घर के सामने लगे सीसीटीवी में कैद हुए हैं।

# ससुरालियों ने बंधक बनाकर पीटा तो युवक ट्रेन से कटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गोविंदपुरी स्टेशन के पास ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या की

● भाई को फोन कर बोला, अब तुम्हें लेना होगा बदला

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने ससुरालीजनों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर गोविंदपुरी स्टेशन के पास ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी। परिजनों का आरोप था कि ससुराल वालों ने युवक को बाथरूम में बंधक बनाकर जमकर मारापीटा जिससे क्षुब्ध होकर उसने भाई को फोन कर कहा कि अब सब खत्म, तुम्हें बदला लेना होगा और फिर ट्रेन से कटकर जान दे दी। जीआरपी ने मामले की जांच की। उनका कहना है कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गुजैनी के मोहन धाम का रहने वाला 33 वर्षीय हिमांशु निगम दवा का काम करता था। उसके भाई प्रकांशु ने बताया कि हिमांशु की पहली पत्नी का कैंसर से निधन हो चुका था। जिससे उसे एक बेटा आर्यन है। तीन वर्ष पहले उसने नौबस्ता बंबा निवासी सोनी से शादी कर ली थी। मां ममता निगम और भाई प्रकांशु ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से पत्नी हिमांशु को काफी प्रताड़ित कर रही थी। आरोप लगाया कि ससुरालीजन भी उसे मारते पीटते थे। मां और भाई का आरोप था कि चार दिन पहले वह नौबस्ता ससुराल गया था जहां उसे बाथरूम में बंधकर बनाकर जमकर मारापीटा गया। जिससे उसे चोटें भी आ गईं। हिमांशु ने प्रकांशु को फोन किया और घटना की जानकारी दी। प्रकांशु ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने पहुंच कर ससुराल में बंधक बनाए गए हिमांशु को छुड़ाया। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी का कहना है कि युवक ने सुसाइड किया है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 6 मिनट 52 सेकेंड का ऑडियो वायरल

घटना से पहले का एक ऑडियो पुलिस के हाथ लगा है। भाई प्रकांशु का कहना था कि 28 अगस्त को हिमांशु ने रुंधे गले से फोन किया और कहा कि वो लोग जीने नहीं दे रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया। बहुत मारापीटा है तुम्हें चुन चुनकर बदला लेना होगा। ये भी कहा कि अब हम मोबाइल स्विच ऑफ करने जा रहे है। बोला मैं गोविंदपुरी स्टेशन पर हूं, थोड़ी देर में ट्रेन आने वाली है। उसने कुछ भी गलत कदम उठाने के लिए मना किया। कुछ ही देर बाद एक ट्रेन की तेज आवाज आती है, इसके बाद हिमांशु की ओर से कोई भी रिस्पांस नहीं आता है। वह लोग अन्य रिश्तेदारों के साथ गोविंदपुरी स्टेशन के पास पहुंचे जहां हिमांशु का ट्रेन से कटा शव मिला।

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811




अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राजू कनौजीया दर्ज है। जबकि पहले मेरा नाम राजू था। मैंने अपना नाम राजू से बदलकर राजू कनौजीया रख लिया है। अब भविष्य में मुझे राजू कनौजीया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **राजू कनौजीया पुत्र बदलू, निवासी –ग्राम परशुरामपुर, पोस्ट– राजेपुर, तहसील– बांगरमऊ जिला उन्नाव**

**सूचना**
सूचित हो कि हम **कौशल किशोर पुत्र स्व0 रामलाल एवं श्रीमती सुषमा पत्नी कौशल किशोर निवासीगण ग्राम–मनोहरापुर (सुलसामऊ) पो0– सिसेंडी थाना व तह0 – मोहनलालगंज जिला– लखनऊ** मै तथा परिवार के अन्य बालिग सदस्यों ने सर्व सम्मति से अपने उक्त पुत्र मनीष कुमार को अपने घर में न रहने देने का फैसला लिया तथा उसे अपने घर से निकाल दिया है। आज दिनांक–28.08.2024 को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रुकशान अली पुत्र स्व0 अहमद अली, निवासी– ग्राम– पैकरामऊ कुर्सी रोड लखनऊ।** त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम रुकशान अली के स्थान पर मोहम्मद रुकशान हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में रुकशान अली दर्ज है जो की सत्य व सही है। भविष्य में मुझे रुकशान अली के नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD DILDAR ALI SYED S/o SYED MOHAMMED DILSHAD ALI नि0–KABIRA PUR,KANNAUJ-209728, UTTAR PRADESH से बदल कर SAIYAD DILDAR ALI S/O DILSHAD ALI कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 219316388 व 219314274 में मेरा नाम यमुना प्रसाद यादव पुत्र जगराम यादव अंकित है, जबकि आधार, बैंक व खतौनी में मेरा नाम सालिक राम यादव पुत्र जगराम यादव है। यमुना प्रसाद यादव व सालिक राम यादव एक ही व्यक्ति के नाम हैं। **निवासी–ग्राम–बकचाही करनीपुर, पोस्ट करनीपुर चंदापुर गोंडा।**

**सूचना**
मैं **फातिमा पत्नी मो.शफीक कुरैशी, निवासिनी– ग्राम– बनगवां (नियामतडीह) तहसील उतरौला, जनपद– बलरामपुर** की हूँ। मेरा छोटा पुत्र मो. इमरान मेरे कहने–सुनने से बाहर है। अतः मैं इसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इससे कोई लेनदेन करेगा या यह स्वयं कोई गलत कार्य करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसके लिए मैं व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–शपथनी –फातिमा**

**सूचना**
सूचित हो कि हमने 23 वर्ष पूर्व रावेन्द्र सिंह की पुत्री रूचि को अपने पास रखा था और उसको शिक्षित कराया। शैक्षिक प्रमाण पत्रों में रूचि पुत्री मान सिंह माता रमाकान्ती का अंकित कराया था और पुत्री की तरह उसका पालन पोषण किया क्योंकि हमारे कोई संतान नहीं थी। रूचि ने A.N.M. का प्रशिक्षण लिया। इसके पश्चात उसके अपराधी किस्म के लड़कों से संबंध हो जाने से वह अपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गई है। हमारे समझाने पर वह बात नहीं मानती है। ऐसी स्थिति में हमने अपनी सम्पत्ति, मकान, खेतिहर जमीन से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिया है। उसके किसी कृत्य से हमारा कोई लेना देना नहीं है। **मान सिंह यादव पुत्र स्व0 मेवाराम व रमाकान्ती पत्नी मान सिंह यादव, नि0–ग्राम– रसूलपुर, पो0– ऊँचा, थाना– गुरसहायगंज, जनपद– कन्नौज।**

तैयारी — 30 व 31 अगस्त को दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित होगी

# सिपाही भर्ती परीक्षा पर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 30 व 31 अगस्त को दूसरे चरण की उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके मद्देनजर दो दिन शहर की यातायात व्यवस्था में तब्दीली की जा रही है। परीक्षा के कारण 30 व 31 अगस्त को भारी वाहनों की नो एंट्री खुलने का समय रात 12 से सुबह 6 बजे तक किया गया है। परीक्षा की तिथि की रात से अगले दिन सुबह 6 बजे तक मेट्रो का कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा।

### वीएचपी ने अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था की

**कानपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने बताया की 30 से 31 अगस्त की दोपहर तक पुलिस भर्ती परीक्षा में आने वाले अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि फूलबाग स्थित बाल भवन, लाल बंगले स्थित खत्री धर्मशाला, पीरोड जवाहर नगर स्थित अंध विद्यालय और आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता स्थित नीलकंठ पैलेस गेस्ट हाउस में अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। विभाग मंत्री गौरांग ने बताया कि कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों के लिए विहिप और बजरंग दल द्वारा कैंप लगाया गया है। इसके साथ ही नगर के कई विद्यालयों के बाहर अभ्यर्थियों के जलपान का भी प्रबंध किया जाएगा।

### यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- रामादेवी चौराहा से टाटमिल, घंटाघर की ओर ऑटो, टेंपो नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन टाटमिल चौराहा से 300 मीटर पहले दाहिने साइड स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 की तरफ जा सकेंगे। स्टेशन रोड से वापस फेथफुलगंज, रेलबाजार थाना, यातयात भवन होते हुए रामादेवी वापस जा सकेंगे।



- किदवई नगर की ओर से टाटमिल, घंटाघर की ओर जाने वाले ऑटो, टेपों टाटमिल से बाएं मुड़कर कोपरगंज तिराहा होते हुए घंटाघर जा सकेंगे।
- सरसैया घाट से चेतना चौराहा की तरफ कोई भी वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन डीएवी तिराहा से मधुवन होते हुए या ग्रीनपार्क से एमजी कॉलेज परेड होते हुए जाएंगे।
- चेतना चौराहा से सरसैया घाट जाने वाले वाहन चेतना चौराहा से दाहिने मुड़ कर व्यायामशाला होते हुए दाहिने मेघदूत या बाएं सरसैया घाट होते हुए जाएंगे।
- मेघदूत आरबीआई से ई-रिक्शा, ऑटो, विक्रम सीधे बड़ा चौराहा की तरफ न जाकर आरबीआई से ही यूटर्न कर वापस कर दिए जाएंगे।
- परीक्षा से संबंधित वाहनों को छोड़कर सभी अधिवक्ताओं के वाहन जीएनके इंटर कॉलेज के मैदान में व सरसैया घाट चौराहा से सरसैया घाट की तरफ पार्क होंगे।
- बकरमंडी, ग्वालटोली चौराहा की ओर से एमजी कॉलेज, परेड होते हुए कोई भी बस बड़ा चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, उन्हें एमजी कॉजेज ग्रीनपार्क होते हुए जाना होगा।
- नरौना चौराहा, फूलबाग की तरफ से आने वाली बसें बड़ा चौराहा से चेतना चौराहा नहीं जा सकेंगी। ऐसी बसें परेड, एमजी कॉलेज, ग्रीनपार्क होते हुए जाएंगी।
- पनकी रोड आवास विकास नहर की ओर से आने वाले वाहन सीएनजी पंप से दाहिने मुड़ कर बगिया क्रॉसिंग होते हुए जाएंगे।
- गैस, पेट्रोल, डीजल, स्कूल बस आदि आवास विकास चौकी से दाहिने मुड़ कर आवास विकास बगिया क्रॉसिंग से जाएंगे।
- हमीरपुर से भारी व मध्यम वाहन घाटमपुर होते हुए कानपुर नगर की ओर आने वाले वाहन सजेती से धरमगधरपुर होते हुए गजनेर, मूसानगर होते हुए आएंगे।
- हमीरपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन घाटमपुर चौडगरा होते हुए जाएंगे।
- नौबस्ता से हमीरपुर की ओर जाने वाले वाहन नौबस्ता से किसान नगर, रायपुर कानपुर देहात से गजनेर होते हुए घाटमपुर हमीरपुर की ओर जाएंगे।

## 69 परीक्षा केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा आज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी सिपाही आरक्षी भर्ती परीक्षा 2023 शहर में 30 व 31 अगस्त को 02 पालियों मंक होगी। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए 69 केंद्र बने हैं। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के सेंट्रल जोन में सर्वाधिक 26 परीक्षा केन्द्र है। प्रत्येक पाली में 25,800 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अफसर तैनात किया गया है। सीसीटीवी से हर कमरा, गेट, मेन एन्ट्रेन्स की सघन मॉनिटरिंग होगी। अनुचित हरकत करने वालों को सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा। एडमिट कार्ड व आईडी कार्ड चेकिंग, मेटल डिटेक्टर, फ्रिस्किंग, जमा तलाशी व बायोमेट्रिक से अभ्यर्थी को गुज़रना होगा।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

34.2° अधिकतम तापमान | 25.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 48 | सूर्यास्त 06 : 30

**शहर में आज**

- **शोभा यात्रा** : कमेटी इंतजामिया धर्मशाला लाला गोकुल प्रसाद ट्रस्ट की ओर से शोभा यात्रा मनीराम बगिया मैदान से शाम 6 बजे।
- **ज्ञापन** : भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रेलवे गोदाम की समस्याओं पर स्टेशन निदेशक को ज्ञापन दोपहर 1 बजे।
- **प्रदर्शन** : बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में प्रदर्शन व ज्ञापन श्याम लाल गुप्त पार्षद प्रतिमा आश्रम रोड नर्वल दोपहर 12 बजे।

### मेजर ध्यानचंद को किया याद

**कानपुर।** स्व. मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक आशुतोष सत्यम झा ने किया और बच्चों को मेजर ध्यानचंद के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर मणिकांत सक्सेना, ओम प्रकाश सिंह, आर्ची गुप्ता, रेनू पांडे, विभा शुक्ला, सुशील शुक्ला, दिव्यम गुप्ता, विशाल यादव रहे।

# अब जीएसवीएसएस पीजीआई में ईआरसीपी सुविधा भी मिलेगी

## एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैन्क्रिएटोग्राफी से गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैन्क्रिएटोग्राफी (ईआरसीपी) की सुविधा उपलब्ध होने से पित्त की नली में दिक्कत, पथरी, पैंक्रियाज की समस्या और कैंसर समेत पेट में होने वाली जटिलताओं की जांच व इलाज आसानी से हो सकेगी। इन समस्याओं पर ओपन सर्जरी नहीं करनी पड़ेगी।

पीजीआई के गैस्ट्रोइंटोलॉजी विभाग में प्रतिमाह पेट में कैंसर की समस्या से ग्रस्त औसतन 15 से 20 और पथरी से पीड़ित 30 से 35 मरीज आते हैं। अभी पित्त की नली में समस्या के निदान, पथरी निकालने और कैंसर की रोकथाम के लिए ओपन सर्जरी की जाती है। जो मरीज ओपन सर्जरी नहीं कराना चाहते उन्हें लखनऊ या दिल्ली जाने की सलाह दी जाती है। लेकिन पीजीआई में अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैन्क्रिएटोग्राफी (ईआरसीपी) मशीन आने से छोटा सा चीरा लगाकर मरीजों की गंभीर समस्या का निदान किया जाएगा। इस विधि से बिना ऑपरेशन के पथरी भी निकाली जाती है।

**पित्त की नली में पथरी, कैंसर और पैंक्रियाज की जटिलता में उपयोगी:** गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.विनय कुमार ने बताया ईआरसीपी अत्याधुनिक विधि है, इसका लाभ उन मरीजों को अधिक मिलेगा जो पित्त की नली में पथरी, कैंसर, पित्त के बहाव में रुकावट की समस्या से पीड़ित हैं। पैंक्रियाज से संबंधित जटिल बीमारियों के इलाज में भी यह प्रक्रिया काफी उपयोगी है। इलाज की सुविधा गुरुवार से शुरू कर दी गई है।



एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैन्क्रिएटोग्राफी के दौरान मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

**2000 रुपये में मिलेगी सुविधा**

- एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियो पैन्क्रिएटोग्राफी विधि की सुविधा जिन निजी अस्पतालों में है, वहां इस विधि से जांच व इलाज कराने पर मरीज को 30 से 40 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं। लेकिन जीएसवीएम पीजीआई में यह सुविधा सिर्फ 2 हजार रुपये में उपलब्ध होगी।

**पेट में डाल सकते स्टंट भी**

- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष ने बताया कि ईआरसीपी डे-केयर सर्जरी की तरह ही है। कैंसर ग्रस्त मरीजों में पीलिया की रोकथाम के लिए ईआरसीपी की मदद से स्टंट भी डाल सकते हैं। कैंसर मरीज में जब तक पीलिया की रोकथाम नहीं होती है, तब तक कीमोथेरेपी मुश्किल होती है।

### ग्रीनपार्क-ए टीम ने जीता हॉकी का फाइनल मुकाबला

**कानपुर।** हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। खेल निदेशालय की ओर से ग्रीनपार्क व विभिन्न स्कूलों में खेल प्रतियोगिताएं हुईं। ग्रीनपार्क में जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता हुई। जिसमें 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। ग्रीनपार्क-ए टीम विजेता रही।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में 26 अगस्त से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में 10 टीमों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया।

पहला सेमीफाइनल मैच ग्रीनपार्क-बी व हलीम मुस्लिम इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें हलीम मुस्लिम इंटर कालेज टीम 4-1 से विजेता रही। हलीम मुस्लिम के खिलाड़ी अदनान ने 4 व ग्रीनपार्क-बी के वंश सविता ने 1 गोल किया। दूसरा सेमीफाइनल ग्रीनपार्क-ए व आदर्श विद्यालय टीम के बीच खेला गया, जिसमें ग्रीनपार्क-ए टीम 5-0 से विजयी रही। ग्रीनपार्क-ए के खिलाड़ी साहिल ने 2 व आदित्य, सौरभ, मोहित ने 1-1 गोल किए। फाइनल मुकाबला ग्रीनपार्क-ए व हलीम मुस्लिम कालेज के बीच खेला गया। ग्रीनपार्क-ए टीम 3-2 गोल कर विजयी रही।

# 24 घंटे में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में मौसम ने अचानक करवट ली है। गुरुवार को तेज धूप और उमस की वजह से अधिकतम पारे ने लगभग 5 डिग्री सेल्सियस का उछाल मार दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में इस तरह का बदलाव 'हीट अंबरैला' पनपने की वजह से हुआ है। उधर शहर के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई।

शहर में बुधवार को लगभग 44 मिमी बारिश से मौसम सुहाना हो गया था। ठीक दूसरे दिन गुरुवार को सुबह से ही धूप खिल गई। दोपहर तक नमी और धूप के असर से शहरवासी पसीना-पसीना हो गए। बुधवार को जहां अधिकतम पारा 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं गुरुवार को यह 34.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मौसम में तेजी से बन रहे 'हीट अंबरैला' का प्रभाव बादलों पर पड़ रहा है। यही वजह है कि शहर में बादल आने के बाद भी वे ज्यादा देर तक रुक नहीं पा रहे हैं। इस बार शहर के कुछ इलाकों में बारिश और उसी समय पर कुछ इलाकों में बिल्कुल बारिश का न होना सामान्य हो गया है। यह भी इसी ट्रेंड का नतीजा है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि फिलहाल 31 तक शहर में बूंदाबादी की संभावना है।

**बारिश से इकाइयां प्रभावित:** गुरुवार को पनकी क्षेत्र में तेज बारिश हुई। बारिश की वजह से औद्योगिक इकाइयों में जलभराव हो गया। जलभराव पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र मूरजानी ने बताया कि जलभराव की वजह से उद्यमियों की युनिट में रखा स्टॉक व अन्य सामान खराब हो गया है। औद्योगिक इलाकों में सड़क पर जलभराव की वजह से यूनिटों तक माल से भरे वाहनों को लाने व ले जाने में चालकों ने मना कर दिया।



एक फैक्ट्री में भरा पानी।

**पानी पीते रहें, वायरल से बचें**

मौसम में तेजी से बदलाव पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रो एसके गौतम ने बताया कि तेजी से मौसम में बदलाव का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इस तरह के वातावरण में खासतौर पर वायरस एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में बीमारी से बचने के लिए पानी का सेवन लाभकारी होता है। एसी या कूलर से तुरंत निकलकर धूप में जाने से बचाव करना चाहिए। बाहर के व तले भोजन से भी बचाव करना चाहिए।

# एनटीपीसी-आरएसपीएल में सुरक्षा टिप्स देगा श्रम संस्थान

**एक्सक्लूसिव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी फैक्ट्री और कंपनी में अधिकारियों व कर्मचारियों की सुरक्षा बहुत मायने रखती है और इसके साथ ही किसी भी प्रकार का कोई हादसा होता है तो तत्काल इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधा और प्रशिक्षित डॉक्टर का होना जरूरी होता है। इस संबंध में क्षेत्रीय श्रम संस्थान के अधिकारियों के साथ एनटीपीसी ऊंचाहार और आरएसपीएल के बीच एक ओएमयू साइन हुआ है।

सर्वोदय नगर में क्षेत्रीय श्रम संस्थान है, यहां पर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों से छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। संस्थान में सेफ्टी एंड हेल्थ से संबंधित कोर्स संचालित है।

नियामानुसार किसी भी फैक्ट्री या कंपनी में सेफ्टी एंड हेल्थ ऑफिसर की तैनाती अनिवार्य है। सेफ्टी एंड हेल्थ के संबंध में आरएसपीएल ने अगस्त माह में क्षेत्रीय श्रम संस्थान के साथ एक एमओयू साइन किया है। वहीं, इसी साल फरवरी माह में ऊंचाहार एनटीपीसी के अधिकारियों और संस्थान के बीच भी एमओयू साइन हुआ है। क्षेत्रीय श्रम संस्थान के निदेशक (सुरक्षा) देव कुमार सक्सेना ने बताया कि निजी कंपनी के साथ पहली बार एमओयू साइन किया गया है।



समझौता करते क्षेत्रीय श्रम संस्थान के निदेशक (सुरक्षा) देव कुमार सक्सेना और आरएसपीएल समूह के महाप्रबंधक शेखर काटे व अन्य।

**संस्थान कंपनी के प्रतिनिधि व वर्कर को देगा प्रशिक्षण**

- सक्सेना ने बताया कि संस्थान के सदस्य कंपनी या संबंधित फैक्ट्री में जाकर सुरक्षा के संबंध में सर्वे करती है, उसके बाद रिस्क एसिसमेंट, सेफ्टी ऑडिट, प्रशिक्षण आदि पर रिपोर्ट तैयार की जाती है। संस्थान के अधिकारी कंपनी के प्रतिनिधि, अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही चिकित्सा के संबंध में भी जानकारी दी जाती है।

# कलयुग में अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएम विश्वविद्यालय में इस्कॉन की ओर से संचालित गीता यूथ सोसायटी फॉर ट्रांसफॉरमेशन ने गुरुवार को जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित किया। यूआईईटी के लेक्चर हॉल में हुए महोत्सव में 600 से भी अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रभु कृष्ण के प्रबंधन से अवगत कराया। इस्कॉन के भक्त और आईआईएम इंदौर के प्रो. शेखर शुक्ला ने कृष्ण के लाइफ मैनेजमेंट की शिक्षा के महत्व को समझाया।

कहा कलियुग में अच्छाई और बुराई दोनों एक ही व्यक्ति में है। इसलिए लड़ाई हमे अपने से ही करनी है। इसलिए मंदिर और मंत्र हमें अपने मन पर विजय प्राप्त करने में सहायता करते हैं। हरे कृष्ण मंत्र कर रोजाना जप और कीर्तन हमे अपने मन पर विजय प्राप्त करने में सहायता करता है। कार्यक्रम में इस्कॉन के विभिन्न रॉक बैंड्स की ओर से मंत्र-रॉक, भजन एवं विश्वविद्यालय के तरंग बैंड के द्वारा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. विनय पाठक, प्रो. शेखर। अमृत विचार

### आईआईटी में खुला शोध केंद्र

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में देश के पहले सोलर मानवरहित वायु वाहन (यूएवी) को एडवांस बनाने के लिए शोध केंद्र खुल गया है। आईआईटी परिसर में संचालित स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में इंक्यूबेटेड मराल यूएवी कंपनी कंपनी ने 12 किलो वजन और 18 घंटे तक सौर ऊर्जा से 200 किमी उड़ान भरने की क्षमता वाले वाले दो मराल ड्रोन बनाए हैं। ये ड्रोन पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा। ये सेना के लिए काफी फायदेमंद होगा। यहां पर शोध के साथ प्रोटोटाइप व निर्माण कार्य को गति दी जाएगी।

**बोले सोनिहाल सतश्री अकाल गूंजा, राकेश सचान ने टेका माथा**

# सिख श्रद्धालुओं का जत्था लेकर आई स्पेशल ट्रेन, गूंजे जयकारे

**वाहे गुरु**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिख समाज के श्री पांच तख्त साहिब के दर्शन कराने के लिए जा रही स्पेशल ट्रेन 1900 श्रद्धालुओं के साथ पंज प्यारे, श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के साथ गुरुवार दोपहर करीब 1:10 मिनट पर गोविंदपुरी स्टेशन पहुंची। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और राज्यमंत्री अजीत पाल ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। इस दौरान जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उदघोष से गोविंदपुरी स्टेशन गुंजायमान हो उठा। स्वागत में शामिल हुए करीब 2 हजार लोगों ने पंज प्यारों और गुरु साहिब के घोड़े के दर्शन किए।

पांच तख्त साहिब दर्शन कराने के लिए 19 कोचों के साथ निकाली गई स्पेशल ट्रेन गुरुवार को श्रद्धालुओं के साथ गोविंदपुरी स्टेशन पहुंची। ये विशेष यात्रा गुरुद्वारा शहीद बाबा भूंजगसिंघजी चेरीटेबल ट्रस्ट नांदेड़ द्वारा निकाली गई है। पंचतख्त स्पेशल यात्रा ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही सिख समाज के अनेक जत्थे बंदियों द्वारा ट्रेन पर फूलों की वर्षा की गई। फूलों से सजी बोगी में सवार गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन, पंज प्यारों दर्शन व गुरु साहिब के घोड़ों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वाहे गुरु जी खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के उदघोष के साथ गोविंदपुरी स्टेशन भक्तिमय हो गया। इस दौरान प्लेटफार्म में संगत व कीर्तन हुआ। ट्रेन में सवार श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई थी। हर कोई सेवा देता दिखा। कोई सेब, केला तो कोई फ्रूट जूस, एनर्जी ड्रिंक तो कहीं पनीर, कालाजाम, मिठाई का लंगर चलाता दिखा। करीब 45 मिनट बाद गोविंदपुरी स्टेशन से विशेष ट्रेन को रवाना किया गया। ट्रेन की अगवानी से लेकर रवानगी तक एडीजी जीआरपी प्रकाश डी व डीआईजी जीआरपी राहुज राज समेत डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुरूचि शर्मा समेत कई थानों का फोर्स मौके पर रहा। इस मौके पर विशेष रूप से गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लॉर्ड ने राकेश सचान, श्री राम प्रचारक भवानी, अजीत पाल को सरोपा देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सरदार नीतू सिंह, नीतू सागरी, मनप्रीत सिंह, अशोक अरोड़ा, गुरदीप सागरी, राजेंद्र काके, गुरबख्श सिंह, नीना बहन जी, अमित कौर, सुरेंद्र कौर मौजूद रहे।



सेंट्रल स्टेशन पर हजारों संगत ने स्पेशल ट्रेन की अगवानी की। अमृत विचार



एमएसएमई मंत्री राकेश सचान सिख समाज के बीच पहुंचे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



नर्सिंग छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण। अमृत विचार

### रीजेंसी के छात्रों ने लिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में गुरुवार को ईएमआरआई ग्रीस हेल्थ सर्विसेज के सहयोग से यंग इंडियंस ने एक्सीडेंट फर्स्ट रिस्पॉन्डर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। ईएमएलसी के प्रमुख डॉ. दाउद हाशमी ने सड़क दुघर्टना, रक्तस्राव, फ्रेक्चर जैसे आपातकालीन विषयों और इनके जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा प्रबंधन, बैंडिंग, स्पिलंटिंग, एईडी और सीपीआर जैसे कौशल की बारीकी से जानकारी दी। जीएचएस-ईएमआरआई प्रशिक्षक रक्षित पंत और मुदित शुक्ला की देखरेख में व्यावहारिक सत्र हुआ। छात्रों को पट्टी बांधना सिखाया गया। सीपीआर ड्रिल के लिए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया।



प्रतियोगिता के विजेता बच्चे प्रमाणपत्र के साथ। अमृत विचार

### विराट खरे ने हासिल किया पहला स्थान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से गुरुवार को सेठ मोतीलाल खेड़िया सनातन धर्म इंटर कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत मंडलीय उप निरीक्षक संस्कृत पाठशाला दिनेश सिंह ने की। इस दौरान संस्कृत वाचन, संस्कृत गीत व संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के जरिए प्रतिभा की खोज की गई। इनमें विराट खरे ने पहला, आराध्या ने दूसरा व मुगांत राम त्रिपाठी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कृष्ण मुरारी पाण्डेय, उमानाथ पाण्डेय व विक्रम सहित अन्य अध्यापकों ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश मिश्रा की ओर से किया गया।

### उपचुनाव में पीडीए की भूमिका रहेगी अहम

**कानपुर।** सपा कार्यालय में गुरुवार शाम को सीसामऊ विधानसभा के दलित समाज के नेताओं, कार्यकर्ताओं व पीडीए टीम के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमे सीसामऊ में होने वाले उप चुनाव के संबंध में तैयारी की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि उपचुनाव में दलित समाज व पीडीए की भूमिका अहम होगी। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दलित बस्तियों में जाएगी और दलित समाज से सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए इस सीट को बचाने की अपील करेगी। क्योंकि सत्ता में बैठी भाजपा सरकार इस सीट को जीतने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाए है। भाजपा इस सीट को हथियाने के लिए साम दाम दंड भेद अपनाकर और सत्ता का दुरुपयोग करके कुछ भी कर गुजरने को तैयार है। कहा कि सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में दलित समाज और पीडीए की टीम अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

### आज कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**कानपुर।** उच्च न्यायालय के एक आदेश से नाराज अधिवक्ता शुक्रवार को कार्य से विरत रहेंगे। यह जानकारी गुरुवार को कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि यह विरोध पूरी तरह से शांतपूर्वक होगा। हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय प्रयागराज को सम्बोधित करते हुये जिला जज को दिया जाएगा।



पौधरोपण में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। अमृत विचार

### मां के नाम पौधे लगाए

**कानपुर।** कैंट स्थित सेंट मैरी कॉन्वेंट हाई स्कूल के सामने नानाराव पार्क पर्यावरण मित्र परिषद ने मां की स्मृति में पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के सामने सड़क किनारे डॉ.अनिल जैन, कुसुम जैन, संतोष जैन, रेखा जैन, अलका व महेंद्र ने मां विमला जैन पत्नी हुकुम चंद जैन की पुण्यतिथि पर पांच पौधे लगाए गए। चंदन राय गर्ग ने मां उमा गर्ग की स्मृति में दो पौधे लगाए। नीलम गुप्ता, मनोज अग्रवाल व पंकज शुक्ला ने दो-दो पौधे लगाए। एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया।



कृष्ण जन्मोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम हुए। अमृत विचार

### अरमापुर में रिदम ग्रुप ने दी प्रस्तुति

**कानपुर।** श्री विश्वनाथ पहलवान व्यायामशाला सेवा समिति अरमापुर स्टेट कानपुर की ओर से आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने शिरकत किया। प्रतियोगिता में रीदम ग्रुप की ओर से कृष्ण जीवन पर दी गई प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन धनंजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी उमाशंकर यादव, विनोद कुमार तिवारी, छबिलाल यादव, राजेश यादव, दीपक , रवि यादव, रविन्द्र यादव, कप्तान यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



शील्ड और पदकों के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

### सेठ आनंद राम जयपुरिया के खिलाड़िया ने जीते 11 पदक

**कानपुर।** लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सीआईएमसीई रीजनल बॉक्सिंग यूपी-उत्तराखंड प्रतियोगिता में सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल ने मुक्केबाजों ने छह स्वर्ण, चार रजत व एक कांस्य पदक सहित ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों में युनूस बिन वहाज, उमर अर्श, अभय प्रताप सिंह, अर्शलान इमरान, सिद्धि गुप्ता, राधिका खन्ना रहीं, जबकि हरगुन कौर, आयना लाहोटी, वैभव शर्मा, अर्थ सोनकर ने रजत व महिब कयूम ने कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्य शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्य मधुश्री भौमिक, गणेश तिवारी ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रशिक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी, खेल विभाग के अध्यक्ष सुशीलचंद्र आदि रहे।

## एक नजर

### आज मंधना के 5 फीडरों में नहीं रहेगी बिजली

**बिठूर।** विद्युत उपकेंद्र मंधना में पुराने बीसीबी पैनल बदलने की वजह से शुक्रवार को राहु माता फीडर, मंधना फीडर, कुरसौली फीडर, पचोर फीडर और रामगंगा फीडर के 110 से अधिक गांवों की विद्युत व्यवस्था बाधित रहेगी। यह जानकारी चौबेपुर उपखंड अधिकारी पीके चौरसिया ने दी। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य शुक्रवार सुबह 9 बजे से पहले ही निपटा लें और वैकल्पिक व्यवस्था कर लें।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के भदरस गांव निवासी मनीष ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गांव के बाहर मदिरा की दुकान में बैठा था, तभी गांव के विक्रम पुत्र पुत्तन, बुद्धि पुत्र रमेश, सर्वेश गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# अब हर बेसहारा को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचारः** गांव और शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के मापदंडों में कई अहम बदलाव किए गए हैं। अगले पांच साल के लिए बनाई गई कार्ययोजना के मुताबिक वर्ष 2018 के बाद आवास प्लस का सर्वे शुरू हो गया है। आवासों के लिए पात्रों का चयन करने में कई बदलाव किए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता में बदलाव किया गया है। इसकी पात्रता की दो शर्तों में बदलाव किया गया है। अब इसमें दो पहिया वाहन मालिक भी योजना का लाभ ले सकते हैं, लेकिन किसी भी एक अपात्रता की श्रेणी में आने पर उसका चयन रद किया जा सकता है। दूसरा, इसमें परिवार का कोई सदस्य यदि 15,000 रुपये प्रतिमाह कमा रहा है तो वह भी इस योजना के लिए पात्र होगा।

पिछले सर्वे में 10,000 रुपये प्रति माह कमाई वाले ही पात्र माने गए थे। इस तरह सरकार ने योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता शर्तों में छूट दी है। जनपद के दस विकास खण्डों में सर्वे का कार्य जल्द ही शुरू किया जाना है।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास के लिए सर्वे शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। ककवन खण्ड विकास अधिकारी शिव नरेश ने बताया कि सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों को आवास प्लस सूची में पात्रधारकों के नाम दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक गांव में अभियान चलाकर जरूरतमंदों को आवास से लाभान्वित किया जाएगा।

**योजना में बदलाव**

- प्रधानमंत्री आवास योजना में किए गए कई बदलाव
- अगले पांच साल के लिए बनाई गई कार्ययोजना
- सीडीओ ने सभी बीडीओ को सर्वे शुरू करने के दिए निर्देश




**इन लोगों को मिलेगा योजना का लाभ**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिन लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा, उसमें आश्रय विहीन परिवार, जनजातीय समूह के लोग, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर, बेसहारा लोग या भीख मांगकर अपना जीवन यापन करने वाले लोगों को शामिल किया जाएगा।

**इन्हें नहीं मिलेगा लाभ**

- जिन लोगों के पास तिपहिया या चौपहिया वाहन हैं, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
- जिस परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी है तो भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
- जिन परिवार के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक खेती योग्य भूमि है, उन्हें लाभ नहीं मिल सकेगा।
- यदि परिवार का कोई सदस्य इनकम टैक्स देता है तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
- जिन के पास पांच एकड़ या इससे ज्यादा असिंचित भूमि है, तो उसे भी लाभ नहीं दिया जाएगा।
- जिस परिवार में 50 हजार रुपये या अधिक केसीसी कार्डधारक हैं उसे भी लाभ नहीं दिया जाएगा।
- सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाले परिवार योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।
- कृषि उद्यम वाले परिवार को भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
- परिवार के सदस्य की आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह से अधिक है तो उसे लाभ नहीं मिलेगा।

# प्रॉपर्टी डीलर का तालाब में मिला हाथ पैर बंधा शव

- कानपुर देहात के भोगनीपुर में बुधवार को मिला शव

**कानपुर।** कानपुर देहात के भोगनीपुर गांव स्थित तालाब में बुधवार को युवक का हांथ पैर बंधा शव मिला। गुरुवार को परिजनों ने शव की शिनाख्त करते हुए बताया कि 25 अगस्त को प्रॉपर्टी के सम्बंध में सेन थानाक्षेत्र स्थित परसौली गांव गए थे, जिसके बाद से लापता थे। परिजनों ने लेनदेन के विवाद में गांव निवासी मां बेटों पर बंधक बना कर गायब कराने का आरोप लगा सेन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

सनिगवां देहली सुजानपुर निवासी जोया खातून ने बताया कि उनके पति मोहम्मद हुसैन उर्फ राजा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है। 25 अगस्त को राजा कारोबार के सम्बंध में परसौली गांव निवासी युवक से मिलने गए थे। आरोप है कि परसौली निवासी युवक से लेनदेन का पति से कुछ विवाद चल रहा था। शाम तक वापस न आने पर जोया ने फोन मिलाया, जो बंद बताता रहा। तलाशते हुए वह युवक के घर पहुचे तो उसने पति को किसान नगर तक छोड़ने की बात कही। आरोप है कि पति की बाइक युवक के घर के बाहर ही खड़ी थी। काफी खोजबीन के बाद भी पति की जानकारी न मिलने पर पीड़िता ने सेन पश्चिम पर थाने में 27 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कराई।

बुधवार को युवक का शव भोगनीपुर स्थित तालाब में हाथ पैर बंधा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने के लिए परिजनों को बुलाया था।

# काली मंदिर के कुएं में मजार की चादरें फेंकने पर हंगामा

## महाराजपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के मंदिर में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** महाराजपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में गुरुवार दोपहर मजार पर चढ़ी पुरानी चादरों को मंदिर के बगल में स्थित कुंए में फेंके जाने को लेकर हंगामा हो गया। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने चादर फेंकने आए जाजमऊ के तीन युवकों को दौड़ाकर दबोच लिया और पुलिस को सूचना देकर सुपुर्द कर दिया। तीनों युवकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाराजपुर थाना क्षेत्र का शेखपुर गांव कानपुर के जाजमऊ से सटा हुआ है। यहां गुरुवार दोपहर बाद ई-रिक्शा से तीन युवक मजार में चढ़ी पुरानी चादरों की गठरियों को लेकर पहुंचे और गांव में स्थित काली माता मंदिर के पास कुएं में फेंकने लगे। इसी बीच ग्रामीणों ने उन्हें कुएं में चांदरें फेंकते हुए देखा तो हो हल्ला मचाने लगा।

गांव वालों को अपनी ओर आता देखकर तीनों युवक भागने लगे। ग्रामीणों ने घेरेबंदी करके तीनों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। इस मामले की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह कार्यकर्ताओं को शांत किया। शेखपुर के मोनू निषाद ने तीनों युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। शेखपुर चौकी इंचार्ज अमित विक्रम त्रिपाठी ने कहा कि तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**तीन हिरासत में**

- ग्रामीणों ने दौड़ाकर तीन युवकों को धर दबोचा
- विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं का हंगामा
- तीनों युवकों के खिलाफ थाने में दी गई तहरीर



पकड़ी गईं मजार की चादरें। अमृत विचार

**पुलिस ने दिखाई सूझबूझ**

- शेखपुर के काली माता मंदिर के कुएं में मजार की चादरें फेंकने के मामले में पुलिस ने सूझबूझ दिखाई, जिसके चलते हंगामा बढ़ने के पहले ही शांत हो गया। अगर पुलिस फौरन सक्रिय नहीं होती तो मामला बढ़ जाता।

### गाली गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गौरी लक्खा गांव में गुरुवार दोपहर गाली गलौज का विरोध करने पर कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

गौरी लक्खा गांव निवासी लालजी वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के विभू तिवारी आदि उसके साथ आए दिन गालीगलौज करते हैं। गुरुवार दोपहर वह अपनी फसल की सिंचाई के लिए खेत पर ट्यूबवेल में बैठा था, तभी गांव के मयंक शुक्ला, हरिओम मिश्रा, रोहित तिवारी व विभू तिवारी ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे पीटा। मारपीट से उसके शरीर में गंभीर चोटें आईं। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा, जहां अधिक चोटें होने के कारण घायल को रेफर कर दिया।

# सजेती में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से किसान की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव में खेतों की रखवाली करने के बाद घर लौट रहे किसान को सड़क पार करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फौरन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव निवासी शिवाजी पुत्र राजू अपने खेतों की रखवाली कर बुधवार देर रात अपने घर वापस लौट रहा था, तभी हनुमान मंदिर के पास सड़क पार करते समय हमीरपुर की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे शिवाजी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सड़क हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने फौरन उसे घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में शिवाजी की मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है।

**रफ्तार की मार**

- सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव के पास हुआ हादसा
- खेतों की रखवाली कर देर शाम घर लौट रहा था किसान

**स्पीड ब्रेकर पर उछली बाइक, पत्नी की मौत, पति घायल**

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में घाटूखेड़ा बंबा के पास स्पीड ब्रेकर पर तेज रफ्तार बाइक उछलने से अनियंत्रित हो गई और फिसलकर काफी दूर तक घिसटती चली गई। इस हादसे में साढ़ थाना क्षेत्र के वीरनखेड़ा गांव के रहने वाले बाइक चालक वीरेंद्र सिंह के साथ उसकी पत्नी सुनीता (50) गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद लोगों ने घायल सुनीता और उसके पति वीरेंद्र को फौरन टौंस के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सुनीता की जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर सुनीता के परिवार वाले टौंस के प्राइवेट अस्पताल पहुंच गए और सुनीता के शव को अपने साथ ले गए। बताते हैं कि परिवार वालों ने पुलिस को बिना सूचना दिए सुनीते के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। स्पीड ब्रेकर पर हादसा होने की वजह से उन्होंने खुद की गलती मानी और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।



मंधना के महाराणा प्रताप कॉलेज में हंगामा करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं ने काटा हंगामा

**बिठूर।** मंधना के महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को आरोप लगातु हुए हंगामा काटा और कार्रवाई किए जाने की मांग की। शिक्षकों ने किसी तरह हंगामा कर रहे छात्र-छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कराया।

नर्सिंग कोर्स करने वाले छात्र -छात्राओं ने गुरुवार को परिसर में हंगामा करते हुए कहा कि छात्र हर वर्ष लाखों रुपये पढ़ाई के लिए फीस जमा करते हैं, इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि नर्सिंग की मान्यता न होने पर भी कोर्स कराया जा रहा है। महाराणा प्रताप विश्वविद्यालय के अंदर छात्राओं की ओर से लगभग आधे घंटे तक हंगामे के बाद पहुंचे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। कुछ छात्राओं का आरोप है कि नर्सिंग कोर्स पूरा किए जाने के बाद डिग्री नहीं दी जा रही है।

# गहरे तालाब में उतराता मिला महिला का शव

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के आराजीईशेपुर गांव में गुरुवार दोपहर बाद तालाब में एक महिला का शव उतराता मिला। महिला बुधवार को ही अपनी बेटी की ससुराल आई थी। गुरुवार सुबह घर से गायब होने पर उसकी खोजबीन चल रही थी।

हरदोई जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र के करेंहका चौगवां के रहने वाले बब्लू की पत्नी सोमवती बुधवार की रात आराजीईशेपुर गांव अपनी बेटी देवकी पत्नी मनोज कठेरिया की ससुराल आई थी। गुरुवार सुबह जब घर में बेटी देवकी सोकर जागी तो उसे मां सोमवती आसपास नहीं दिखी। काफी छानबीन करने के बाद घर के पास स्थित तालाब के किनारे कुछ वस्त्र दिखे, जिससे उसके तालाब में डूबने की आशंका हुई।

ग्रामीणों ने तालाब में घंटों उसकी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार की दोपहर 2:30 बजे शव तालाब में उतराता दिखा। लोगों ने तालाब से शव निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों को आशंका है कि महिला शौच के लिए गई होगी और पैर फिसलने से डूब गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

**फिसलने की आशंका**

- बुधवार को ही अपनी बेटी की ससुराल आई थी महिला
- सुबह से घर से गायब होने पर गांव में चल रही थी खोजबीन



सोमवती।




**कवायद शुरू** विधायक सरोज कुरील की पहल पर पर्यटन विभाग ने 3 करोड़ रुपये किए मंजूर

# घाटमपुर के तीन मंदिरों की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के तीन प्राचीन मंदिरों की जल्द ही तस्वीर बदलेगी। जी हां, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील की पहल पर पर्यटन विभाग ने 3 करोड़ रुपये का बजट मंजूर कर दिया है। इस बजट से तहसील क्षेत्र के तीनों धार्मिक स्थलों पर टीनशेड, इंटरलॉकिंग और बिजली की लाइटें लगाई जाएंगी।

विधायक सरोज कुरील ने बताया कि घाटमपुर तहसील क्षेत्र के भदरस गांव स्थित भद्रकाली मंदिर, बरीमैताइन गांव के बिहारी जी मंदिर और पिसनारी देवी मंदिर के सुंदरीकरण के लिए उन्होंने पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर बजट अवमुक्त करने की मांग की थी, जिसे पर्यटन विभाग ने स्वीकार कर तहसील क्षेत्र के तीनों प्राचीन मंदिरों के सुंदरीकरण के लिए 3 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है।

विधायक ने बताया कि मंदिर परिसर में एक बड़ा हाल बनाया जाएगा, ताकि यहां पर आने वाले साधु-संत आराम से रुक सकेंगे। तीनों प्राचीन मंदिरों में भीड़ होने की वजह से भक्तों को धूप में खड़े होकर लाइन में लगना पड़ता है। अब श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यहां पर टीनशेड लगवाया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में इंटर लॉकिंग के साथ सुंदरीकरण कराया जाएगा। मंदिर परिसर में वाटर कूलर, सोलर लाइट के साथ ही पौधरोपण भी किया जाएगा।



बरीमैताइन स्थित बिहारीजी का मंदिर। अमृत विचार



भदरस गांव में स्थित भद्रकाली मंदिर। अमृत विचार

- भदरस के भद्रकाली, पिसनारी मंदिर, बरीमैताइन के बिहारी जी मंदिर का होगा सुंदरीकरण

**मंदिरों में भक्तों को मिलेंगी खास सुविधाएं**



विधायक सरोज कुरील ने कहा कि 3 करोड़ रुपये से तीनों प्राचीन मंदिरों का सुंदरीकरण होने के बाद मंदिर आने वाले भक्तों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। इससे घाटमपुर तहसील क्षेत्र में स्थित तीनों प्राचीन मंदिरों की अलग पहचान बनेगी। यहां आने वाले भक्तों के बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी।

# दरोगा बनकर ज्वैलर्स के पास पहुंचा टप्पेबाज

संवाददाता, शिवली

- टप्पेबाजी में नाकाम होने पर धमकी देकर भाग निकला
- ज्वैलर्स ने दी तहरीर, जांच में जुटी शिवली पुलिस

**अमृत विचार।** ज्वैलर्स की दुकान में दरोगा बनकर पहुंचे टप्पेबाज ने ठगी करने का प्रयास किया। सफल नहीं होने पर दोबारा आने की धमकी देकर टप्पेबाज भाग निकला। ज्वैलर्स ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कानपुर नगर के कल्याणपुर के लवकुश पुरम के रहने वाले शशांक त्रिवेदी शिवली कस्बे में बस अड्डे के पास ज्वैलरी की दुकान किए हैं। 24 अगस्त की दोपहर शशांक के ससुर दुकान पर काम देख रहे थे, तभी एक युवक दुकान पर आया और बोला कि कल सोने का पैंडल देखा था, वह दे दो। जब उन्होंने दामाद से पूछने की बात कही तो युवक भड़क गया।

टप्पेबाज ने अपना परिचय शिवली कोतवाली में तैनात शर्मा दरोगा के रूप में दिया। ससुर के शशांक को फोन मिलाने पर युवक बाइक से निकल गया। ज्वैलर्स ने 28 अगस्त को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि समय पर सूचना नहीं मिल पाने से टप्पेबाज बच निकला। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पुलिया के ऊपर 3 फीट बह रहा पानी, बच्चों को कंधे पर बैठाकर पार कराई पुलिया

# यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा, डूब गई गांव की सड़क

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश से यमुना नदी फिर से उफनाने लगी है, जिससे लोगों को चिंता बढ़ गई है। जलस्तर बढ़ने से आढ़न पथार गांव जाने वाली पक्की सड़क डूब गई और पानी करीब तीन फीट ऊपर बह रहा है। जिससे गांव का मुगल रोड से संपर्क टूट गया। लोग जलभराव के बीच आवागमन कर रहे हैं।

यमुना नदी में जैसे जैसे पानी बढ़ रहा है। वैसे ही किसानों की धड़कनें बढ़ने लगी हैं। तलहटी क्षेत्र में बसे गांव के लोग बाढ़ को लेकर परेशान हैं। यमुना नदी के उफनाने से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। जिससे लोगों



सड़क डूबने पर बच्चों को गोद में लेकर जलभराव पार करते लोग।



सड़क में जलभराव के बीच आवागमन करते लोग। अमृत विचार

- यमुना का जलस्तर बढ़ने से मुगल रोड से टूटा संपर्क
- बाढ़ से आढ़न पथार गांव के लोगों की मुसीबत बढ़ी

को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यमुना नदी की बाढ़ से सेंगुर नदी भी उफान पर आ जाती है।

वहीं पथार आढ़न गांव के लिए जाने वाली पक्की सड़क पर बनी पुलिया बहुत ही नीचे बनी हुई है। इसकी वजह से शीघ्र ही पुलिया के ऊपर बाढ़ का पानी आ जाता है। बुधवार देर यमुना का जलस्तर बढ़ने से रात पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा। पक्की सड़क डूब जाने से आढ़न पथार गांव के लोगों का मुगल रोड से संपर्क टूट गया है।

पुलिया के ऊपर लगभग तीन फीट तक अधिक पानी बह रहा है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों व ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पथार गांव के वीरेंद्र सिंह, टिंकू, छोटे, सुरेश, बाबू आदि ने बताया कि नाव का साधन न होने से गुरुवार को स्कूल जाने वाले बच्चों को परिजनों ने कंधों में बैठा कर पार कराया। तब कहीं जाकर बच्चे स्कूल पहुंच सके।

> गुरुवार दोपहर 12 बजे तक यमुना नदी का जलस्तर 103 .20 मीटर पर था। जलस्तर बढ़ने की गति धीमी हो गई है। देर रात तक जलस्तर स्थिर हो सकता है।
>
> –सौरभ यादव, शिफ्ट प्रभारी केंद्रीय जल आयोग केंद्र कालपी

### मवेशियों के लिए चारे का संकट गहराया

क्योंटरा बांगर, पथार, मुसरिया, चपरघटा, नयापुरवा, नगीना बांगर, बम्हरौली घाट, देवराहट समेत अन्य गांव के लोगों का कहना है कि लगभग हर वर्ष बरसात में यमुना नदी में बाढ़ आने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। वहीं मवेशियों के लिए चारे का भीषण संकट उत्पन्न हो जाता है। फिलहाल अभी यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 03 .60 मीटर दूर है।

## रूरा थाना क्षेत्र के रामपुर-डगरहा के बीच हुआ हादसा, दुर्घटना में पति भी गंभीर घायल

# लोडर में फंसकर 300 मीटर घिसटी बाइक सवार महिला की थमीं सांसें



हादसे के बाद गड्ढे में घुसी बाइक। अमृत विचार



हादसे में महिला की मौत से गमगीन परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** बाइक से दवा लेने जा रहे दंपति को दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे महिला लोडर में फंसकर करीब 300 मीटर घिसटती चली गई और वहीं मौत हो गई। हादसे के बाद लोडर अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। हादसे में पति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल भेजा गया है।



सुनीता।

रूरा थाना क्षेत्र के जजमुईया गांव के रहने वाले अमित शर्मा अपनी पत्नी सुनीता (35) के साथ बुधवार की रात बाइक से दवा लेने बनीपारा जा रहे थे, तभी रामपुर व डगरहा गांव के पास पीछे से आए दूध लदे लोडर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहा अमित उछलकर दूर जा गिरा और पत्नी सुनीता लोडर में फंस गई। वह करीब 300 मीटर तक घिसटती चली गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- बाइक से दवा लेने बनीपारा जा रहे थे दंपति
- हादसे के बाद अनियंत्रित लोडर खड्ड में पलला

हादसे के बाद लोडर अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरा। हादसे में सुनीता की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुत्र अभिषेक, पुत्री रौनक, गोपी आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन की और घायल अमित को अस्पताल भेजा। दरोगा राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत शिनाख्त नहीं

**कानपुर देहात।** लालपुर गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन के खंभा नंबर 1304/1 के पास अप व डाउन लाइन के बीच गुरुवार को एक युवक की शव पड़ा मिला। संभावना जताई जा रही कि वह किसी ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी पुखरायां चौकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की।

युवक के पास पहचान की कोई वस्तु न मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 26 वर्ष है। वह हाफ ब्लैक टी-शर्ट व लोवर पहने हुए था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। पुलिस मृतक की फोटो शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों का सहारा ले रही है।

# हाईवे किनारे ठेलिया-ऑटो में घुसा ट्राला, 4 गंभीर घायल

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** कस्बा में हाईवे पर तेज रफ्तार डीसीएम चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे चल रहा ट्राला अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े फल के ठेले में घुस गया। हादसे में एक साइकिल, दो फल के ठेले व एक ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद एक घंटे तक हाईवे पर जाम रहा और लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।

रनियां पड़ाव पर हाईवे किनारे फल के ठेले और ऑटो खड़े रहते है। वहीं पर यात्री भी वाहनों का इंतजार करते है। रोजाना की तरह गुरुवार को हाईवे किनारे रनियां निवासी किशोर साहू व रहमद खान फल का ठेला लगाए हुए थे। उनके पास मालवर निवासी छुन्नु पाल की साइकिल व रनियां निवासी विजय यादव का ऑटो खड़ा था। आटो में रनियां के सूरज कुमार उननी पत्नी सुधा व अजीत रस्तोगी बैठे थे। जबकि सीढ़ीटारा निवासी कमला देवी सवारी वाहन का इंतजार कर रही थी।



हादसे के बाद हाईवे से ट्राला को क्रेन की मदद से हटवाती पुलिस। अमृत विचार

- डीसीएम चालक के अचानक ब्रेक लगाने से अनियंत्रित हुआ ट्राला, एक घंटे लगा रहा जाम

इसी दौरान कानपुर की ओर से आ रहे डीसीएम चालक ने रनियां पड़ाव पर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे चल रहा ट्राला फल के ठेलों, ऑटो में जा घुसा। घटना में ऑटो सवार तीन लोग व वाहन का इंतजार कर रही महिला घायल हो गई। जानकारी पर लोगों की भीड़ लग गई। हादसे के चलते कानपुर से इटावा जाने वाली लेन पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का निजी अस्पताल में इलाज कराया। इसके बाद हाईवे की क्रेन से ट्राला को सीधा कराकर किनारे खड़ा कराया। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे बाद जाम खुल सका। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि घटना में चार लोगों को मामूली चोट आई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बजट मिला, नहीं लगे शिक्षकों के फोटोफ्रेम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बीएसए ने फोटोफ्रेम न लगाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के फोटो व प्रोफाइल न लगा होने पर बीएसए ने चेतावनी देते हुए एक सप्ताह का समय दिया है। कहा है कि अगर एक सप्ताह के अंदर शिक्षकों ने अपने फोटो व अन्य जानकारियां चस्पा नहीं कीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

जिले में 1925 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत शिक्षामित्र, अनुदेशक आदि सभी का संपूर्ण विवरण चस्पा किया जाना है। खास बात यह है कि इस बार इसमें फोटो भी चस्पा किया जाएगा। उसके अलावा उनकी शैक्षिक योग्यता, आवंटित कक्षा, विषय का विवरण, मोबाइल नंबर आदि भी दर्ज होगा। इसके लिए हर विद्यालय को 150 रुपये की धनराशि प्रति शिक्षक दी गई है।

इसका उद्देश्य यह है कि अभिभावकों और जांच आदि के लिए आने वाले अधिकारियों को आसानी से पता चल जाएगा कि किस कक्षा को कौन शिक्षक पढ़ा रहे हैं। यानी बिना अनुमति कोई गायब भी नहीं रहेगा। शासन ने परिषदीय स्कूलों में फोटोफ्रेम लगाने के लिए साइज भी निर्धारित कर दिया है। स्कूलों में लगाए जाने वाले फोटोफ्रेम एक फुट चौड़ा और डेढ़ फुट लंबा होगा। इसमें अलग-अलग कक्षाओं के लिए तैनात अध्यापकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का पूरा डाटा दर्ज किया जाएगा।

स्कूलों में लगाए जाने वाले फोटोफ्रेम को लेकर यह स्पष्ट निर्देश हैं कि फोटोफ्रेम ऐसी जगह लगाएं जाएं। जहां पर वह बच्चों-अध्यापकों के अलावा निरीक्षण के समय आने वाले अधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से दिखाई दें। फोटोफ्रेम के मानकों की अनदेखी करने पर प्रधानाध्यापक और इंचार्ज प्रधानाध्यापक इसके जिम्मेदार होंगे। बीएसए अजय मिश्रा ने कहा कि फोटोफ्रेम न लगाने वाले स्कूलों को चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।

# भेड़ों की विच्छेदन रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

**शिवली।** कड़री गांव में बुधवार को शिवली-रूरा रोड पर तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर चालक ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया। जिससे 14 भेड़ों व एक बकरी की मौत हो गई। काशीपुर के पशु चिकित्सक डॉ. श्याम त्रिपाठी ने गुरुवार को पोस्टमार्टम किया। डॉक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को दी जाएगी।

दूसरी तरफ भेड़ पालक व ट्रैक्टर के मालिक की तरफ से मामला निपटाने के लिए कई लोगों के बीच बातचीत होती रही। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बीएमएम के खिलाफ जांच में खानापूरी की

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** झींझक ब्लॉक की महिला समूह सदस्यों ने ब्लॉक मिशन मैनेजर के खिलाफ बदसलूकी का आरोप लगाकर सीडीओ से शिकायत की थी। जिसपर डीसी की अध्यक्षता में जांच के निर्देश दिए गए, लेकिन समूह की सदस्यों का आरोप है कि जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

28 अगस्त को ब्लाक झींझक की समूह सखी सीमा सिंह, मिथलेश कुमार, रिंकी सहित अन्य महिलाओं ने सीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि झींझक विकासखंड में वर्तमान में रवि यादव व नीरज पांडेय तीन वर्षो से अधिक समय से ब्लाक मिशन प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं। उक्त लगातार समूह सखी, बीसी सखी, सीएलएफ सहित अन्य कैडरों से अनियमित रूप से धनराशि ले रहे हैं। अनुचित धनराशि न देने पर कथित रुपये लेने वाली प्रिया व ब्लाक मिशन प्रबंधक अभद्रता कर पत्र जारी करते हैं। जबकि ब्लाक स्तर पर नोटिस जारी करने का अधिकार बीडीओ को है। मामले में सीडीओ ने उपायुक्त को जांच के निर्देश दिए थे।

## सार-संक्षेप

### बकरा चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** जल्लापुर गांव के अंकित कटियार ने बताया कि मंगलवार को उसके घर के दरवाजे खूंटे से बंधा बकरा चोरी हो गया था। गांव के कुछ लोगों ने भोगनीपुर निवासी एक युवक को चोरी कर बकरा ले जाते हुए देखा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने बताया कि गुरुवार को भोगनीपुर निवासी अफजाल को भाल पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर पशु पालक के घर से चोरी गया बकरा बरामद कर लिया गया है।

### सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी पर केस दर्ज

**मूसानगर।** सोशल मीडिया पर एक युवक को डॉ. बीआर आंबेडकर व धर्म के देवताओं को अपशब्द लिखकर पोस्ट करना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी कर आपसी वैमनस्य के प्रयत्न करने पर पुलिस ने पुलंदर गांव निवासी अंकित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसआई बिंदा प्रसाद ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### 20 क्वार्टर देशी शराब समेत युवक गिरफ्तार

**मूसानगर।** पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई बिंदा प्रसाद ने बताया कि सूचना पर कृपालपुर मोड़ से एक युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20 क्वार्टर देशी शराब ट्वीन टावर बरामद की गई। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम भूप सिंह निवासी कृपालपुर बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**मौसम की मार** रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में 60 फीसदी बुखार के मरीज, डॉक्टर दे रहे जांच के साथ बचाव की सलाह

# मौसम में बदलाव से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** बारिश के बीच उमस भरी गर्मी के चलते मौसम बदलने से सरकारी अस्पतालों में बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। कस्बा की सीएचसी में तकरीबन रोज चार सौ तक मरीज आ रहे हैं। चिकित्सक लोगों को जांच-दवा के साथ बचाव करने की सलाह दे रहे हैं।

बारिश के बीच संक्रामक रोगों में इजाफा होने से रूरा सीएचसी की फिजीशियन ओपीडी में करीब 60 फीसदी मरीज वायरल फीवर के पहुंच रहे हैं। हालांकि बुखार के साथ पेट, स्किन एलर्जी संबंधी मरीजों की भी संख्या खासी बढ़ी है। इनमें से हाइपरेक्सिया (तीव्र ज्वर) से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही हैं। बारिश के चलते गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के काटने और मौसम में बदलाव की वजह से वायरल फैल रहा है।



रूरा सीएचसी में पंजीकरण कक्ष में मरीजों की लगी कतार। अमृत विचार



चिकित्सक कक्ष में मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

### बुखार का बदला पैटर्न, तेजी से गिर रही प्लेटलेट्स

- सीएचसी की डॉ. संध्या का कहना है कि पिछले कुछ सालों में बुखार का पैटर्न भी बदला नजर आ रहा है। पांच साल पहले तक वायरल फीवर तीन से पांच दिनों का होता था। अब वायरल फीवर 5 से 10 दिन तक चल रहा है। तेज बुखार की वजह से मरीज की प्लेटलेट्स भी कम हो रही है। इससे मरीज को कमजोरी भी महसूस होने लगती है। इसलिए मरीजों को आराम और खान-पान का ध्यान रखना चाहिए।

### संक्रामक रोगों से करें बचाव

- रूरा सीएचसी के डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सामान्य रूप से वायरल फीवर फैल चल रहा है। लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। घर और बाहर पूरे कपड़े पहनकर रखें और ठंडी चीजों से परहेज करें। दो बार पानी में ग्लूकोज या शिकंजी जरूर पिएं और शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। रात में सोने से पहले गुनगुने पानी से गरारे करें और सुबह गुनगुना पानी पिएं। बुखार होने पर खुद से दवा ना खाएं और चिकित्सक की सलाह लें।

रूरा व आसपास के गांवों में बुखार, खांसी, जुकाम और बदन दर्द के अलावा उल्टी-दस्त के मरीज भी ओपीडी में ज्यादा पहुंच रहे हैं। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लग रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। जिनमें बुखार के साथ डायरिया की समस्या भी हो रही है। गुरुवार को सीएचसी में 350 मरीज पहुंचे। उनकी जांच कर परामर्श दिया गया। सीएचसी के डॉ. सुनील कुमार के मुताबिक मौसम में बदलाव के कारण बच्चों में बुखार, खांसी, और जुकाम के साथ ही उल्टी-दस्त की समस्या बढ़ रही है।

# युवक ने जहर खाकर दी जान

**पुखरायां।** प्रहलादपुर गांव निवासी एक युवक ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव निवासी मनोज नायक ने बताया कि उसका पुत्र अनिल नायक (18) गुजरात की एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। बीते कुछ दिनों से उसकी तबियत खराब चल रही थी। गुरुवार को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। भोगनीपुर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है। अगर शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी।



# राष्ट्रीय उर्दू अवॉर्ड के लिए जफर अख्तर का चयन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को किया जाएगा सम्मानित

**अमृत विचार।** पीएमश्री कंपोजिट अपर प्राइमरी स्कूल भदेसा सरवनखेड़ा के प्रधानाध्यापक जफर अख्तर को राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड-2024 के लिए चुना गया है। उन्हें 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य पर देश के सभी राज्यों से 50 उर्दू शिक्षकों को नेशनल उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।



शिक्षक जफर अख्तर।

कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रोग्राम में नेशनल अवार्ड में चयन के लिए पूरे देश से उर्दू शिक्षकों, प्रवक्ताओंख् प्रोफेसरों सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों द्वारा उल्लेखनीय कार्यों एवं नवाचारों की एक समुचित फाइल बनाकर कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के दिल्ली स्थित कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक से भेजी जाती है।

कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की कमेटी संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में से किसी भाषा के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर या किसी भी शिक्षक शिक्षिका व कर्मचारी द्वारा विद्यालय, कॉलेज व डिग्री कॉलेज के लिए किए गए योगदान पुरस्कार प्रदान करती है। इस वर्ष गालिब अकादमी दिल्ली में 50 महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें पीएमश्री कंपोजिट अपर प्राइमरी स्कूल भदेसा सरवनखेड़ा के प्रधानाध्यापक जफर अख्तर भी शामिल हैं। उन्हें 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

# सड़क हादसों में 2 की मौत, 4 हुए घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत के साथ चार व्यक्ति घायल हो गए। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायलों को भर्ती कराया है।

माखी थानाक्षेत्र के जालिमखेड़ा गांव निवासी मुकेश (38) पुत्र जगन्नाथ किसानी करता था। बुधवार की शाम वह परेंदा गांव की साप्ताहिक बाजार सब्जी से सब्जी खरीदने गया था। तभी परेंदा गांव स्थित बैंक के सामने से उसकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में मुकेश व दूसरी बाइक चालक सुशील पुत्र राजू निवासी ग्राम भौली कोतवाली अजगैन घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद मुकेश को कानपुर हैलट रेफर किया लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। वहीं घायल सुशील गंभीर है।

वहीं, अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर ब्लाक कार्यालय के सामने खड़े ट्रक में तेज रफ्तार लोडर पीछे से घुस गया। हादसे में लोडर सवार मध्य प्रदेश प्रांत के पन्ना जिला के निवासी अन्नू वर्मा (24) पुत्र परमलाल, लखनऊ के चिनहट निवासी दीपक (26) पुत्र रामराज, पीलीभीत जिला के परमपुर गांव निवासी शिवम (28) पुत्र परकेश्वर घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी में लाया गया। जहां डॉक्टर ने अन्नू को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपक व शिवम को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अन्नू गंगा एक्सप्रेसवे में परिवार सहित मजदूरी करता था और कंपनी कमरे में रहता था।

# चालक की सूझबूझ से टला बड़ा रेल हादसा

संवादाता बांगरमऊ,उन्नाव

- रेलवे पटरी की गिट्टी रिप्लेसमेंट का मजदूर कर रहे थे कार्य, बाल-बाल बची जान
- ट्रेन के खड़े होने से क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं



बांगरमऊ रेलवे स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के रेलवे स्टेशन के निकट चालक की सूझबूझ से एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। जिस ट्रैक पर गैंगमैन रेल पटरी के नीचे गिट्टी रिप्लेसमेंट कर रहा था। उसी पर धड़धड़ाती हुई, मालगाड़ी आ रही थी। रेलवे ट्रैक पर मजदूरों को देख चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर जहां ट्रेन को डिरेल होने से बचा लिया। वहीं गैंग के मजदूरों की जान भी बच गयी। सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर काफी देर बाद ट्रेन यहां से रवाना हो सकी। इस दौरान बांगरमऊ-संडीला रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गईं।

नगर के रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की सुबह रेलवे गैंगमैन द्वारा रेल पटरी के नीचे गिट्टी रिप्लेसमेंट की जा रही थी। ग़लती से गैंगमैन ने रेलवे ट्रैक पर लाल झंडी नहीं लगाई थी तभी गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे उसी ट्रैक पर बालामऊ की ओर से धड़धड़ाती हुई मालगाड़ी आ पहुंची। रेल पटरी पर गैंग को काम करते देख ट्रेन चालक के हाथ पांव फूल गए। चालक ने आनन-फानन इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक दिया। नाम न छापने की शर्त पर ट्रेन चालक ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर काम करने से पहले गैंगमैन को संबंधित स्टेशन से ब्लॉक लेना होता है। इसके अलावा पटरी के दोनों छोर पर लाल झंडी लगाने का भी नियम है। गैंगमैनों ने नियमों का पालन नहीं किया।

गैंगमैन लीडर ने भी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सभी कार्यों के लिए रेलवे लाइन पर लाल झंडी नहीं लगाई जाती है। यह चूक हरा सिग्नल देने की वजह से हुई है। स्टेशन मास्टर ने इस मामले पर कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। कुल मिलाकर ट्रेन चालक की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

### मालगाड़ी चालक ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक

- ट्रेन आने की जानकारी पर बांगरमऊ संडीला रोड रेलवे क्रॉसिंग गेट पहले से ही बंद था। रेलवे क्रॉसिंग से चंद कदम की दूरी पर रेलवे ट्रैक पर बेधड़क काम कर रहे मजदूरों को बचाने के लिए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। बताते हैं कि इमरजेंसी ब्रेक लगने से ट्रेन के पहिए जाम हो जाते हैं। गाड़ी रुकने के बाद चालक नीचे उतरा और उसने ट्रैन का एक-एक पहिया चेक किया। इसके बाद ट्रेन चालक ने समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की और फिर ट्रेन लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया। क्रॉसिंग पर काफी देर तक ट्रेन खड़ी होने के कारण क्रॉसिंग के दोनों और वाहनों के लंबी कतारे लग गई।

## एक नजर

### सीएचसी में एनक्यूएएस एसेसमेंट का हुआ आयोजन

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत गुरुवार को पहले दिन का एसेसमेंट आयोजित किया गया। इस टीम में भवर लाल देवना और डॉ. नीलिमा वर्मा शामिल थे। निरीक्षण के पहले दिन, टीम ने लैब, ऑपरेशन थियेटर (ओटी), इन्पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) और फार्मेसी का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने इस दौरे को सकारात्मक रूप में लिया। दौरे का समापन तीन दिनों के बाद होगा, जिसके बाद अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। निरीक्षण में डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. ब्रजेश सिंह और कार्यक्रम प्रभारी सचिन दीक्षित भी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी से आधार सेंटर खोलने की मांग

**औरास उन्नाव।** समाजसेवी अजीत सिंह ने हाल ही में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने औरास विकासखंड में आधार केंद्र खोलने की मांग की है। अजीत सिंह का कहना है कि इस क्षेत्र में लगभग 195,000 लोग रहते हैं, लेकिन यहां एक भी आधार सेंटर उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति के कारण बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों और विद्यार्थियों को आधार कार्ड बनाने या अपडेट करने के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त समय और धन खर्च करना पड़ रहा है। वहीं पूर्व में, उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद ने आश्वासन दिया था कि आधार सेंटर की सुविधा शीघ्र शुरू की जाएगी, लेकिन एक पखवाड़े से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डीएम से इस मामले को गंभीरता से लेने और जल्द समाधान निकालने की अपील की गई है।

# विस्फोटों से जमींदोज हुई 2 मंजिला इमारत, दंपति सहित 3 हुए घायल

## चोरी छुपे होती थी पटाखों की बिक्री, पुलिस, फायर व फॉरेंसिक टीम ने की जांच



विस्फोट के बाद जेसीबी से हटवाया जाता मलबा। अमृत विचार



मौके पर मौजूद एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व पुलिसबल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव के बाहर दो मंजिला इमारत में एक के बाद एक हुए विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई। धमाके इतने तेज थे कि पूरी इमारत ढह गई। धुंआ का गुबार और घायलों को चीख पुकार सुनकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 100 बेड अस्पताल भेजा। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे की जानकारी मिलते दमकल की गाड़िया पहुंची और आग बुझाने के बाद मलवे में किसी के दबे होने की आशंका में सर्च अभियान चलाया गया। एएसपी सहित फॉरेंसिक टीम ने जांच की। प्रथम दृष्ट्या जांच में चोरी छुपे आतिशबाजी की बिक्री किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

बारासगवर थानाक्षेत्र के करनईपुर में गांव के बाहर बने आतिशबाज के दो मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े 11 बजे अचानक विस्फोट शुरू होने से दहशत फैल गई। देखते-देखते इमारत मलवे में तब्दील हो गई। विस्फोट के साथ लागी आग से आतिशबाज सुनील (45) और उसकी पत्नी बीना (40) और सर्वेश उर्फ पतलू (30) गंभीर रूप से झुलस गये। हादसे के समय सुनील के तीनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। जानकारी पर बारासगवर एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

पुरवा, बीघापुर और उन्नाव से तीन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब जाकर आग पर काबू पाया गया। विस्फोट इतना तेज था कि 20 मीटर बनी एक दीवार भी ढह गई। घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। जिसे नियंत्रित करने के लिए बीघापुर और बिहार थाना से भी फोर्स बुलाया गया।

सुनील के पास आतिशबाजी बनाने का कौन सा लाइसेंस है, इसकी तो जानकारी अभी कोई नहीं दे पाया। लेकिन वह काफी समय से यही काम कर रहा है। वह आतिशबाजी खरीद कर लाता था और शादी बारातों में बिक्री करता था। हादसे की सूचना मिलते ही एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच की। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया मकान में विस्फोट की सूचना पर रेस्क्यू कर घायलों को अस्पताल भेजा गया है। विस्फोट किस परिस्थिति में हुआ इसकी जांच की जा रही है।

### काफी समय से चल रहा था अवैध पटाखों का काम

- **उन्नाव।** ग्रामीणों में चर्चा है कि सुनील लंबे समय से मांगलिक कार्यक्रमों में आतिशबाजी की बुकिंग लेता था। अपने मकान में ही वह पटाखों का स्टॉक रखता था लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। हालांकि आतिशबाजी बनाए जाने की बात को एसओ धर्मेंद्र मिश्रा ने नकारा है। इसी गांव का निवासी चंद्रशेखर आतिशबाजी का वैध लाइसेंस धारक है। जो सुनील के घर के पास ही रहता है। पुलिस के मुताबिक इसके द्वारा भी सुनील के विषय में कोई शिकायत नहीं की गई।




विरोध-प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# हिंदू संगठनों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भड़के हिंदू संगठन

**अमृत विचार।** बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, शारीरिक एवं आर्थिक शोषण से उनका संरक्षण कराए जाने के लिए हिंदू रक्षा समिति एवं अवध प्रांत के संयोजन एवं धर्मार्थ धाम भिनकीपुर के महंत स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के साथ सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों समेत अन्य लोगों के साथ नगर भ्रमण किया। यह भ्रमण पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे। शारीरिक आर्थिक और धार्मिक शोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठन के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जिन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए, हिंदू समुदाय को एकजुट होने का आह्वान किया। महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रही घटनाएं निंदनीय हैं और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। हिंदू रक्षा समिति के प्रमुख सदस्यों ने कहा कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं ने जनता को जागरूक करने के लिए जगह-जगह पर रुककर लोगों से बात की और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे। अत्याचारों की जानकारी दी। नगर भ्रमण से हिंदू समाज में जागरूकता फैलाने और उन्हें एकजुट होने का संदेश दिया गया।

हिंदू रक्षा समिति का यह कदम हिंदू समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान प्रमुख रूप से कंचन गुप्ता, रामनरेश सिंह चौहान, बद्री मिश्रा, अशोक गुप्ता, मुन्ना सेठ, प्रांजुल सोनी, धनंजय सिंह, राधेश्याम अवस्थी, कौशल किशोर सिंह, राम विमल, आशीष कनौजिया सहित सैकड़ों सनातन लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति से की पीतांबरा पीठ की सुरक्षा की मांग

- **उन्नाव।** जिले के भक्तों ने मां पीतांबरा पीठ दतिया के लिए बुधवार को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया है। दिए गए ज्ञापन में बताया कि पीठ के संवर्धन और सुरक्षा का बेहतर प्रबंध करने की मांग की गई है। भक्तों ने यह भी कहा कि राष्ट्र कल्याण हेतु पीठ स्थापित किया गया था। इसलिए पीठ के संवर्धन और सुरक्षा की व्यवस्था को सरकार अपने हाथों में ले। इस मौके पर उत्तम मिश्रा, सुशील शुक्ला, सतीश शुक्ला, राजेश शुक्ला, सुबोध त्रिपाठी, गीता मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हसनगंज से शुरू होगी पीएम वाणी योजना

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- सूबे के 16,718 ग्राम पंचायतों को मिलेगा फ्री वाई-फाई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में गांव-गांव तक इंटरनेट की सुविधा पहुंचाने के लिए भारत सरकार ने पीएम वाणी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य की 16,718 ग्राम पंचायतों में फ्री वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत मंव बीएसएनएल द्वारा 5 एफटीएच (फाइबर टू द होम) और एक पीएम वाणी वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किया जाएगा। यह कदम डिजिटल इंडिया पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

बीएसएनएल और राज्य सरकार के बीच इस योजना के लिए अनुबंध पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश में इस योजना का पहला कनेक्शन हसनगंज के बीआरसी में प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल मैन की उपाधि प्राप्त ओमप्रकाश द्वारा यह कनेक्शन स्थापित किया जा रहा है। ओमप्रकाश ने क्षेत्र में पहले भी हजारों वाई-फाई कनेक्शन बांटे हैं। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में ओमप्रकाश की सराहना करते हुए उन्हें डिजिटल मैन की उपाधि दी थी। योजना के शुरुआती चरण में वाई-फाई हॉटस्पॉट पंचायत भवन, प्राथमिक स्कूल, जूनियर स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, और पुलिस थाने जैसे स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर ओमप्रकाश ने कहा कि वे बहुत ही सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन हो रहा है।

## मलबे में दबकर 2 बकरियों की मौत

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा तहसील क्षेत्र असोहा निवासी चौधरी लोध की कच्ची कोठरी बारिश के चलते बुधवार रात भरभरा कर गिर गई। जिससे नीचे बंधी दो बकरियों की दबकर मौत हो गई। वहीं बकरियों को निकालने के प्रयास में चौधरी की 14 वर्षीय बेटी मानसी भी घायल हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नही हुई। गृहस्वामी ने बताया मलबे में गृहस्थी का समान नष्ट हो गया। घायल किशोरी को इलाज के लिये भेजा गया है।

# स्लाटर हाउस में जीएसटी की छापेमारी

संवाददाता बिछिया उन्नाव




इसी स्लाटर हाउस में पड़ा जीएसटी का छापा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दही थाना क्षेत्र के बिचपरी स्थित एक स्लॉटर हाउस में जीएसटी टीम की ओर से छापेमारी की गई। स्लॉटर हाउस के अंदर सभी कर्मियों के मोबाइल फोन जब्त कर जांच शुरू की गई। छापेमारी की जानकारी पर अन्य स्लॉटर हाउस में हड़कंप मचा है। 7-8 घंटे से छापेमारी जारी है।

दही थाना के वशीरतगंज क्षेत्र के बिचपरी स्थित मास एग्रो स्लॉटर में बुधवार देर रात अलग-अलग गाड़ियों से जीएसटी के अधिकारी अंदर पहुंचे। जीएसटी टीम के अधिकारियों के पहुंचने से स्लाटर हाउस के अंदर मौजूद मैनेजर और कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन टीम ने फैक्ट्री के सभी गेट बंद करवाए और अंदर मौजूद कर्मियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। फैक्ट्री परिसर के बाहर भारी मात्रा में टीम के साथ स्थानीय फोर्स तैनात कर दिया गया। स्लॉटर हाउस के अंदर पिछले कई घंटे से लगातार जांच पड़ताल चल रही है। सूत्रों की मानें तो स्लॉटर हाउस में बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी पकड़े जाने की बात सामने आई है। फिलहाल टीम के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने अभी तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं की है और छानबीन लगातार जारी है। दही क्षेत्र में स्थित अन्य स्लॉटर हाउस में भी हडकंप मचा हैं।

**खेल दिवस** खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद के खेल कौशल के बारे में बताया गया, खिलाड़ियों और अतिथियों ने दी श्रद्धांजलि

# हॉकी खेल कर मनाई, हॉकी के जादूगर की जयंती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



खिलाड़ी को सम्मानित करते जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह।



विजेता टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस व राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीसरे दिवस जिला स्तरीय हाकी बालक व फुटबाल बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन हॉकी के सुप्रसिद्ध भूतपूर्व हॉकी खिलाड़ी सौरुयद आरिफ हुसैन जैदी व जिला युवा कल्याण अधिकारी शिव राम सिंह और जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने पं. दीन दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया। फुटबॉल बालक प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमे पहला मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम ए, स्पोर्ट्स स्टेडियम बी, क्लब उन्नाव योद्धा, खेल वीर स्पोर्ट्स क्लब, टीम इलेवन उन्नाव, इलेवन स्टार उन्नाव व लाइट हाकर उन्नाव के बीच खेला गया। जिसमे स्पोर्ट्स स्टेडियम-ए ने 04-01 से टीम ने जीत हासिल की। टीम में साक्षी बाजपेई, शांति, आख्या, अम्बाली, माही, स्थी आदि रही।

वही दूसरा वॉलीबाल का मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम-ए, बी, एल.पी. एस.-बी, उन्नाव राईडर, उन्नाव योद्धा शुक्लागंज, उन्नाव फाइट, के.बी.एस.उन्नाव ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ए और उन्नाव फाइटर के बीच खेला गया। मैच के दौरान पहला 25-18 से और दुसरे सेट में 25 -20 से स्पोर्ट्स स्टेडियम ए ने जीत हासिल की। इस अवसर पर गुफरान अहमद, शातिब खान, शशिकांत, अंजू, मनोज, शिवानी, कुशमेश आदि रहे।

### ध्यानचंद के खेल योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

**बांगरमऊ।** इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के संरक्षण व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दिग्विजय नारायण के नेतृत्व में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया। खेल जगत उनके इस योगदान को कभी भूल नही जा सकता। इस अवसर पर छात्र व छात्रा दोनों वर्गों में रस्साकसी तथा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई। म्यूजिकल चेयर में छात्रा वर्ग में सिमरन प्रथम, वर्षा द्वितीय व शुभी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र वर्ग में सौरभ प्रथम, अवधराज द्वितीय व नीरज तृतीय रहे।

### 4 सौ से ज्यादा गोल करने का रिकार्ड है ध्यानचंद के नाम

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाए गए ध्यानचंद के जन्म दिवस पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। दिग्गज हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। मेजर ध्यानचंद ने अपने 22 साल के करियर में 4 सौ से ज्यादा गोल करने का रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराने की महारत हासिल की है। महान खिलाड़ी को याद करने के उद्देश्य से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को परिषदीय स्कूलों में प्रार्थना सभा में शारीरिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। क्षेत्र के गांव लवानी स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी प्रार्थना सभा के दौरान शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो द्वारा पीटीड्रिल डंबल पीटी योगासन आदि का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक केशव द्विवेदी ने बच्चो को राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व बताते हुए बच्चो को मेजर ध्यानचंद के बारे मे अवगत कराया।

### ध्यानचंद के जीवन के बारे में छात्रों को बताया

**पुरवा।** ब्लाक के राजकीय महाविद्यालय गोसाईंखेड़ा में गुरुवार को नेशनल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्रीड़ा प्रभारी एवं आई.आई.सी. प्रेसिडेंट डॉ. पूनम चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. दीप्ति खरे ने मेजर ध्यानचंद के खेल के प्रति योगदान के बारे में छात्राओं को बताया। डॉ पूनम चौहान ने मेजर ध्यानचंद की जीवनी के बारे में छात्रों को बताया मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर भी कहा जाता है क्योकि इनके बारे में कहा जाता है कि जब यह हॉकी खेलते थे। तो कहा जाता है कि इनके हॉकी स्टिक में बल चिपक जाते। इस अवसर पर आईआईसी वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रशान्त सिंह, आईआईसी कन्वेनर डॉ. कीर्ति मदनानी एवं समस्त प्राधापक प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, प्रो आरपी वर्मा, डॉ. सुनीता रावत, डॉ. जी पी राठौर, डॉ. ज्योति बाजपेई, डॉ प्रियंका गौर रहीं।

## एक नजर

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की गई जान

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत नवीन मंडी में सब्जी विक्रेता की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। राजू (45) पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम नौरंगाबाद सदर कोतवाली नवीन मंडी से सब्जी खरीदकर बेचता था। गुरुवार सुबह वह सब्जी बेचने के लिए सुबह गोभी खरीद रहा था। इसी दौरान पत्ता खोलते समय उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख साथी सब्जी विक्रेता रामस्वरूप निवासी शंकर खेड़ा व ओमप्रकाश निवासी भतावा ने उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से दो लोग हुए गंभीर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला मुन्नू मियां तलैया निवासी असमत (22) पत्नी मोहम्मद शाहिद बुधवार देर शाम घर में कार्य कर रही थी। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर पतसिया निवासी बालक राम (65) की भी जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हे जिला अस्पताल भेजा गया।

# प्रसव के बाद महिला की हुई मौत, मचा कोहराम

## प्रसव के बाद रक्तस्राव होने पर डॉक्टर ने लखनऊ रेफर किया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** पति के साथ मायके गई महिला को प्रसव पीड़ा उठने पर सीएचसी लाया गया। जहां प्रसव के बाद उसे रक्तस्राव शुरू हो गया। डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर किया लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

औरास थानाक्षेत्र के अजीज नगर निवासी प्रिंसू अपनी गर्भवती पत्नी मीना (25) को उसके मायके लेकर गया था। जहां प्रसव पीड़ा उठने पर परिजनों ने उसे मलिहाबाद सीएचसी पहुंचाया। इस दौरान उसने बेटी को जन्म दिया लेकिन कुछ देर बाद मीना के रक्त स्राव शुरू हो गया। इस पर उसे डॉक्टर ने लखनऊ के क्वीन मैरी हॉस्पिटल रेफर किया लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को महिला का नानामऊ घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

**गड्ढे में भरे पानी में डूब कर अधेड़ की मौत :पुरवा।** पुरवा कोतवाली के जगेथा गांव निवासी वृद्ध की गड्ढे में भरे पानी में डूब कर मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई।

कोतवाली क्षेत्र के जगेथा गांव निवासी ज्ञानेंद्र तिवारी (62) खेती किसानी का काम करते थे। बुधवार रात करीब आठ बजे फसल की रखवाली करने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। बेटा उनकी तलाश में निकला तभी गांव के ही राम खेलवान के खेत के पास गड्ढे में भरे पानी में ज्ञानेंद्र का शव उतराता हुआ मिला। बेटे रितुल ने बताया कि पिता की किडनी खराब थी। जिसका इलाज भी चल रहा था लेकिन कोई फायदा नहीं होने से वह मानसिक परेशान थे। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### गर्भवती महिला की इलाज के दौरान गई जान

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी एक गर्भवती महिला की देर रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस पर नायब तहसीलदार व एसएचओ ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र नरौना गांव निवासी ओमप्रकाश गौतम ने हसनगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने एक साल पहले अपनी बेटी प्रीति की शादी हसनगंज कोतवाली के अहमदपुर वादे गांव निवासी अशोक कुमार के साथ की थी। बताया कि उसकी बेटी आठ माह की गर्भवती थी, बुधवार रात अचानक ससुराल में उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर परिजनों उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत का सही कारण जानने लिए पिता ने पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इसकी जानकारी पर नायब तहसीलदार आशुतोष कुमार ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बावत एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि इलाज के दौरान गर्भवती की मौत हुई है। पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


प्रीती

### तालाब में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज के शंकरपुर गांव के बाहर बड़े कुएं के तालाब में गुरुवार शाम को एक अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ देखा गया। शव मिलने की खबर से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला और शिनाख्त के प्रयास किए। मृतक भूरे रंग की पैंट और काले रंग की शर्ट पहने हुए था। शव कई दिन पुराना होने के कारण गंध आने लगी है। ग्रामीणों ने हत्या या डूबने की संभावना व्यक्त की है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया और आसपास के गांवों में फोटो वायरल की है, लेकिन अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। मोहान चौकी प्रभारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं और पहचान के लिए विभिन्न ग्रुप्स पर फोटो शेयर की गई है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव, जांच जारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में बुधवार रात एक युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।

गांव के रहने वाले स्व. मैकू लोधी के 28 वर्षीय बेटे पुनीत लोधी का शव घर के बरामदे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव मिलने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि मामूली कहासुनी के बाद पुनीत ने आत्महत्या कर ली है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला जिम ट्रेनर का शव

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के मिश्रा कॉलोनी मोहल्ले में रहने वाले जिम ट्रेनर का शव गुरुवार शाम उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देखा गया। मिश्रा कॉलोनी मोहल्ले में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पाया गया। मृतक की पहचान 24 वर्षीय मानस शुक्ला के रूप में की गई है, जो पेशे से जिम ट्रेनर था। पुलिस के अनुसार, मानस शुक्ला अपने नाना के घर में अकेला रहता था। गुरुवार को पड़ोसियों ने जब दरवाजा न खुलने पर देखा, तो उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने झांक कर देखा कि मानस का शव रस्सी कूदने वाली रस्सी से लटका हुआ मिला और उसकी स्थिति अजीब थी। शव की जांच से पता चला कि वह रस्सी से फांसी पर लटका हुआ था और जमीन पर गिरा हुआ था। इस संदिग्ध स्थिति ने मौत की परिस्थितियों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया।


मानस

# महिला को हिरासत में लेने पर बेटी गंभीर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह करने की एक्स पर की थी पोस्ट
- कानपुर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने महिला को लिया था हिरासत में

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी एक युवक का कानपुर के एक स्कूल प्रबंधन को लेकर मुकदमाबाजी चल रही है। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह करने की एक्स पर पोस्ट की थी। गुरुवार को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम कानपुर में था, परिवार वहां न जा सके। जिससे पुलिस ने पीड़ित की पत्नी को हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया। नाबालिग बेटी थाने पहुंची। जहां पुलिस ने उसे जमकर फटकारा। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने कानपुर के एक बड़े स्कूल के प्रधानाचार्य समेत कई लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। उसने 12 अगस्त को एक्स पर पोस्ट किया कि वह परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह करेगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते 13 अगस्त को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। इधर गुरुवार को कानपुर में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था, जिसे देखते हुये गंगाघाट कोतवाली पुलिस युवक के घर पहुंची। जहां पुलिस ने उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर कोतवाली में बैठा लिया। इस दौरान उसकी 16 साल की बेटी कोतवाली पहुंची। जहां मां को कोतवाली में देख उसने मौजूद इंस्पेक्टर से बात की। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने उसे धमकी देते हुये डांट फटकार लगाई। जिससे उसे सदमा लग गया। मौके पर वह गिर पड़ी, जिससे पुलिस के हाथ पांव फूल गये। अस्पताल पहुंचने पर किशोरी की हालत देख डॉक्टर भी घबरा गये। चिकित्साधिकारी डॉ. शिप्रा झा ने इलाज किया। इधर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम खत्म होने के बाद पुलिस ने दोनों को घर जाने दिया।

> जिस समय किशोरी को अस्पताल लाया गया था, उसका बीपी काफी बढ़ा हुआ था, ऊपर का बीपी 258 व नीचे का 197 था, प्राथमिक इलाज करने के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।
>
> -डॉ. शिप्रा झा, इंचार्ज न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज

# युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरुवार देर रात एक युवक ने नवीन गंगा पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। यह घटना रात लगभग 10 बजे के आसपास हुई जब एक 42 वर्षीय युवक फुटपाथ पर टहल रहा था। राहगीरों ने देखा कि युवक अचानक पुल की रेलिंग पर चढ़ गया और गंगा में कूद गया। इस घटना के बाद, आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन अंधेरे के कारण युवक का कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर गंगा घाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने युवक के जूते पुल पर पाए। इस आधार पर पुलिस युवक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। अब तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है किया है। पुलिस ने बताया कि सुबह गोताखोरों से तलाश कराई जाएगी।

# प्रमुख सचिव ने औद्योगिक कॉरिडोर का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र से गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे बनाए जा रहे, औद्योगिक कॉरिडोर का प्रदेश के प्रमुख सचिव मनोज सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जल्द निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने की इच्छुक कंपनी के अधिकारियों के साथ भौतिक स्थिति का निरीक्षण भी किया।

सदर तहसील क्षेत्र के सराय कटियान में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 120 हेक्टेयर में औद्योगिक कॉरिडोर बनाया जा रहा है। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और यहां किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक गलियारे के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि यहां पेय पदार्थों की पैकिंग के लिए एल्युमिनियम के डिब्बों कांच की बोतल और धातु के ढक्कन बनाने वाली एक पोलैंड की कंपनी कैनपैक द्वारा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट लगाने की इच्छा जताई है। इसके अलावा भी कई सारी कंपनियां हैं, जो यहां उद्योग लगाने की इच्छुक हैं। यह उद्योग जल्द स्थापित हो सकें। इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। औद्योगिक गलियारे में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं पूरी कराई जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने जल निगम, विद्युत विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक कॉरिडोर में इन मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे यहां निवेश करने वाली कंपनियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण में सात हजार करोड़ रुपये सरकार और 22 हजार करोड़ रुपये डेवलपर द्वारा खर्च किया जाएगा। आने वाले गंगा कुंभ से पहले दिसंबर तक कार्यदायी संस्था को एक्सप्रेस वे चालू करने के निर्देश दिए गए है। एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था को 25 नवंबर 2025 तक एक्सप्रेस वे का सभी काम पूरा करना है। इसमें एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान वाहनों द्वारा ध्वस्त की गई। सड़कों का निर्माण भी शामिल है।

मुख्य सचिव के अनुसार उन सड़कों को वहीं विभाग बनाएगा जिसने पूर्व में उसे बनाया था। इसके लिए यूपीडा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं करेगा। उन्होंने संस्था के अधिकारियों को गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, एसडीएम हिमांशु गुप्ता, सीओ सिटी दीपक कुमार, यूपीडा के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


औद्योगिक कॉरिडोर का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव। अमृत विचार


विजीय मुद्रा में बैठी हिडेकल हाउस की टीम। अमृत विचार

# पिशन हाउस को हराकर हिडेकल हाउस बना चैंपियन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- अंबिका में इंटर हाउस क्रिकेट लीग का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल में दो दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट लीग का आयोजन हुआ।

फाइनल मैच अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें हिडेकल हाउस ने पिशन हाउस को 3 विकेट से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। आयुष भारती को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और अयान अहमद को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कार से नवाजा गया। समापन समारोह में स्कूल के प्रबंधक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफने लेम्योर, दिनेश त्रिवेदी, अनुज त्रिवेदी और खेल शिक्षक उपस्थित थे। हिडेकल हाउस के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। साथ ही, प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागी टीमों की सराहना की गई।

# 3.6 लाख में उठा होर्डिंग बैनर का ठेका

**शुक्लागंज।** नगर में प्रचार-प्रसार के लिये होर्डिंग और बैनर लगाकर विज्ञापन करने वालों के लिये नगर पालिका गंगाघाट में खुली बोली का आयोजन किया गया। आखिरी बोली 3 लाख 6 हजार की बोली गई।

गुरुवार को नगर पालिका गंगाघाट कार्यालय में होर्डिंग और बैनर के ठेके के लिए खुली बोली का आयोजन हुआ। इस प्रक्रिया में नगर के दो होर्डिंग और बैनर व्यवसायियों ने भाग लिया। नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी और अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा की उपस्थिति में बोली की कार्रवाई शुरू हुई। बोली प्रक्रिया में कपिल आर्ट और जीवीएम एडवरटाइजिंग फर्मों ने एक-एक लाख रुपये की धरोहर राशि जमा की। सरकारी बोली की शुरुआत तीन लाख रुपये से हुई। अंततः कपिल आर्ट ने 3 लाख 6 हजार रुपये की अंतिम बोली लगाकर ठेका हासिल किया।

# 6 घंटे ठप रही सैकड़ों घरों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर में बिजली विभाग की ओर से इन दिनों एबीसी लाइन डालने का काम किया जा रह है। उसी को लेकर गुरुवार दोपहर कार्यदायी संस्था आदर्श नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां दोपहर के समय ट्रांसफार्मर से तार हटाने के बाद जर्जर लाइन बदली गई। इस दौरान सैकड़ों घरों की छह घंटे तक बिजली गुल रही।

आदर्श नगर क्षेत्र में गुरुवार को एबीसी केबल डालने के लिये कार्यदायी संस्था के कर्मी पहुंचे। इस दौरान बिजली कर्मियों ने दोपहर करीब बारह बजे पालिका के पंप हाउस के पास लगे 630 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद की गई। कार्यदायी संस्था ने विद्युत पोल से पुराने जर्जर तार हटाने का काम किया। जिसके बाद उसके स्थान पर नई एबीसी केबल डाली। शाम 6 बजे तक क्षेत्र में डेढ़ सौ मीटर केबल डालने का काम किया। वहीं दोपहर से शाम के बीच करीब छह घंटा बिजली न आने से सैकड़ों घरों में रहने वालों को दिक्कत हुई। इतना ही नहीं पालिका की जलापूर्ति भी शाम को कुछ देर के लिए प्रभावित रही। कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।


आदर्श नगर में केबल डालने का काम करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

- जर्जर केबल हटाकर एबीसी केबल डालने का काम किया जा रहा है

### 75 के कनेक्शन काट कर 7 लाख का वसूला राजस्व

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को बिजली विभाग की कई टीमों ने नगर के कई मोहल्लों में बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। एक्सईएन सूर्योदय कुमार के निर्देश पर एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के नेतृत्व में बिजली कर्मियोंकी टीम ने गुरुवार को मिश्रा कालोनी, सीताराम कालोनी, पोनी रोड, गांधी नगर, गोपीनाथ पुरम, आजाद नगर समेत कई क्षेत्रों में अभियान चलाया। जहां टीम ने बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। एसडीओ ने बताया कि अभियान में एक लाख से अधिक तीन बकायेदारों का कनेक्शन सरेंडर कराने के साथ 75 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा और सात लाख का राजस्व वसूला। उन्होंने कहा अभियान चलता रहेगा।



गोष्ठी में जानकारी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# मजदूरों के अधिकारों एवं बाल श्रम को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रवासी मजदूरों के अधिकारों एवं बाल श्रम पर जिला स्तरीय समन्वयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सचिव व अपर जिला जज मनीष निगम उपस्थित रहे।

सचिव व अपर जिला जज ने अंतर-राज्य प्रवासी कामगार रोजगार और सेवा शर्त, वेतन भुगतान, कर्मचारी मुआवजा, समान पारिश्रमिक, वेतन, मातृत्व लाभ, असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा आदि कानूनों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सहायक श्रमायुक्त एस.एन. नागेश, कृषि उपनिदेशक मुकुल तिवारी, रोजा संस्था के संस्थापक बिन्दालाल चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, केंद्र प्रभारी ए.एच.टू.यू. उमा अग्रवाल, संजय शुक्ला, पी.सी राजपूत, शिव बिहारी बाजपेई, राहुल आदि उपस्थित रहे।

आपदा — दोपहर बारह बजे जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर 112 .020 मीटर मापा गया

# चेतावनी बिंदु के पार पहुंचा गंगा का जलस्तर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया है, वहीं पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण अब गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ने लगा है। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से आधा दर्जन नावें लगवाई गई हैं। 300 से अधिक घरों की बिजली विभाग ने बिजली भी काटी है।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार शाम 111.930 मीटर जलस्तर मापा गया था। जो गुरुवार को तेजी से बढ़ा और सुबह चार बजे 112 मीटर चेतावनी बिंदु पर पहुंच गया। वहीं दोपहर बारह बजे जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर 112.020 मीटर मापा गया। जिसके बाद शाम पांच बजे 111.040 मीटर पहुंच गया।

शुक्लागंज की ओर खतरे का निशान 113 मीटर है। जलस्तर अब धीरे-धीरे खतरे के निशान की ओर बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बाढ़ का पानी रूख कर गया है। जिससे कटरी से लगे गांवों में भी गंगा का पानी भर गया। वहीं खेतों में पानी भरने के कारण सब्जी की फसलें बर्वाद होने का खतरा अब किसानों को सताने लगा है। बाढ़ के पानी की स्थिति को देखते हुए अब तक कोई राहत सामग्री नहीं पहुंचाई


बाढ़ का पानी भरने के कारण चलती नावें।। अमृत विचार

# प्रशासन ने फिर से शुरू कराया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**उन्नाव।** डीएम के निर्देश पर पालिका व पुलिस विभाग ने अतिक्रमण पर अभियान शुरू कर दिया है।

कचहरी गेट के निकट अभियान शुरू हुआ। ब्रिज से लेकर तिकुनिया पार्क तक अतिक्रमण हटाया गया। शहर के लोग जाम की समस्या से परेशान हैं। मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण, फल मंडी और अवैध पार्किंग से रोडवेज बस स्टेशन से सदर बाजार, सब्जी मंडी से छोटा चौराहा और कचहरी रोड सहित अन्य स्थानों पर दिन में कई बार जाम लगता है। पालिका के ईओ एसके गौतम व सदर कोतवाल प्रमोद मिश्रा कचहरी स्थित गेट नम्बर एक सड़क पर कब्जा जमाए दुकानदारों को चेतावनी देते हुए अल्टीमेटम दिया। दुकानदारों ने खुद हटाना शुरू कर दिया।

# ग्राम पंचायतों को मिलने वाली मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना का आवेदन 1सितंबर से

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सीएम पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए आवेदन एक सितंबर से शुरू होने जा रहे हैं। विकास समेत नौ अन्य बिंदुओं पर टॉप पर रहने वाली पांच पंचायतों को योजना के जरिए धनराशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ग्राम पंचायतों का चयन किया जाना है। ग्राम पंचायतों को हमारी पंचायत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पांच ग्राम पंचायतों को पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा। नौ बिंदुओं पर पंचायतों को अंक दिए जाएंगे। अंकों के जोड़ के आधार पर पंचायतों की मेरिट बनेगी और सबसे ज्यादा अंक पाने वाले गांव को पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त धनराशि दी जाएगी। जिला पंचायतराज अधिकारी शाश्वत आनंद सिंह ने बताया कि आवेदन एक सितंबर से शुरू होकर 10 अक्तूबर तक होंगे। जो ग्राम पंचायतें आवेदन करेंगी, उनका सत्यापन जिलास्तरीय समिति करेगी। इसके बाद सूची मुख्यालय भेजी जाएगी। वहां से ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश द्विवेदी ने बताया कि पिछली बार औरास की मिर्जापुर अजिगांव को पहला स्थान मिला था।

इस पर उसे 35 लाख की अतिरिक्त धनराशि मिली थी। चार अन्य ग्राम पंचायतों में मियागंज को 30 लाख, असोहा की सेमरी को 25 लाख, बिछिया की दुआ को भी 15 लाख व व कांथा को 10 लाख का पुरस्कार मिला था। बताया कि दो बार लगातार या कभी भी दो बार पुरस्कार पाने वाली ग्राम पंचायतों का चयन नहीं किया जाएगा। हालांकि यह ग्राम पंचायतें आवेदन कर सकती हैं।

**इन बिंदुओं पर होगी अंकों की ग्रेडिंग**

| | |
|---|---|
| गरीबीमुक्त गांव | 10 नंबर |
| स्वस्थ गांव | 10 नंबर |
| बाल मैत्री गांव | 10 नंबर |
| पर्याप्त जलयुक्त गांव | 10 नंबर |
| स्वच्छ एवं हरित गांव | 10 नंबर |
| आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव | 10 नंबर |
| सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव | 10 नंबर |
| सुशासन वाला गांव | 10 नंबर |
| महिला हितैषी गांव | 10 नंबर |

आरोग्यमानृण्यमविप्रवास: सद्भिर्मनुष्यैस्सह संप्रयोग:।
स्वप्रत्यया वृत्तिरभीतवास: षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

स्वस्थ रहना, उऋण रहना, परदेश में न रहना, सज्जनों के साथ मेल-जोल, स्वव्यवसाय द्वारा आजीविका चलाना तथा भययुक्त जीवनयापन- ये छह बातें सांसारिक सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# श्रम सुधार व रोजगार सृजन

भारत की आबादी में लगभग 90 प्रतिशत लोग श्रमिक वर्ग से हैं। श्रमिकों को सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी, और रोजगार के अवसरों को बनाए रखने के लिए श्रम सुधार जरूरी हैं। देश में वर्षों से श्रम क्षेत्र में सुधारों की मांग की जाती रही है, ये मांग न सिर्फ उद्योगों की ओर से बल्कि समय-समय पर श्रमिक संगठनों की ओर से भी की जाती रही है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए उद्योगों का विकास होना आवश्यक है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में, जो अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक श्रमिक गहन होता है। यदि श्रम कानूनों में बाजार और श्रमिकों के जरूरी हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो ऐसे उद्योगों का सीमित विकास ही हो पाता है। वास्तव में जनसांख्यिकीय लाभांश पाने व भविष्य के विकास को गति देने के लिए श्रम सुधार आवश्यक हैं। देश में व्यवसाय को सुगम बनाने तथा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी श्रम सुधारों को जरूरी माना जाता है। भारत में अवस्थित बहुत से उद्योगों में श्रमिकों का वेतन भारत के अन्य प्रतिस्पर्द्धी देशों जैसे-चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया से भी कम है, फिर भी इन देशों के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत इन देशों से सबक लेकर अपने श्रम कानूनों में सुधार कर सकता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय शुक्रवार को बेंगलुरु में श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने पर चर्चा करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बेंगलुरु में क्षेत्रीय बैठक आयोजित कर रहा है। श्रम सुधारों और रोजगार सृजन को गति देने को सरकार प्रतिबद्ध है। 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया है। सरकार द्वारा विस्तृत एवं विखंडित श्रम कानूनों को एक साथ पिरोने के प्रयास से लगभग 50 करोड़ श्रमिकों/कर्मचारियों के लाभान्वित होने की संभावना है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन और श्रम कल्याण को बढ़ावा देने में उद्योग की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का स्वागत किया जाना चाहिए। इसके बावजूद अभी और प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि 2041 तक भारत में उपलब्ध कामकाजी आबादी का स्तर चरम पर पहुंच जाएगा। इतनी बड़ी आबादी के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना आसान तो नहीं, लेकिन आसान बनाया जा सकता है। इसके लिए कुछ उपाय करने होंगे।

गौरतलब है कि फिलहाल कुल रोजगार प्रदान करने में एमएसएमई की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत की है। अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 77 प्रतिशत तक है। 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का दावा करने के बावजूद, भारत 8 प्रतिशत (सीएमआईई) की चिंताजनक बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। यह विरोधाभास लगातार भयावह होता जा रहा है। यानी मजबूत विकास के बावजूद नौकरियों की स्थिति चिंताजनक है। सरकार को युद्ध स्तर पर इससे निपटना चाहिए।

# आखिर कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है, लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता।

लड़कियों के कपड़े, उनका आजाद स्वभाव हमेशा ही समाज की निगाहों में खटकता रहा है। आखिर क्यों? पाश्चात्य संस्कृति के अनुकरण की बात हम बाद में कर लेंगे, नैतिकता की दुहाई भी बाद में दे देंगे, लेकिन सबसे पहले सवाल यह होता है कि पुरुषों की तरह उन्हें क्यों नहीं आजादी है कि वह अपना मनपसंद पहन सकें, संवर सकें। स्त्री-पुरुषों को लेकर जो भी नियम हैं, सब पितृसत्तात्मक समाज के अपनी सुविधानुसार बनाए हुए नियम है। पितृसत्तात्मक समाज में शुरू से ही स्त्री को दबाने की कोशिश की जाती रही है, जिसमें परिवार की महिलाओं का भी योगदान रहा और बेटियां इस सांचे में ढलती गईं।

संविधान हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है। संविधान प्रदत्त 6 मूलाधिकार हैं बिना लिंग भेद के स्त्री-पुरुष हर किसी को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति और नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित समान अधिकार देता है, लेकिन यथार्थ में इसका पालन नहीं होता। आज भी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाएं पिछड़ी हैं और पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा मांगने का मतलब मायके का छूट जाना है। रोज देश में न जाने कितने बलात्कार होते हैं, कितने कुकर्म होते हैं, जिनमें से अधिकांश का तो पता ही नहीं चलता। अधिकतर मामलों में लड़की को परिवार के द्वारा ही लोक-लाज का वास्ता देकर चुप कर दिया जाता है। हां, कहीं-कहीं माता-पिता जागरूक होकर अब रिपोर्ट दर्ज कराने लगे हैं। अपनों के द्वारा लड़कियों को जो दाग दिए जाते हैं, वे भी कभी बाहर नहीं आते।

आज किसी भी स्त्री के साथ बलात्कार या कुकर्म की घटना तब सामने आती है जब उसकी मौत हो जाती है और मृत शरीर लावारिस अवस्था में कहीं पड़ा रहता है। कुछ दिनों का हो हल्ला मचता है और फिर सब सामान्य हो जाता है। राजनीतिक गलियारों में हलचल जरूर होती है, लेकिन वहां भी जबरदस्त लॉबिंग होती है, अगर अपनी सरकार वाले प्रदेश में या गठबंधन सरकार द्वारा शासित प्रदेश में इस तरह की घटना होती हैं तो राजनीतिक दल द्वारा इसे पूरी तरह से दबाने की कोशिश की जाती है। राजनीतिक शोर केवल तब मचता है जब घटना किसी विरोधी पार्टी की सरकार वाले राज्य में हुई हो। एक-दूसरे पर दोष मढ़कर सब अपराध के राजनीतिकरण करने की कोशिश है। अपराध को खत्म करने और अपराधी को सजा देने की चिंता किसी को भी नहीं है। इस आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति का फायदा उठाकर अपराधी बच निकलता है। देश जिन्हें सर माथे पर बैठाता है, वे सारे राजनीतिज्ञ, कलाकार मुंह बंद करके बैठ जाते हैं। हां, आग में घी का काम करते हुए कुछ एक विवादित बयान जरूर दे देते हैं।

कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है।

कुछ सिरफिरे लोग तो महिलाओं को घर में बैठने की सलाह भी दे देते हैं। कई चैनल स्त्री रक्षा के उपाय भी दिखाते हैं। समझ में नहीं आता कि इन अतार्किक भरे कार्यक्रमों को कैसे स्वीकृति मिलती है? हर घर में, हर पार्टी में महिला मौजूद है, लेकिन किसी खास घटना पर ही आंदोलित होना समझ से परे है। कठुआ और हाथरस की घटनाओं को विपक्ष ने खूब उछाला था, लेकिन आज वह भी चुप है। दुष्कर्म के मामलों में भारत आज दुनियाभर में रिकॉर्ड बना रहा है। हम मोमबत्ती जला लेते हैं, एक दिन के लिए भारत बंद भी कर लेते हैं, लेकिन भारत चलने से आगे बढ़ेगा, रुकने से नहीं। मगर हमारे कदम सही रास्ते पर तो हों। इसके लिए समाज की सबसे पहली और छोटी इकाई परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण समझी जाती है। कहा जाता है कि माता-पिता बच्चों को हमेशा अच्छे बनने की ही शिक्षा देते हैं। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को चोर उचक्के बनने की या बलात्कारी बनने की शिक्षा नहीं देगा। यह बात काफी हद तक सही है, लेकिन यह भी तो सही है कि कई बार बाप-बेटे या भाई-भाई भी साथ-साथ दुराचार की घटना में संलिप्त पाए गए हैं। एमपी के किसी गांव की न्यूज थी जहां चोर-उचक्के बनने की ट्रेनिंग दी जाती है और माता-पिता खुद अपने बच्चों को इन कक्षाओं में एडमिशन दिलाते हैं। ये छोटे-छोटे नाबालिक बच्चे कहीं भी होने वाले कार्यक्रम और शादियों में घुस जाते हैं और फिर मौका पाते ही नकदी और गहनों का बैग उठाकर भाग जाते हैं। बताया जा रहा था कि यहां के गांव के लोग इसी धंधे से करोड़पति हो गए हैं। पुलिस भी इन लोगों से कतराती है। इसे दुस्साहस की परिसीमा और इसे नैतिकता की असीम कमी ही कहा जाएगा।

धारा-99 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को आत्मरक्षा का अधिकार है। अकेले ड्यूटी पर आने-जाने वाली महिलाओं के लिए मिर्च स्प्रे, स्टन गन लिपस्टिक, गैर घातक हथियार और यहां तक कि असली हथियार रखने की भी बात की जाती है, लेकिन कई बार अपराधियों की संख्या अधिक होती है या महिला को आत्मरक्षा के तौर पर इन चीजों का इस्तेमाल करने का मौका ही नहीं मिलता है। राजनीतिक संरक्षण पैसा और लंबी अंतहीन अदालती कार्रवाई की वजह से अधिकतर अपराधी बच जाते हैं। बीते महीनों हुई मणिपुर की घटना, मुजफ्फरपुर, बदलापुर, अकोला, हाथरस, दिल्ली, उत्तराखंड या कोलकाता, सब जगह अनैतिक कृत्यों को लीपापोती कर ढक देने के प्रयास हुए हैं। कोलकाता की जो घटना सामने आई है उसमें कई राज छुपे होने के बावजूद भी आरोपी को बचाव के लिए लंबा समय दिया गया। राजनीतिक संरक्षण न मिले तो काफी हद तक अपराधों में लगाम लग सकती है।

अदालत अपराधी को अपने बचाव के पक्ष में बोलने का पूरा समय देती है। पहले गिरफ्तारी में देरी, जांच और बयान, फिर अदालती प्रक्रिया, इस तरह एक अंतहीन सिलसिला चल जाता है और तब तक बहुत सारे सबूत नष्ट किया जा चुके होते हैं और कानून की कमर टूट जाती है। सामान्य क्रिमिनल लॉ में भी कई पेंच हैं। निर्भया कांड के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट बने, लेकिन शर्मनाक दुस्साहसी घटनाओं का सिलसिला जारी रहा। हालांकि कानून तो 2014 से पहले भी बने थे, लेकिन बाद में नियमों को कुछ सख्त किया गया। भारतीय दंड संहिता 1860 से ही महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरुद्ध कई कानून बने हैं। घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 में ही बन गया था। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून भी 2013 में बना।

इस तरह के मामलों में कठोर और त्वरित दंड व्यवस्था की जरूरत है और ऐसे संवेदनशील मुद्दों में पक्ष-विपक्ष न कर सभी राजनीतिक पार्टियों को एक मत होकर अपराधी को कड़ी सजा दिलाने के लिए वचनबद्ध होना होगा। कुछ राज्य और शहर महिलाओं के लिए सुरक्षित माने जाते हैं। हर जगह ऐसा क्यों नहीं हो सकता? कई लोग आवेश में आकर हथियार उठाने की बात करते हैं या आरोपी को भी उसी तरह प्रताड़ित करने की बात करते हैं, यकीनन तब ऐसी ही मनोदशा हो जाती है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली में आंख के बदले आंख वाला कानून नहीं है। न्याय व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और कठोर करने की जरूरत है और परिवारों में भी नैतिक व्यवहार की।

यह एक ज्वलंत प्रश्न है कि कौन देगा महिलाओं को सुरक्षा? शासन-प्रशासन असमर्थ दिखाई देता है। कोई भी महिला जब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जाती है तो कई बार वहां भी उसके साथ दुराचार के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट दर्ज करने में हीला-हवाली तो साधारण सी बात है। महिला से अनर्गल सवाल पूछे जाते हैं और मामला अदालत तक पहुंच जाए तो फिर न्यायप्रणाली का अंतिम सिलसिला और जब कपिल सिब्बल जैसे वरिष्ठ वकील आर जी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता के खिलाफ टीएमसी सरकार की पैरवी करने लगें तो समझ लीजिए कि इंसाफ कैसे होगा और इंसाफ की चाह कितनों को है।

## प्रसंगवश

# अमृत के ठौर ठिकाने

हर मृत्यलोक वासी मरणधर्मा है। एक अमृत तत्व अवश्य ऐसा होता है, जिसके पान से प्राणी अमर हो जाता है। इसकी उपलब्धता कहां है? यह कैसे मिले? पौराणिक सागर मंथन अमृत पाने के लिए किया गया था। देव और दानवों ने यह कार्य किया था। उससे कुछ अन्य चीजों के साथ अमृत भी निकला था।

इसके लिए लंबा युद्ध चला, किंतु अंततः यह देवताओं को मिला और स्वर्ग की संपदा बना। उन्होंने इसे पान किया और अमर हुए। देवों को 'अमर' भी कहते हैं। महान वैद्य धन्वंतरि के नेत्रों में अमृत का वास था और वे दृष्टिपात करके ही निरोग और स्वस्थ करने की क्षमता रखते थे। चंद्रमा भी अमृत की खान मान्य है। वह वनस्पतियों और औषधियों का स्वामी होकर शंकर जी के शीश पर विराजमान है। इसे सुधाकर कहते भी हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक लोककथा के अनुसार आम, जिसका तत्सम 'आम्र' है, स्वर्ग का वृक्ष था, जिसमें अमृत द्रव भरा होता था और नाम भी आमृत ही था। एक बार देवराज इंद्र के डांटने पर वह रुष्ट होकर पृथ्वी पर आ गया तो इंद्र के होश उड़ गए कि अब तो यह पृथ्वीवासियों को अमर कर देगा। बहुत मनाने पर भी जब आम वापस जाने को नहीं तैयार हुआ तो देवराज ने कहा कि 'हम तुमसे कुछ मांगना चाहते हैं'। इसके लिए आम राजी हो गया तो इंद्र ने कहा, 'तुम अपने नाम का आखिरी अक्षर मुझे दे दो'। आम वचन दे चुका था, अतः वह 'आमृत' से 'आम्र' ही रह गया और अब उसमें अमृत का 2/3 प्रभाव ही शेष रह गया।

पुराणों में श्रेष्ठ 'श्रीमद्भगवत' की कथा भी अमृत या उससे श्रेष्ठ कही गई है। कहा गया है, "निगमकल्पतरोर्गलितं फलं, शुक मुखादमृतद्रव संयुतम्। पिबत भागवतं रसमालयं, मुहरहो रसिकाः भुवि भावुकाः"।। कहते है जब शुकदेव जी परीक्षित को यह कथा सुना रहे थे तो ललचाये देवता अमृत से भरे घड़े लेकर आए और शुकदेव जी से कहा कि 'यह अमृत इन्हें पिला दो और कथा हमें सुना दो'। तब शुकदेव जी ने देवताओं को डांटकर भगा दिया और कहा, 'कहां तुम्हारा मामूली कांच तुल्य अमृत और कहां यह अमूल्य रसवंती मणि तुल्य भागवत कथा'। कवियों ने सुंदरियों के कई जगह अमृत की छोज की। कुछ ने नेत्रों में कुछ ने पूरे मुख मंडल में और करीब-करीब सबने उनके अधरों में इसे पाया।

# वास्तविकता का निर्माण करती है चेतना

बचपन की एक भोली-भाली बात याद आ रही है। मैं काफी छोटा था, न जाने क्या प्रसंग चल रहा था, बाऊजी बता रहे थे की "चांद पर हवा नहीं होती इसलिए वहां आदमी सांस नहीं ले सकता और मर जाता है। मैं सोचने लगा कि मैं चांद पर जाऊंगा तो अपने साथ हाथ वाला पंखा ले जाऊंगा, फिर मैं नहीं मरुंगा। ये बात जब बाऊजी को बताई तो वे हंसने लगे। उन्होंने बताया कि पंखा आसपास की हवा को समेटकर ही आपको देता है। ऐसे स्थान पर जहां हवा ही नहीं होगी तो पंखा कुछ नहीं कर सकेगा।

मुझे यह बात थोड़ी देर बाद समझ आ गई। फिर भी मैंने सोचना जारी रखा कि हवा को कैसे साथ ले जाया जाए? बाद में जब कुछ इधर-उधर से पढ़ा तो ज्ञान आया कि जिसे हवा या प्राणवायु कहते है वह ऑक्सीजन होती है। सिलेंडर में भरकर उसे कहीं भी ले जाया जा सकता है। कहने का अर्थ इतना ही है कि जब सवाल उठते हैं तो उनके उत्तर भी उन्हीं के साथ पैदा हो जाते हैं। उम्र के इस पड़ाव में अब तो ऐसे सवालों में मजा आने लग गया कि ये कैसे? और वो कैसे? ऐसा ही एक सवाल अब कचोटता है हम कौन हैं? जो हैं वह क्या सच में हैं? वास्तविकता क्या है?

रिएलिटी या वास्तविकता का सवाल फिलहाल तो समझ से बाहर है। पर ये यकीन है कि वास्तविकता जैसा भी कुछ होता है। वास्तविकता क्या है? हमें कोई भी वस्तु, दृश्य या अनुभव वास्तविक क्यों लगता है? क्या मानव चेतना ही इस वास्तविकता का निर्माण कर रही है? क्या भौतिक ब्रह्मांड हमसे स्वतंत्र है या यह हमारे दिमाग द्वारा बनाया गया है? एक वैज्ञानिक रॉबर्ट लैंजा ने इस बारे में एक सुझाव दिया है। उनके एक नए अध्ययन में दावा किया है कि भौतिक वास्तविकता का निर्धारण करने के लिए पर्यवेक्षकों का नेटवर्क जिम्मेदार है। लैंजा समेत कुछ वैज्ञानिकों का



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है।

प्रस्ताव है कि पर्यवेक्षक समय और स्थान की संरचनाएं उत्पन्न करते हैं। उनका यह कथन ईश्वर समीकरण में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद कर सकता है, जो क्वांटम यांत्रिकी और सामान्य सापेक्षता को एकीकृत करने का प्रयास करता है। क्या ऐसी कोई भौतिक वास्तविकता है, जो हमसे स्वतंत्र है? क्या वस्तुनिष्ठ वास्तविकता बिल्कुल मौजूद है? या क्या समय और स्थान सहित हर चीज की संरचना, इसे देखने वालों की धारणाओं द्वारा बनाई गई है?

जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में ऐसा अभूतपूर्व दावा किया गया है। पेपर के लेखकों में स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा विशेषज्ञ रॉबर्ट लैंजा शामिल हैं, जो बायोसेंट्रिज्म के सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध हैं, वे तर्क देते हैं कि चेतना ब्रह्मांड के अस्तित्व के लिए प्रेरक शक्ति है। उनका मानना है कि जिस भौतिक दुनिया को हम देखते हैं वह हमसे अलग नहीं है, बल्कि हमारे दिमाग द्वारा बनाई गई है जैसा कि हम इसे देखते हैं। उनके बायोसेंट्रिक दृष्टिकोण के अनुसार, स्थान और समय हमारे सिर में "सूचना के चक्कर" का एक उपोत्पाद है, जो हमारे दिमाग द्वारा एक सुसंगत अनुभव में बुना जाता है। लैंजा और उनके सहयोगियों के अनुसार, पर्यवेक्षक सूक्ष्म और बड़े पैमाने पर स्थानिक पैमाने पर "अवलोकन योग्य मात्राओं के व्यवहार को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में "हमारे सामान्य रोजमर्रा के विश्व दृष्टिकोण में गहरा बदलाव" आवश्यक है। लैंजा ने बिगथिंक नामक प्लेटफार्म के साथ एक साक्षात्कार में भी कहा है कि दुनिया कोई ऐसी चीज नहीं है, जो हमसे बाहर बनी है और बस अपने आप अस्तित्व में है। उन्होंने कहा, "पर्यवेक्षक अंततः भौतिक वास्तविकता की संरचना को ही परिभाषित करते हैं।

पर्यवेक्षक वास्तविकता कैसे बना सकते हैं? कैसे यह काम करता है? लैंजा का तर्क है कि पर्यवेक्षकों का एक नेटवर्क आवश्यक है और यह "वास्तविकता की संरचना में निहित है।" जैसा कि वे बताते हैं, पर्यवेक्षक आप, मैं और कोई भी- एक क्वांटम गुरुत्वाकर्षण ब्रह्मांड में रहते हैं और स्पेसटाइम के गुणों के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करके वास्तविकता के "विश्व स्तर पर सहमत संज्ञानात्मक मॉडल" के साथ आते हैं। क्योंकि, एक बार जब आप कुछ मापते हैं, पहले से ही जांच की गई भौतिक मात्रा के समान मूल्य को मापने की संभावना की लहर 'स्थानीयकृत' हो जाती है या बस "ढह" जाती है। इस तरह वास्तविकता हम सभी के लिए लगातार वास्तविक हो जाती है। एक बार जब आप किसी मात्रा को बार-बार मापते रहेंगे, तो पहले माप का परिणाम जानने के बाद, आप देखेंगे कि अगला परिणाम वही होगा। लैंजा कहते हैं, "प्रेक्षक पहला कारण है, महत्वपूर्ण शक्ति जो न केवल वर्तमान को ढहाती है, बल्कि स्थानिक अस्थायी घटनाओं के झरने को भी ढहाती है, जिसे हम अतीत कहते हैं। स्टीफन हॉकिंग सही थे जब उन्होंने कहा था, 'अतीत, भविष्य की तरह, अनिश्चित है और केवल संभावनाओं के एक स्पेक्ट्रम के रूप में मौजूद है।

## सोशल फोरम

# धरती का बोझ बढ़ा रही है सूचना

वजनदार सूचना एक प्रतीकात्मक बात है, जिस कागज पर सूचना दर्ज की जाती है उसका वजन नापा जा सकता है। जिस स्याही से लिखी जाती है उसमें भी कुछ वजन जरूर होगा, लेकिन डिजिटल युग में इतने मामूली वजन के लिए भी कोई जगह नहीं बची है। माध्यम को छोड़ दें तो खुद सूचना का भला क्या वजन?

ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए, जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है।

ब्रिटिश भौतिक शास्त्री मेल्विन वॉप्सन ने 2019 में इस बारे में एक शानदार काम शुरू किया और फिर इसे वहां तक ले गए, जिसकी कल्पना भी अभी मुश्किल लगती है। डिजिटल सूचना को लेकर हमारी धारणा सिर्फ कॉन्फिगरेशन बदलने की है- जैसे क ख ग का ग क ख हो जाना।



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

सिर्फ डैश-डॉट के सिलसिलों का पैटर्न बदलता जाता है, लेकिन 1961 में जर्मन-अमेरिकन भौतिकशास्त्री रॉल्फ लैंडॉर ने बताया कि जब आप सूचना की सबसे छोटी इकाई, एक बिट को नष्ट करते हैं तो इस क्रम में थोड़ी ऊष्मा उत्पन्न होती है। उनकी इस प्रस्थापना से आज भी कई वैज्ञानिक सहमत नहीं हैं, लेकिन इसे खारिज करना उनके बूते से बाहर है। मेल्विन वॉप्सन ने पदार्थ को ऊर्जा में बदलने वाले आइंस्टाइन के फॉर्म्यूले ई बराबर एमसी स्क्वेयर को पलटकर जानना चाहा कि एक बिट सूचना के नष्ट होने पर अगर अमुक मात्रा में ऊष्मा निकलती है तो इस बिट का वजन क्या होगा? पता चला, यह एक इलेक्ट्रॉन के वजन के करोड़वें हिस्से के बराबर होना चाहिए।

2020 में इस खेल को आगे बढ़ाते हुए वॉप्सन एक विचित्र नतीजे तक पहुंचे। उन्होंने हिसाब लगाया कि अभी धरती पर मौजूद कुल कंप्यूटर सूचनाएं 100 अरब-अरब बिट हैं और हम सालाना औसतन 61 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से इन्हें बढ़ाते जा रहे हैं। आगे यह दर घटकर 50 फीसद रह जाए तो भी सन 2245 तक सिर्फ सूचनाओं का वजन धरती का आधा हो जाएगा और इस नई आवक से हमारा ग्रह डेढ़ गुना भारी हो चुका होगा। **-फेसबुक वॉल से**

## जयंती

# 'और पाप' श्वेतांक ने पूछा...

बहुआयामी साहित्यकार भगवती चरण वर्मा ने हिंदी की प्रत्येक विधा में लेखनी चलाई। कवि, समीक्षक, पत्रकार, नाटककार, फिल्म लेखक और उपन्यासकार सभी रूपों में उन्हें सराहा गया, लेकिन उनकी ख्याति उपन्यासकार के रूप में अधिक हुई। खासतौर पर उनके उपन्यास चित्रलेखा ने उन्हें अमर कर दिया। लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है। भारत सरकार ने 1971 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा। साहित्य अकादमी पुरस्कार भी उन्हें मिला। 30 अगस्त को भगवती बाबू की जयंती है। इस मौके पर उनकी पौत्री शिवानी (वर्मा) श्रीवास्तव से बातचीत हुई।



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

लंबे समय तक चित्रलेखा उपन्यास को बेस्ट सेलर का दर्जा प्राप्त रहा। लखनऊ शहर का महानगर मोहल्ला जहां भगवती बाबू रहा करते थे उनके कृतित्व का गवाह है।

प्र. भगवती बाबू के साथ आप अपने रिश्ते के बारे में कुछ बताइए।

वो मेरे बाबा थे। उनके साथ मेरा रिश्ता बिल्कुल वैसा ही था जैसा सामान्यतः एक दादा-पोती का होता है। उनका प्यार, अनुशासन हमें हमेशा याद दिलाता रहता है कि पढ़ाई लिखाई में कोई समझौता नहीं। वह स्वयं समय के पाबंद थे तो उनकी अपेक्षा थी कि हम भी समय का मूल्य समझें।

प्र. उनकी लेखन प्रक्रिया के बारे में कुछ बताइए।

बाबा सुबह दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर 9-9:30 बजे तक घर के बरामदे में लिखने बैठ जाते थे। दोपहर भोजन और थोड़े आराम के बाद शाम 4:30 से 6 वो पुनः लिखते। वो हमेशा बरामदे में ही बैठकर लिखते थे। इस बीच मिलने जुलने वालों से भी वो वहीं मिलते।

प्र. भगवती बाबू समाज में एक विशिष्ट दर्जा रखते थे। इस बात का प्रभाव का घर में परिवारजनों के प्रति उनके स्वभाव में कहीं झलकता था?

एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने के कारण वो थोड़ा व्यस्त ज़रूर रहते थे, लेकिन जब वो घर में हम लोगों के बीच होते तो सिर्फ और सिर्फ पति, पिता, ससुर और हमारे बाबा होते थे। वो ऊपर से थोड़ा सख्त अंदर से नरम थे। फिल्मी दुनिया और सेंसर बोर्ड से जुड़े रहने के कारण उनमें फिल्मों के प्रति अरुचि सी उत्पन्न हो गई थी। इसलिए जब हम लोगों को फिल्म देखनी होती तो उनकी अनुमति लेना बहुत कठिन काम होता था और यह काम अक्सर मुझे ही करना पड़ता था। मुझे याद है कि मुझे एक बार स्कूल की तरफ से आगरा जयपुर की ट्रिप में जाने का अवसर मिला, बाबा की अनुमति के बिना तो जाना असंभव था। मैं डरी हुई उनसे पूछने गई, लेकिन मेरी आशंकाओं के विपरीत उन्होंने न केवल एक बार में हां कर दी, बल्कि खर्च करने के लिए कुछ पैसे भी दिए।

प्र.- परिवार उनके लिए क्या मायने रखता था?

परिवार की जिम्मेदारियों के प्रति वह बेहद सजग रहते थे। परिवार के हर सदस्य की न केवल जरूरतों का, बल्कि शौक का भी बढ़-चढ़ कर ख्याल रखते थे। मुझे 1975 का एक वाकया याद आ रहा है। हम लोग छुट्टियों में अपने चाचा जी के घर दिल्ली गए थे, उनके यहां हमने पहली बार टीवी देखा, चित्रहार, फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन और रविवार को दिखाए जाने वाली फिल्म हम लोगों के लिए अजूबा ही था। सो हम लोग वहां कुछ अतिरिक्त दिनों के लिए रूक गए। बाबा ने जब फोन पर वापस न आने का कारण पूछा तो हम लोगों ने उन्हें बताया कि यहां पर टीवी है। हफ्ते भर बाद जब हम लोग लखनऊ पहुंचे तो दूर से ही घर के ऊपर लगा हुआ एंटेना दिखाई पड़ा। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बाबा ऐसे सरप्राइज बहुत देते थे।

प्र. आप उनके द्वारा स्थापित किस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहेंगी?

निस्संदेह उनके द्वारा स्थापित सबसे बड़ी परंपरा है लेखन की। ये परंपरा ईश्वर की कृपा से पहले हमारे पापा धीरेंद्र वर्मा ने संभाली और अब इस परंपरा का निर्वाह मैं और मेरे भाई बहन सब ही कर रहे हैं। मैं चाहूंगी कि यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहे।

प्र. बाबा ने कुछ फिल्में भी लिखी। क्या हुआ कि जल्दी ही लखनऊ वापस आ गए।

शुरुआती दिनों में वे मुंबई में देविका रानी की कंपनी बॉम्बे टॉकीज से जुड़े रहे, इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों की पटकथा लिखी, जिनमें दिलीप कुमार की पहली फिल्म ज्वार भाटा भी शामिल है। दरअसल बाबा को अपनी लेखनी में परिवर्तन पसंद नहीं था, फिल्मी पटकथाओं में उनके मूल भाव को तोड़-मरोड़ दिया जाता था, यही वजह रही कि बाबा ने स्वतंत्रत लेखन को पसंद किया और वो लखनऊ लौट आए।

प्र. उनके शौक क्या थे?

सुबह उठकर बरामदे में हमारी दादी के साथ टी-पॉट वाली चाय पीना उन्हें बेहद पसंद था। अपने अनुशासित और व्यवस्थित जीवन में शाम को लगभग रोज दोस्तों के साथ हजरत गंज स्थित कॉफी हाउस में बैठा करते थे, जहां राजनीति और साहित्य पर लंबी चर्चाएं हुआ करती थी। रात में सोने से पहले ताश का पेशेंस (अकेले खेला जाने वाला खेल) गेम खेला करते थे और हां बाबा पान खाने के बहुत शौकीन थे। इसी वजह से हमारे घर में पानदान हमेशा रहता था।

प्र. नई पीढ़ी को भगवती बाबू के जीवन से क्या शिक्षा लेनी चाहिए?

सरलता, सहजता वक्त और लोगों की कद्र करना।

# लोक जीवन को देने के लिए

लोगों का कहना है कि संसार में नास्तिकों की संख्या भी बढ़ चुकी है। उनको बधाई! यदि वे लोग ऐसा मानते हैं कि नास्तिकता (अनीश्वरवाद) में ऐसी ऊर्जा है, जिससे क्रांति हो जाएगी और जिससे न्याय की स्थापना होगी तो वे अवश्य ऐसा कुछ करें। इससे तो सभी को प्रसन्नता ही होगी और हमें भी ऐसी नास्तिकता (अनीश्वरवाद) का सहर्ष अभिनंदन ही करना होगा, लेकिन यदि यह सब जबानी जमा खर्च है तो उनको राम-राम। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवियों की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख। वैज्ञानिक-समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, नास्तिकता कह लें। यदि आपकी उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो-सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोक जीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेडचाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। वैज्ञानिक वैज्ञानिक कहने से सनक वैज्ञानिक नहीं हो सकती।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# नीलू यादव की गिरफ्तारी को पुलिस की तीन टीमें लगीं

## अगले सप्ताह पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर 50 हजार रुपये इनाम संभव

**किशोरी से दुष्कर्म**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**न्यायालय में प्रार्थना पत्र डालने की चर्चा**

- चर्चा है कि आरोपी नीलू यादव ने न्यायालय में हाजिर होने के लिए अपने वकील के माध्यम से प्रार्थना पत्र डाला है। इस बाबत कोतवाली पुलिस का कहना है कि उनको इसकी जानकारी नहीं है। बताते चलें कि नवाब सिंह यादव 12 अगस्त को किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने जेल भेजा था। आरोप है कि किशोरी की बुआ ने पुलिस की विवेचना में बाधा डालते हुए नवाब सिंह को बचाने का प्रयास किया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने से बुआ ने इंकार किया था। आरोप है कि इस काम के बदले नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव ने बुआ को चार लाख रुपये का प्रलोभन देकर विवेचना में खलल डाली थी। इसी पर पुलिस ने बुआ की गिरफ्तारी करने के बाद नीलू यादव को भी आरोपी बना दिया।

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के छोटे भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव की गिरफ्तारी के लिए कोतवाल ने पुलिस की तीन टीमें बनाई हैं। यह टीमें लगातार आरोपी की खोज कर रही हैं। गिरफ्तारी न होने पर अगले सप्ताह पुलिस नीलू पर इनाम दोगुना 50 हजार रुपये घोषित कर देगी।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद आरोपी नवाब सिंह यादव के बाद अब नीलू पर भी मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। आरोपी नीलू की लोकेशन खोजी जा रही है। पुलिस नीलू के करीबियों को भी पकड़ कर पूछतांछ कर रही है। यही नहीं पुलिस नीलू के सबसे करीबी को भी खोज रही है पर बताया जाता है कि नीलू के फरार होने के बाद उनके सबसे अधिक करीबी भी घर छोड़ कर फरार हो गए हैं। इसलिए पुलिस उन करीबियों की भी मोबाइल लोकेशन एकत्र कर रही है। साथ ही पता लगाया जा रहा है कि वह फरारी के दौरान किन-किन लोगों से बात कर रहे हैं।

उनके माध्यम से पुलिस नीलू तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यदि नीलू यादव की तीन दिन तक गिरफ्तारी नहीं होती है तो उन पर इनाम की धनराशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दी जाएगी। उसके बाद अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई या उसने न्यायालय या पुलिस के सामने आत्म समर्पण नहीं किया कानपुर रेंज स्तरीय अधिकारियों की ओर से इनाम की धनराशि और अधिक हो सकती है।

# परिजनों के नाम प्लॉट पर फैसला सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप
- जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में एक घंटे तक चली बहस

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा इलाके में सरकारी तालाब की आराजी को लेकर 24 साल पुराने विवादित मामले में न्यायालय से जल्द फैसला आने की संभावना है। जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में गुरुवार को पक्षकारों ने दलीलें पेश कीं। उसके बाद जिला मजिस्ट्रेट ने फैसला देने के लिए फाइल सुरक्षित कर ली है। बताया जा रहा है कि दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के परिजन इसमें शामिल हैं।

जिला प्रशासन की ओर से दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह यादव की संपत्तियों की जांच गोपनीय तरीके से कराई जा रही है। लेखपालों की प्राथमिक जांच में सरायमीरा इलाके में नवाब सिंह यादव के परिवार से जुड़े विवादित प्लाट का मामला इन दिनों जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में अंतिम दौर में चल रहा है। जानकारों के मुताबिक शहर के सरायमीरा इलाके के सरकारी नक्शे में जीटी रोड किनारे करीब 15 बिस्वा आराजी का सरकारी तालाब दर्ज है। करीब दो दशक पहले कुछ लोगों ने तालाब को पाट कर कब्जा कर लिया। उसके बाद यहां निर्माण कर मकान व दुकानें बना लीं। सन् 2000 के दौरान सरकारी तालाब पर कब्जा कर अवैध निर्माण का मामला न्यायालय के समक्ष पहुंचा था। तब से इस मामले में सुनवाई हो रही है। मौजूदा समय में विवादित तालाब की भूमि बेशकीमती बताई जा रही है। 13 अगस्त को सदर तहसील की ओर से सरकारी तालाब पर अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी किया गया था। इन दिनों मामले की सुनवाई जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विचाराधीन है। सदर नगर पालिका और कब्जेदारों के बीच मलिकाना हक को लेकर मामला कोर्ट में है। बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में मामले की सुनवाई हुई थी। कागजी कोरम पूरा न होने की वजह से सुनवाई को गुरवार तक बढ़ा दिया गया। दूसरे दिन जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त शुक्ल ने मामले की सुनवाई की। पक्षकारों ने कोर्ट में मालिकाना हक को लेकर अपनी दलीलें सुनाईं। एक घंटे तक विवादित सरकारी तालाब को लेकर कोर्ट में बहस हुई। नगर पालिका परिषद के अधिवक्ता विनोद त्रिवेदी ने बताया कि बहस के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने निर्णय देने के लिए फाइल लगा दी है। अब जल्द ही विवादित सरकारी तालाब के मामले में फैसला आने की संभावना है। इसमें सात-आठ पक्षकार हैं।

# किशोरी के साथ छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अछल्दा क्षेत्र में करीब सात वर्ष पूर्व किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी विकास को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

उक्त मामले की अभियोजन की ओर करने वाले डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल ने बताया कि थाना अछल्दा की पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई कि वह 19 मई 2017 की रात घर में सो रही थी। तभी करीब 12 बजे विकास यादव पुत्र महेश यादव छत से आंगन में कूदकर उसके कमरे में आ गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर वह दरवाजे के किवाड़ खोलकर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की तथा विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज। सिंह ने दोषी विकास को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे 06 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने जमा कराई गई अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया।

### कक्षा 11 की छात्रा के साथ छेड़छाड़, आरोपी फरार

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 11 में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा प्रतिदिन अपने स्कूल जाती थी। पीड़िता की मां ने बताया कि 22 अगस्त को सुबह सात बजे वह विद्यालय जा रही थी तभी रास्ते में हरिजनपुर्वा गांव निवासी आदेश ने उसे पीछे से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी के चिल्लाने पर वह भाग गया। कार्रवाई न होने से आरोपी के हौंसले बुलंद हो गए। वह दोबारा छात्रा से अश्लील हरकत करने लगा। छात्रा की मां ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# मायके पहुंचा महिला आरक्षी का शव

संवाददाता जाफरगंज

- जाफरगंज की महिला आरक्षी हरदोई में थी तैनात
- मंगलवार को हादसे का शिकार हुई थी महिला आरक्षी

**अमृत विचार।** जनपद की रहने वाली एक महिला सिपाही की हरदोई में एक हादसे से मौत हो गई थी। मौत के बाद आज उनका शव मायके नरैचा पहुंचा। जहां अंतिम संस्कार किया गया।



शशि सिंह।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के कटरा नरैचा गांव निवासी रूद्रपाल सिंह परिहार की पुत्री शशि सिंह का 2016 में महिला आरक्षी के पद पर चयन हुआ था। वर्तमान में वह हरदोई के कासिमपुर थाने में तैनाती थी। मंगलवार को सरकारी जीप से दरोगा प्रणवीर सिंह, शशि सिंह एक मामले में महिला का बयान कराने कचहरी गए थे। लौटते समय गौसगंज चौकी में महिला को उतार दिया। कासिमपुर थाने में तैनात पैरोकार आरक्षी शुभम यादव एवं आरक्षी मनोज मिल गए, गौसगंज से थोड़ा आगे कहली गांव के करीब अचानक एक नशेड़ी आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में जीप अनियंत्रित होकर तालाब किनारे पलट गई। लोगों ने थाने में सूचना दी। सभी को सीएचसी संडीला ले जाया गया। जहां महिला आरक्षी शशि की मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजन पहुंचे और महिला का शव ससुराल कानपुर जनपद के गांव सिकठिया लाया गया। उसके बाद आज गुरुवार को महिला सिपाही का शव मायका कटरा नरैचा पहुंचा, जहां पिता रूद्र पाल सिंह, मां गीता सिंह, बहन सृष्टि, पारुल भाई सत्यम बेहाल थे। अंतिम संस्कार भिटौरा घाट पर किया गया।



घर के बाहर लगा ग्रामीणों का जमावड़ा। अमृत विचार

# तबीयत बिगड़ने पर दो बच्चों की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने फूड प्वाइजनिंग का मामला बताया

**अमृत विचार।** तबियत बिगड़ने से दो बच्चों की मौत हो गई। तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया मामला फूड प्वाइजनिंग का है।

हसेरन विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा रौसा के मजरा आदमपुर माखन में दो बच्चों की मौत के बाद तीसरे को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पिंकी पुत्री रामाधार जो रक्षाबंधन पर सुल्तानपुर मैनपुरी अपनी ससुराल से मायके बच्चों को लेकर आदमपुर आई हुई थी। बुधवार रात आठ साल की बेटी प्रियल तथा चार वर्षीय प्रेम कुमार को उलटी व दस्त होने लगी। रात करीब 12 बजे चिकित्सक के पास ले जाते समय रास्ते में प्रियल ने दम तोड़ दिया। बेटा प्रेम कुमार की हालत खराब होने पर चिकित्सक के पास ले गए तो उसकी भी मौत हो चुकी थी। तीसरा बच्चा बीमार होने पर उसको इटावा निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। सीएचसी हसेरन के डॉ. पवन कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने गांव में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निर्मल जगदीश ने बताया बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं।

# किशोरी के साथ गैंगरेप, 3 आरोपी फरार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पीड़िता की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस
- तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने लिखी एफआईआर
- पुलिस ने पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा

**अमृत विचार।** कस्बे की एक किशोरी के साथ तीन युवकों ने जलालपुर रोड स्थित सरसई गांव के पास खेत पर गैंगरेप किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खेत पर ही किशोरी को छोड़कर भाग निकले। सूचना पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को थाने लाई। बड़ी बहन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया है।

कस्बे की रहने वाली एक युवती ने बताया कि कस्बे के ही रहने वाले अनवार, शिवम और नवीन उसकी नाबालिग बहन को बहाने से जलालपुर रोड स्थित खेत की तरफ ले गए। वहां ले जाने के बाद तीनों युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती की। बहन ने विरोध किया, लेकिन तीनों ने उसे दबोचकर बारी-बारी से बलात्कार किया। दुराचार करने के बाद बहन को खेत पर ही छोड़कर भाग गए।

युवती के मुताबिक गैंगरेप के बाद उसकी बहन ने डायल 112 पर पुलिस को वारदात की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस उसे लेकर कोतवाली पहुंची। पीड़ित किशोरी ने कोतवाली पुलिस को पूरी आपबीती बताई। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच करने के साथ ही आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**सफेद अपाचे बाइक में लिखा था सभासद**

- गैंगरेप का शिकार पीड़ित किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी सफेद रंग की अपाचे बाइक से आए थे और उसी में जबरन बिठाकर जलालपुर रोड स्थित सरसई गांव के पास खेत ले गए। उसने यह भी बताया कि बाइक में आगे सभासद लिखा हुआ था। पुलिस अब इस बाइक की तलाश कर रही है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, 3 श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कामतानाथ के दर्शन करने चित्रकूट पैदल जा रहा था महिलाओं का जत्था

**अमृत विचार।** कामतानाथ के दर्शन करने पैदल चित्रकूट जाते समय ग्राम सुदामापुरी के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने श्रद्धालुओं के जत्थे को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य महिला श्रद्धालु घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी चरखारी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक फरार हो गया।

कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम अंडवारा से कामतानाथ के दर्शन करने के लिए एक जत्था चित्रकूट के लिए रवाना हुआ था, जो पैदल चलकर कोतवाली चरखारी के ग्राम सुदामापुरी पहुंच गया और आगे का रास्ता तय कर रहा था, तभी गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने श्रद्धालुओं के जत्थे में टक्कर मार दी, जिससे महिला श्रद्धालु सर्वेस (35) निवासी अंडवारा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उमादेवी, रामरानी और मन्नू हादसे में घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली चरखारी पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी चरखारी पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होन पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते सीओ सिटी दीपक दुबे, कोतवाली प्रभारी महोबा नरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल पहुंचे, और घायलों को देखा। मृतका के शव को मुर्दाघर में रखवा दिया गया। बताया जाता है बाइक चालक शराब के नशे में था।

# दहेज उत्पीड़न में पति सास-ससुर, देवर दोषी

**चित्रकूट।** दहेज उत्पीड़न में दोषी पति, सास-ससुर और देवर को त्वरित न्यायालय ने पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा दी। इनको 19-19 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि प्रयागराज जिले के बारा थाने के लोहगरा गांव निवासी शंकरलाल ने 17 जुलाई 2019 को मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बेटी फूलकली की शादी मटियारा मजरा ढढवार निवासी अरविंद कुमार से की थी। शादी के बाद से दहेज को लेकर ससुराली उत्पीड़न करने लगे। 29 जून 2019 को ससुरालीजनों ने फूलकली को पीटा। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने पीड़िता के दोषसिद्ध पति अरविंद, सास लल्ली, ससुर उमाशंकर एवं देवर अजय को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

# गैर इरादतन हत्या के 3 दोषियों को 7-7 साल का कारावास

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** योजनाबद्ध तरीके से शिकारियों द्वारा जंगल में बिछाए गए करंट लगे तार में फंसने से बुजुर्ग किसान की मौत और घटना को छिपाने के उद्देश्य से शव को रेलवे पटरी में फेंकने के मामले में दोषी तीन लोगों को न्यायालय ने सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 12 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 20 मार्च 2022 को बरगढ़ थाने के मोजरा मौजा मुरका गांव के निवासी दीपक सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता गिरबधारी सिंह 19 मार्च 2022 की रात खेतों में फसल की रखवाली के लिए गए थे। दूसरे दिन वह घर नहीं लौटे तो भतीजा शैलेंद्र सिंह खेत गया, जहां



झोपड़ी में टार्च, साफी व मोबाइल रखे थे, पर गिरबधारी नहीं थे। कुछ दूर तक तलाश करने के बाद उनके खून लगे जूते और जमीन पर बिखरा खून नजर आया। इस पर उसके चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खोजबीन की। रेलवे लाइन के पास उनका शव पड़ा था। दीपक ने पिता की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की विवेचना में सामने आया कि मृतक के गांव के ही बब्बू उर्फ रामपाल विश्वकर्मा, रामजतन कोल व शिवसागर सिंह पटेल जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए करंट युक्त तार रात में खेतों में बिछा देते थे। गिरबधारी इसका विरोध करता था। इसके चलते उन लोगों ने उसको मारने के लिए करंट युक्त तार लगा दिए थे। वहां से निकलते समय गिरबधारी सिंह तार में फंस गए और उनकी मौत हो गई। इस अपराध को छिपाने के उद्देश्य से तीनों ने गिरबधारी के शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। गैर इरादतन हत्या और साक्ष्य नष्ट करने के मामले मंर दोषी बब्बू उर्फ रामपाल विश्वकर्मा, रामजतन कोल व शिवसागर सिंह पटेल को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई।

## सार-संक्षेप

### पत्नी को जलाकर मारने के प्रयास में पति को 10 साल कैद

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम रूपेंद्र सिंह टोंगर ने सात साल पुराने दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मारने के प्रयास के एक मामले की सुनवाई करते हुए पति को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे दस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 16 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे चार माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। वहीं कोर्ट ने संदेह का लाभ देते हुए सास को दोष मुक्त कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि औरैया जिला के बेला थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुरा निवासी सुरेंद्र सिंह ने लवेदी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसने अपनी पुत्री संजू की शादी वर्ष 2012 में सर्वेश कुमार के साथ की थी। शादी के बाद ही संजू के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में बीस हजार रुपया की मांग करने लगे। रुपया न मिलने के कारण संजू के ससुरालीजनों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। बाद में ससुरालीजनों ने पांच अप्रैल 2017 को उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे वह झुलस कर घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सर्वेश सास राम बेटी ससुर उदय चंद्र बहन सुषमा व बहनोई प्रमोद के खिलाफ दहेज अधिनियम व हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने बहन व बहनोई को निर्दोष पाया। पुलिस ने पति सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान ससुर उदय चंद्र की मौत हो गई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह तोमर के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने पति सर्वेश को दोषी पाया और उसे दस साल की सजा दी। जबकि सास को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

### ट्रक से कुचलकर बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**बांदा।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना क्षेत्र के आऊ गांव के मजरा अंगद पुरवा निवासी 22 वर्षीय लवलेश पुत्र गुलजारी लाल अपने 20 वर्षीय पड़ोसी अमर पुत्र बच्चू और 20 वर्षीय करन, 22 वर्षीय अजय के साथ बाइक में बैठकर बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अढौली गांव बुआ के यहां जा रहे थे। तभी बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अमर की मौके पर मौत हो गई। लवलेश, करन, अजय, घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने लवलेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान लवलेश की गुरूवार की सुबह मौत हो गई। मृतक लवलेश के बाबा छोटेलाल ने बताया कि लवलेश पंजाब में रहकर ईंट पथाई का काम करता था। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। 30 जुलाई 2023 को उसके मझले भाई नीलेश की टिटनेस से मौत हो गई थी। लवलेश ही परिवार का भरण पोषण करता था। उसका पिता किसानी करता है। वहीं अमर अपने पिता की इकलौती संतान था।

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन हत्या के आरोपियों को दबोचा

**महोबा।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जेठ के साथ बाइक से मायके ग्राम इंद्रहाटा जा रही महिला के जेठ की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। तबसे तलाश में जुटी पुलिस को बुधवार की रात एक बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने हत्यारोपी 1 बदमाश को मुठभेड़ में घायल कर दिया। जबकि 2 अन्य आरोपियों को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर मध्यप्रदेश के देवराहा गांव निवासी भारती अपने जेठ मुकेश के साथ मायके इंद्रहाटा जा रही थी, तभी रास्ते में तीन बदमाशों ने लूटपाठ के इरादे से मुकेश की बाइक को रोक लिया और लूटपाट का प्रयास करने लगे, इसका विरोध करने पर मुकेश की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद एसपी अपर्णा गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित भारी पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे, इसके बाद स्वाट टीम, सर्विलांस और अजनर पुलिस की संयुक्त टीमें लगाईं गईं। पुलिस दस दिन से बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की रात स्यावन गांव के जंगल में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जबाव में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की, जिससे एक बदमाश पुष्पेंद्र अहिरवार के पैर में गोली लग गई और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि उसके साथी अजय अहिरवार, और राहुल अनुरागी को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस व हत्या में प्रयोग की गई बाइक भी बरामद की है। पूछताछ में घायल बदमाश ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई अजय और दोस्त राहुल के साथ वरदात को अंजाम देने गया था।

**दिक्कत** नाले का निर्माण न होने से बारिश के पानी का नहीं हो रहा निकास, सालों से समस्या जस की तस बनी

# पानी में फंसे करोड़ों, आवास बने लेकिन आवंटन नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पूल्ड हाउस योजना के तहत अहमदपुर रौनी-गंगधरापुर के निकट करोड़ों रुपये की लागत से आवास बने हैं। करीब 20 फीसदी काम 11 साल बाद भी नहीं हो सका। इससे अफसरों को टाइप फोर आवास भी आवंटित नहीं हुए हैं। इतना ही नहीं सालों से यहां जलभराव की समस्या बनी है। पानी निकास के लिए नाला की दरकार है। इसको लेकर ग्रामीण भी मांग कर चुके हैं लेकिन हल नहीं निकाला गया है।



टाइप फोर आवास परिसर में बारिश के चलते जलभराव।



पूरा नाला न खोदे जाने की वजह से भरा पानी। अमृत विचार

> टाइप फोर आवास परिसर के आसपास जलभराव की समस्या खत्म करने के लिए नाला निर्माण के निर्देश डीएम ने दिए हैं। करीब 130 मीटर नाला बनाया जाना है। मार्ग व जलभराव की दिक्कत है। मनरेगा से काम कराने को कहा गया है। –**दिनेश चंद्र यादव डीसी मनरेगा**

- करीब 20 फीसदी काम 11 साल बाद भी नहीं हो सका

वर्ष 2013 में योजना के तहत टाइप फोर के 30, टाइप थ्री के 42 और टाइप टू के 32 आवास बनाने के लिए 1809.16 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। इसके सापेक्ष 1718.70 लाख रुपये खर्च भी कर दिए गए। टाइप फोर के गंगधरापुर में 24 आवास बने हैं। इसके तीन आवास डीएम कैंपस में हैं। टाइप तीन के 42 आवास गदनपुर बड्डू में और टाइप टू के 32 आवास मुसाफिरपुर जीटी रोड मानीमऊ में बनने थे। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की ओर से इनका निर्माण कार्य सितंबर 2020 में पूरा होना था। उसके बाद मार्च 2021 तक का समय बढ़ा दिया गया। तत्कालीन डीएम राकेश मिश्र ने 24 जून 2021 को अहमदपुर रौनी के निकट बने टाइप फोर के आवासों का निरीक्षण किया था। उसके बाद उन्होंने 20 जुलाई 2021 को प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी। उसमें जिक्र किया था कि 24 आवास बने पाए गए लेकिन छह का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा क्रिटिकल गैप्स योजना मद में 2020-21 में खडंजा निर्माण के लिए 27.31 लाख रुपये दिया गया था। इन दिनों सदर तहसील इलाके में बारिश खूब हो रही है। इसके चलते जलभराव की समस्या अधिक है। बताया जा रहा है कि करीब 130 मीटर नाला खोदाई व निर्माण का कार्य होना है, जो लटका पड़ा है। इससे आसपास के ग्रामीणों को भी दिक्कतें होती हैं। कुछ दिनों पहले अधिकारियों से उन्होंने समस्या समाधान की मांग रखी है।

**आवासों में ये हैं कमियां**

टाइप फोर के आवासों में अब तक जाली, खिड़कियों में शीशे, कमरों में अलमीरा व दरवाजे नहीं हैं। द्वितीय व तृतीय मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ी का निर्माण कार्य होना बाकी है। फिनिशिंग व रेलिंग भी नहीं बनी है। किचन में सिंक, मार्बल पत्थर, टाइल्स आदि का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। आवास में बने शौचालय का मात्र ढांचा बना है उसमें शीट, टावल राड, शीशा, साबुन ट्रे, बिबकॉप, स्टापकॉक, सीपी ग्रेडिंग, सीवर का काम नहीं हुआ। टाइल्स टूटे हैं, प्लंबरिंग का काम खराब है। सोकपिट, सीवर लाइन, पानी सप्लाई, सेफ्टी टैंक की दीवार कई जगह चटकी है। पानी की टंकी बनी है लेकिन कनेक्शन नहीं है। प्रांतीय खंड पीडब्ल्यूडी की ओर से बाहर कोई विकास कार्य नहीं कराए गए। आवासों को लावारिश हालत में छोड़ दिया गया। तत्कालीन डीएम ने सात बिंदुओं पर शासन को रिपोर्ट भेजी थी। इसमें यह भी लिखा था कि बाउंड्रीवॉल का निर्माण न होने से परिसर में पशु रहते हैं। बिजली का कार्य नहीं हुआ।

# अयोध्या को जल्द मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधा

## उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का एलान, लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस का किया उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय

- बोले-उपचुनाव की सभी सीटें भाजपा के खाते में आएंगी
- बंगाल में ममता को भुगतना पड़ेगा खामियाजा, 15 मिनट के लिए भोग आरती में हुए शामिल

**अमृत विचार :** वैश्विक नगरी बन रही अयोध्या को जल्द ही आधुनिक चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। ये एलान उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को यहां किया। वह राममंदिर के मुख्य द्वार के पास एक ऑडिटोरियम में सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और चिकित्सा व्यवस्था में लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की निशुल्क सुविधा का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झंडी दिखाकर एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन किया।



हनुमानगढ़ी दर्शन पूजन के बाद डिप्टी सीएम को स्मृति चिन्ह देता संत। अमृत विचार

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश वासियों को गुणवत्ता परक, उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। अयोध्या हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। जो भी आवश्यकता होगी, हमारी सरकार उसकी निगरानी करते हुए पूरा करेगी। उन्होंने मंकी पॉक्स के संक्रमण को लेकर कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सतर्कता बरतने के लिए गंभीरता से निर्देश दे दिए गए हैं। बंगाल की घटना पर कहा कि इसका खामियाजा ममता बनर्जी को अवश्य ही भुगतना पड़ेगा। कहा कि प्रदेश के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 10 सीटों पर विजय दर्ज करने जा रही है।

**24 तीर्थ स्थलों पर होंगी लाइफ सपोर्ट मेडिकल एम्बुलेंस:** उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भारत के 24 बड़े तीर्थ स्थानों पर सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के माध्यम से लाइफ सपोर्ट एडवांस मेडिकल एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी शुरुआत रामनगरी अयोध्या से की गई है। कार्यक्रम आयोजन सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि अयोध्या से 24 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस को सनातन धर्म की तीर्थ यात्रा को समर्पित किया।

### 10 एकड़ भूमि पर बनेगा मल्टी स्पेशियलिस्ट हॉस्पिटल

- अयोध्या : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एलान के बाद से अयोध्या में मल्टीस्पेशियलिस्ट हॉस्पिटल के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ की भूमि पर होगा। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अयोध्या धाम बस अड्डे के निकट आवास विकास की भूमि हॉस्पिटल के लिए चिह्नित की जा सकती है। श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद यहां पहुंचने वाले लाखों राम भक्तों की सेहत का ख्याल रखने के लिए मंदिर के निकट ही 500 बेड का एक बड़ा अस्पताल बनाने की तैयारी चल रही है। पहले तो श्रीराम अस्पताल को ही उच्चीकृत करने पर मंथन चल रहा था, जिसके लिए भूमि की नापजोख भी हुई, लेकिन जगह कम पड़ रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश हैं कि मल्टीस्पेशियलिस्ट अस्पताल का निर्माण राम मंदिर के ही निकट हो। अभी हाल ही में अयोध्या में उन्होंने एक बार फिर इसका एलान किया था। उसके बाद से जगह की तलाश करने में प्रशासन जुटा हुआ था।

# हमें चीन की विस्तारवादी नीति से रहना होगा सावधान : सुशील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक और पश्चिमी यूपी क्षेत्र के विमर्श प्रमुख सुशील ने कहा कि जम्मू- कश्मीर स्टडी के लिए युवाओं को तैयार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर और तिब्बत को लेकर भ्रम दूर करना होगा, इनके बारे में युवा पीढ़ी को बताना होगा। जब आने वाले पीढ़ी को याद रहेगा, तभी इस समस्या का निदान होगा। हम सभी को चीन की विस्तारवादी नीति से सावधान रहना होगा, क्योंकि वह बिना युद्ध लड़े जमीन कब्जा करने की नीयत रखता है।



सुशील।

यह बातें उन्होंने गुरुवार को आरएसएस के कार्यालय केशव कृपा भवन पर अमृत विचार से खास बातचीत में कहीं। कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 35 (ए) के मुताबिक अगर जम्मू-कश्मीर की कोई महिला किसी गैर-कश्मीरी से विवाह कर लेती है तो उसके सारे अधिकार खत्म हो जाते हैं। साथ ही उसके बच्चों के अधिकार भी खत्म हो जाते हैं। इसे 2019 में समाप्त कर दिया गया है। कहा कि हमारी सीमा तिब्बत से सटी हुई है, लेकिन भ्रम फैला दिया गया कि चीन से लगी है, अगर चीन से लगी होती तो भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल का नाम क्यों नहीं बदला गया। सबसे बड़ी बात तो यह है कि चीन ने डर के कारण अपने देश की सीमा को चिह्नित कर दीवार बना ली है। करीब 2 लाख 22 हजार किलोमीटर में 54 प्रतिशत जम्मू कश्मीर की भूमि पर आक्रांताओं का कब्जा है, जो देश की भूमि है। कई सिद्धपीठ स्थल दूसरी जगहों पर बताए जा रहे हैं, लेकिन वह भूमि भी देश की है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर इस संबंध में लोगों को बताना होगा।

# नियोक्ता की गलती से कर्मचारियों को पेंशन से वंचित नहीं कर सकते

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पेंशन के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नियोक्ता की गलती के कारण कर्मचारियों को पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता है। सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सामान्य भविष्य निधि में कटौती पेंशन प्राप्त करने की पात्रता के लिए एक शर्त नहीं है, साथ ही अधिकारियों द्वारा अंशदान में कटौती न करने के लिए कर्मचारी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सेवानिवृत होने के बाद कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि की राशि प्राप्त करने का हकदार होता है। जहां एक कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि में कोई अंशदान नहीं कर पाता, क्योंकि उसे नियोक्ता द्वारा जीपीएफ नंबर आवंटित नहीं किया गया था तो इसमें कर्मचारी का दोष नहीं माना जाएगा और ऐसे में उसे पेंशन से वंचित करना निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने उदय नारायण साहू की याचिका को स्वीकार कर याची को पेंशन की बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश देते हुए पारित किया।

# यूपीसीडा ने शुरू की औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उन्नाव, कानपुर देहात व वाराणसी समेत 15 जिलों में शुरू हुआ औद्योगिक भूखंडों का आवंटन
- बाराबंकी, प्रयागराज व उन्नाव समेत 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंड की शुरू हुई नीलामी प्रक्रिया
- 4 सितंबर निर्धारित की गई है आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, 13 सितंबर को मिलेगा भूखंड

**अमृत विचार :** यूपीसीडा ने 15 जिलों में औद्योगिक और 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 4 सितंबर को आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है जबकि मेगा ई-ऑक्शन को 13 सितंबर को ऑनलाइन लिंक के जरिए पूरा किया जाएगा। जिन 8 जिलों में व्यवसायिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उसमें अमेठी, बरेली, बाराबंकी, जालौन, मुरादाबाद, मथुरा, व प्रयागराज प्रमुख हैं। वहीं, मेगा ई-ऑक्शन के जरिए अमेठी, अमरोहा, बांदा, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, कानपुर देहात, मथुरा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, संभल, शाहजहांपुर, उन्नाव, सहारनपुर व वाराणसी प्रमुख हैं। इस प्रक्रिया में दोनों ही श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के भूखंड नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर, इस मेगा ई-ऑक्शन के जरिए 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा।

### 145 से लेकर 19769.48 वर्ग मीटर के भूखंड उपलब्ध

- जिन 107 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग सुनिश्चित हो रहा है उनमें सबसे छोटा प्लॉट मथुरा के कोसी कोटवन आईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। यह 145 वर्गमीटर प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट होगा जिसकी रिजर्व प्राइस 5.11 लाख निर्धारित की गई है। वहीं, ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में 19,769.48 स्क्वेयर मीटर के प्रसार क्षेत्र वाले प्लॉट भी रिजर्व प्राइस 44.91 करोड़ निर्धारित की।

# नफरत पैदा करने वाली राजनीति अब बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हिंदू-मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने वाली राजनीति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मुसलमानों पर जुल्म और ज्यादती भी बर्दाश्त की हद से बाहर हो गई है। भारत की राजनीति बेहद खराब हो चुकी है। मुसलमानों ने अगर इससे दूरी न बनाई तो भविष्य में नुकसान उठाना पड़ेगा। बृहस्पतिवार को उर्स-ए-रजवी के आगाज के बाद आल इंडिया मुस्लिम जमात की ओर से मुस्लिम एजेंडा जारी करते हुए यह बात उलमा ने कही।




एक होटल में प्रेसवार्ता कर मुस्लिम एजेंडा पेश करती ऑल इंडिया मुस्लिम जमात।

जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की अगुवाई में अलग-अलग राज्यों से आए उलमा और आलिमों ने भारतीय राजनीति, राजनीतिक दलों की नीतियों, मुसलमानों की तरक्की, शिक्षा, वक्फ संशोधन बिल और समान नागरिक संहिता समेत कई बिंदुओं पर मुस्लिम एजेंडा जारी किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने लड़कियों के लिए अलग स्कूल-कॉलेज खोलने पर जोर देते हुए कहा कि मुसलमानों को शिक्षा, कारोबार और परिवार पर ध्यान देने की जरूरत है, उन्हें समाज में फैल रही बुराइयों की रोकथाम के लिए भी आगे आना चाहिए। उलमा ने मुस्लिम लड़कियों के धर्मांतरण पर भी नाराजगी जताई। कहा, चंद कट्टरपंथी संगठन कमजोर मुसलमानों की लड़कियों को डराकर और लुभावने सपने दिखाकर शादी की मुहिम चला रहे हैं जो हिंदू-मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए खतरा बन सकती है। इन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जानी चाहिए। बांग्लादेश में तख्ता पलट के दौरान हिंदुओं के मकानों और मंदिरों पर हमलों की भी निंदा की गई। मुस्लिम एजेंडा जारी करने के दौरान हाफिज नूर अहमद, मुफ्ती सादिक सकाफी, सूफी अब्दुल रहमान, सूफी पीर मोहम्मद हनफी, मौलाना मजहर इमाम आदि मौजूद थे।

**वक्फ संशोधन बिल का समर्थन, समान नागरिक संहिता का विरोध:** उलमा ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि वक्फ संपत्ति का रखरखाव और उसकी आमदनी गरीब मुसलमानों पर खर्च होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लाल किले से समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही है। कहा, समान नागरिक संहिता और ऐसे दूसरे कानून जो शरियत में दखल करते हैं, उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं पप्पू उर्फ जितेंद्र कुमार कश्यप पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम कोलवाखुर्द पोस्ट मटिहा जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी भा0जी0बी0 निगम शाखा द्वितीय रायबरेली में पालिसी संख्या-213168980 जिसमें PAPPU S/O RAM MAUTAR KASHYAP अंकित है। जबकि बैंक पासबुक व आधार कार्ड में JITENDRA KUMAR KASHYAP S/O RAM AUTAR दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, जो मेरा और मेरे पिता का है।

**सूचना**

मेरे तीन पुत्र अजीत कुमार, आनंद कुमार व देवेंद्र कुमार तथा दो पुत्रियां कल्पना व आकांक्षा है। बड़ा पुत्र अजीत कुमार परिवार के साथ कुलपहाड़ में रहता है पुत्री कल्पना की शादी हो चुकी है। मेरा पुत्र आनंद कुमार उसकी पत्नी काजल अलग रहते हैं जिससे हमें कोई लेना-देना नहीं है आनंद कुमार व उसकी पत्नी का मनमुटाव है। आए दिन झगड़ा करते है। भविष्य में कोई घटना घटती है तो हमारा कोई लेना-देना नहीं है। **चिरंजी लाल पुत्र नरैना निवासी कमला नगर गोहांड थाना जरिया जिला हमीरपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र रामनरेश उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी कुल चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अच्छे, बुरे कृत्यों के स्वयं दोनों जिम्मेदार होंगे। मेरा और मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य का कोई वास्ता वह सरोकार नहीं होगा। यह दोनों आपस में बहुत लड़ते झगड़ते हैं तथा पत्नी लक्ष्मी देवी परिवार के लोगों को गाली गलौज धमकियां देती हैं कि सब को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। **सरला देवी पत्नी रामकिशोर कश्यप निवासी कटरा गंगारामपुर मल्लावां, हरदोई।**

# पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा की सजा जुर्माने में बदली

अयोध्या कार्यालय

- कोर्ट ने सुनाई एक लाख जुर्माने की सजा

**अमृत विचार:** पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा को जान से मार डालने की धमकी देने के मामले में सपा के पूर्व एमएलसी तिलक राम वर्मा की छह महीने की कारावास की सजा को कोर्ट ने परिवर्तित कर दिया है। अब तिलक राम को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया गया है। जुर्माने की रकम में से 80 हजार पूर्व नगर मजिस्ट्रेट को देने का आदेश हुआ। उन्होंने जुर्माना जमा भी कर दिया। फैसला अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए अशोक कुमार दुबे की अदालत से सजा के खिलाफ दायर अपील को आंशिक स्वीकार करते हुए गुरुवार को हुआ।

एमपी एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार शुक्ला की अदालत से 15 फरवरी को छह महीने की सजा और दो हजार रुपये के दंड से पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा को दंडित किया गया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा ने बताया कि घटना 21 जून 2013 की है। तत्कालीन सपा सांसद प्रत्याशी तिलक राम वर्मा ने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर उन्हें चुनाव प्रचार के लिए सर्किट हाउस में कमरा बुक करने के लिए कहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने लगातार रहने के लिए न दे पाने का अनुरोध करते हुए सर्किट हाउस का आवंटन नहीं किया था। इस पर तिलकराम वर्मा आग बबूला हो गए थे। सिटी मजिस्ट्रेट को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए धमकाया था। इस घटना से सिटी मजिस्ट्रेट का परिवार काफी सदमे में था। यह मामला उस समय काफी चर्चित हुआ और मीडिया में उछलने के बाद सपा से सांसद प्रत्याशी तिलकराम वर्मा का टिकट काट दिया गया था। इसमें एमपी एमएलए कोर्ट से पूर्व एमएलसी को सजा हुई थी। सजा के फैसले को उन्होंने जिला जज की अदालत में अपील के माध्यम से चुनौती दी। अपील सुनवाई के लिए एमपी एमएलए कोर्ट स्थानांतरित की गई थी।

# सहारा वापस करेगा एलडीए को 100 एकड़ जमीन

**लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एलडीए की ओर से बताया गया है कि 30 साल पहले सहारा शहर में ग्रीन बेल्ट के लिए लीज पर दी गई 100 एकड़ की जमीन वापस ली जा रही है। वहीं न्यायालय ने नगर निगम द्वारा लीज पर दी गई जमीन के सम्बंध में भी स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि दस दिनों में नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम इस सम्बंध में हलफ़नामा दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 18 सितम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने गोमती नगर जाना कल्याण महा समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित कियअ। याचिका पर सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता रत्नेश चंद्रा ने न्यायालय को बताया कि सहारा इंडिया की ओर से एलडीए को पत्र भेजकर बताया गया है कि वह जमीन वापस करने के लिए तैयार है। उक्त जमीन ग्रीन बेल्ट के लिए 28 फरवरी 1995 को सहारा इंडिया को लीज पर दी गई थी।

# 47 जिलों में दो सितम्बर से चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15.56 करोड़ की जनसंख्या को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** राजधानी समेत 47 जिलों के 550 विकास खंडों (ब्लॉक) में 2 से 15 सितम्बर तक 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) चलेगा। इसके लिए प्रमुख सचिव चिकित्सा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश दिए हैं।

राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ट्रेस, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट की प्रक्रिया अपनाते हुए रोगी की शीघ्र पहचान, जांच और इलाज किया जाता है। अभियान में 47 जिलों की 15.56 करोड़ जनसंख्या तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लक्षणों के आधार पर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे। अभियान में 1,55, 575 टीम और 31, 112 सुपरवाइजर बनाए गए हैं। टीम की ओर से घर-घर जाकर लोगों के लक्षण के आधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी और चिन्हित संभावित कुष्ठ रोगियों को संदर्भन पर्ची के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया जायेगा। राज्य कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 13,461 कुष्ठ रोगी हैं, जिनका इलाज चल रहा है ।

**यहां चलेगा अभियानः** आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बिजनौर, बुलंदशहर, देवरिया, एटा, इटावा, अयोध्या, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, गाजीपुर, हापुड़, गोंडा, चित्रकूट, हाथरस, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, ललितपुर,लखनऊ, महाराजगंज, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, संत रविदास नगर, सुल्तानपुर, कासगंज, मथुरा, संभल एवं अमेठी।

### सदस्यता अभियानः भाजपा बनाएगी रिकार्ड

**लखनऊ :** भाजपा 2 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में इसबार नया रिकार्ड बनाएगी। सभी प्रदेश व जिला प्रभारियों को तीन दिन तक धरातल पर डटने का निर्देश है। ये बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहीं। गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों की बैठक चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के सभी जिला प्रभारी 2, 3 व 4 सितम्बर को अपने-अपने जिलों में मंडल स्तर तक सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास करेंगे।

### ऊर्जा निगमों में निदेशक पद पर आरक्षण के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा

**लखनऊ :** पॉवर आफीसर्स एसोसिएशन ने ऊर्जा निगमों में खाली चल रहे निदेशकों के 17 पदों पर शीघ्र आरक्षण लागू करने की मांग की और मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजा। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि निदेशक पद के लिए जारी विज्ञापन तत्काल निरस्त किया जाए। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्ष 2015 में निगमो में निदेशकों के पदों पर लागू आरक्षण व्यवस्था को बहाल किया जाए और नया विज्ञापन जारी किया जाए।

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर**

पत्रांक: एस.एस.ए./जैम पोर्टल निविदा/3913-15 दिनांक: 29.08.2024

**जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-के.जी.बी.वी./ अनावर्तक / 1130/2024-25 दिनांक 09.05.2024 एवं जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला परियोजना शिक्षा समिति द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कलान, नगर क्षेत्र शाहजहांपुर बण्डा, भावलखेड़ा, तिलहर नगर, सिंधौली, जैतीपुर, पुवायां, कांट, निगोही, मिर्जापुर, कटरा, खुदागंज, खुटार, ददरौल तथा जलालाबाद) में नामांकित छात्राओं हेतु बेडिंग सामग्री (रजाई, गद्दा, चादर आदि) के क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित की गयी निविदा की संख्या GEM/2024/B/5341145 दिनांक 29.08.2024 है। निविदा निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न की जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01. | फर्म के चयन हेतु जेम से टैण्डर अपलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 29.09.2024 सायं 05:00 बजे से |
| 02. | जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 09.09.2024 सायं 05:00 बजे तक |
| 03. | जेम पोर्टल से निविदा खोलने की तिथि | 10.09.2024 अपरान्ह 12:00 बजे |

**दिव्या गुप्ता**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**शाहजहांपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लटूपुर, विकास खण्ड सैफई-इटावा**

पत्रांक: मेमो / ग्राम पंचायत-लटूपुर/निविदा प्रकाशन /2024/25 दिनांक: 27. 08. 2024

**नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से **ग्राम पंचायत** लटूपुर सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15वां वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु **ग्राम पंचायत लटूपुर** वि0ख0 सैफई में फर्मो/ ठेकेदारों से निविदायें टेण्डर 30.08.2024 से 05.09.2024 समय 02: 30 तक आमंत्रित एवं दिनाक 05.09.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03.30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनाक 30.08.2024 से 05.09.2024 तक **ग्राम पंचायत लटूपुर** पंचायत सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत सामग्री | जमानत धनराशि (2%) | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अखिलेश के घर से इच्छाराम के दरवाजे तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | पंचमं वित्त/पन्द्रहवा वित्त | 371159.00/- | 7500.00 | 500.00 |
| 2 | तिरमान के दरवाजे से अखिलेश के दरवाजे तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | पंचमं वित्त/पन्द्रहवा वित्त | 371278.00 | 7500.00 | 500.00 |
| 3 | मुकट के दरवाजे से तिरमान के दरवाजे तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | पंचमं वित्त/पन्द्रहवा वित्त | 347802.00 | 7000.00 | 500.00 |

**निविदा की शर्तें- ग्राम पंचायत लटुपुर** कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 730/33-3-2022- 11/2022 दिनांक 26.04.22 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं.) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कमी के परिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त कर दी जावेगी।

**उमा देवी, ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लटुपुर, विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

पत्रांक- 716/DA-02/66/2024-25 दिनांक - 28.08.2024

**निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज में राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से मरम्मत / निर्माण कार्य करवाना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0 सं0 | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 02-09-2024 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 02-09-2024 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 02-09-2024 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 04-09-2024 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 04-09-2024 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 04-09-2024 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 11-09-2024 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 11-09-2024 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 02.09.2024 प्रातः 09.00 बजे से देखा का सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्यकी अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

**अनिल कुमार**
**अधिशासी अधिकारी/टेण्डर केमटी अध्यक्ष**

**मुन्नी देवी**
**अध्यक्ष**
**न0पा0प0, गुरसहायगंज**
**जनपद-कन्नौज**

**पं0बाबूराम मिश्र इण्टर कालेज ,बम्हनीपुर-इटावा**

दिनांक-27.08.2024

**(विज्ञप्ति निर्वाचन)**

**प्रिय साथी,**

पूर्व प्रकाशित ऐजेंण्डा दिनांक-14.08.2024 के अनुसार आदर्श शिक्षा परिषद बम्हनीपुर-इटावा की प्रबन्ध कार्य कारिणी समिति की बैंठक दिनांक-25.08.2024 विद्यालय प्रांगण में पूर्वान्ह 11:00 बजें आहूत की गई। बैंठक में आदर्श शिक्षा परिषद बम्हनीपुर-इटावा के द्वारा संचालित पं0बाबूराम मिश्र इण्टर कालेज बम्हनीपुर-इटावा का आगामी प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चुनाव कराया जायेगा।

**निर्वाचन कार्यक्रम निम्नवत हैं-**

01- दिनांक-13.09.2024 दिन शुक्रवार सोसाइटी की साधारण सभा के अर्ह सदस्यों की मतदाता सूची का समय अपरान्ह 2:00 बजें प्रकाशन।
02- दिनांक-15.9.2024 दिन रविवार प्रकाशित मतदाता सूची पर आपत्तियां व निराकरण तथा पुनः प्रकाशन (समय अपरान्ह 2:00 बजें से सायं 5:00 बजे तक)
03- दिनांक-16.09.2024 दिन सोमवार प्रबंध समिति के पदों व कार्यकारिणी के सदस्यों के लिये नामांकन तथा प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन (समय अपरान्ह 2:00 बजें से सायं 4:00 बजे तक)
04- दिनांक-17.09.2024 दिन मंगलवार प्राप्त नामांकन पर आपत्तियों आमंत्रण व निराकरण व सूची का प्रकाशन (समय अपरान्ह 2:00 बजें से सायं 5:00 बजे तक)
05- दिनांक-19.09.2024 दिन गुरूवार प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी व सूची का अन्तिम प्रकाशन (समय अपरान्ह 2:00 बजें से सायं 4:00 बजे तक)
06- दिनांक-22.09.2024 दिन रविवार (मतदान/चुनाव यदि आवश्यक हुआ), मतदान पंचात गणना व परिणाम की घोषणा (समय अपरान्ह 2:00 बजें से सायं 4:00 बजे तक)

**आवश्यक-सूचना**

(क)- प्रबंध कार्यकारिणी समिति के लियें-अध्यक्ष-01,उपाध्यक्ष-01,प्रबन्धक-01, सहायक प्रबन्धक-01,कोषाध्यक्ष-01, तथा 08 सदस्य कार्यकारिणी का निर्वाचन होगा। किन्तु यह प्रतिवन्ध हैं कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संरक्षक श्रेणी से होगें एवं प्रबन्धक पद के लिये संरक्षक/आजीवन श्रेणी से होगें। तथा पदेन सदस्य-03 इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धरा 6ए(I)के अनुसार होगें।
(ख)-निर्वाचन कार्य विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगें तथा समस्त सूचनायें विद्यालय सूचना पट पर चस्पा की जावेगी।
(घ)-यदि आवश्यक हुआ तो निर्वाचन कार्यक्रम में संशोधन अध्यक्ष की सहमति से किया जावेगा। तथा उनका निर्णय अन्तिम होगा।

**प्रदीप मिश्रा,** प्रबन्धक
आदर्श शिक्षा परिषद ,बम्हनीपुर-इटावा

## एक नजर

### 22 जिलों में निर्माण सामग्री के लिए भेजे गए करोड़ों

**अमृत विचार, लखनऊ :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत 22 जिलों को निर्माण सामग्री के करोड़ों रुपये खातों में भेज दिए गए हैं। इससे जिलों में पक्के कार्य शुरू कराते हुए बकाया भुगतान किया जाएगा। प्रदेश को बजट न मिलने की वजह से ठेकेदारों ने ग्राम पंचायतों को निर्माण सामग्री देना बंद कर दिया था। इससे पक्के कार्य लगभग बंद हो गए थे। साथ ही निर्माण सामग्री का 4.99 अरब बकाया हो गया था। अमृत विचार की खबर का संज्ञान लेकर प्रदेश को निर्माण सामग्री के 1400 करोड़ जारी हुए हैं। इसमें गुरुवार को सीतापुर, बस्ती, बहराइच, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, जौनपुर, जालौन, संतकबीर नगर, महाराजगंज, गाजीपुर, आजमगढ़, हरदोई, चंदौली, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, बाराबंकी, बलरामपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रामपुर, अंबेडकर नगर के खातों में धनराशि भेजी गई। शेष जिलों को 30 व 31 अगस्त को इसी तरह बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

# जनधन खाता खोलने में उप्र. अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में सर्वाधिक रूपे कार्ड भी किए गए जारी, प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के 10 वर्ष पूरे
- देहात व सेमी अर्बन एरिया में 6.81 करोड़ तो अर्बन व मेट्रो सिटीज में 2.64 करोड़ खाते खुले

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना ने बुधवार को 10 वर्ष पूरे कर लिए। 9.46 करोड़ से ज्यादा खाते खोलकर देश में उप्र शीर्ष पर है। यह देशभर में कुल बैंक खाते का 18 फीसदी है। सुखद बात यह है कि इसमें भी लगभग 5 करोड़ खाताधारक महिलाएं हैं। वहीं, पीएम जनधन खाते के माध्यम से रूपे कार्ड वितरित करने में भी प्रदेश पहले स्थान पर है।

प्रदेश में विगत 10 वर्षों में गरीबों के जनधन खाते खोलने को प्राथमिकता दी गई है, जिसका परिणाम है कि 21 अगस्त तक प्रदेश में कुल 9,46,62,464 लाभार्थियों के जनधन खाते खोले जा चुके हैं। खाता खुलवाने वालों में सर्वाधिक संख्या ग्रामीण व सेमी अर्बन क्षेत्रों की है, जहां 6,81,66,123 लोगों का खाता खोला गया है। इसी तरह शहरी व मेट्रो बैंक शाखाओं के माध्यम से 2,64,96,341 खाते खोलने में सफलता मिली है। प्रदेश में सभी खोले गए जनधन खातों में 21 अगस्त तक कुल मिलाकर 48,525.75 करोड़ की धनराशि जमा है जो कुल धनराशि का 21 प्रतिशत से ज्यादा है। अन्य राज्यों की बात करें तो उप्र के बाद बिहार का नंबर आता है, जहां 6,06,80,517 खाते खोले गए हैं। वहीं इसके बाद पश्चिम बंगाल (5,18,88,115), मध्य प्रदेश (4,38,81,099), राजस्थान (3,57,41,553), महाराष्ट्र (3,54,81,136) और ओडिशा (2,19,54,863) जैसे राज्यों का नंबर आता है।

ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपी में रूपे कार्डधारकों की संख्या 6 करोड़ 24 लाख 23 हजार 540 है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 65 लाख के करीब नए प्रधानमंत्री जनधन अकाउंट खोले गए हैं। इनमें से 91 प्रतिशत से अधिक जनधन खातों के आधार सीडिंग का भी कार्य पूरा हो चुका है। लाभार्थियों को वित्तीय योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत सीधे उनके बैंक अकाउंट में प्राप्त हो रहा है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में भी सफलता मिलती है।

# पीड़िता की उम्र 16 से कम तो अग्रिम जमानत नहीं

## दुष्कर्म के मामलों में हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि दुष्कर्म के उन मामलों में जहां पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कम है, अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 में वर्ष 2018 में जोड़ी गई नई उपधारा को उद्धत करते हुए, यह आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने छोटी नाम की अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका पर पारित किया। गोण्डा जनपद के नवाबगंज थाने के उक्त मामले में अभियुक्ता पर 16 वर्ष से कम की पीड़िता के साथ हुए दुष्कर्म की साजिश में शामिल होने का आरोप है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि अग्रिम जमानत की धारा 438 में वर्ष 2018 में उप धारा 4 जोड़ते हुए, आईपीसी की धारा 376(3), 376 एबी, 376 डीए और 376 डीबी में अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर कर दिया गया है लिहाजा उक्त अपराध के मामलों में अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए, माना कि उक्त आपराधिक मामलों में अग्रिम जमानत पर विचार नहीं किया जा सकता। उक्त सभी धाराएं 16 वर्ष व 12 वर्ष से कम की बच्चियों के साथ दुष्कर्म व सामूहिक दुष्कर्म के अपराध से सम्बन्धित हैं।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट दे चुकी है इसके उलट निर्णय**

हालांकि, इस आदेश के उलट 13 मई 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ ने इसी प्रश्न पर पारित अपने निर्णय में कहा है कि उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं में अग्रिम जमानत न दिये जाने का प्रावधान उत्तर प्रदेश में नहीं है। उक्त निर्णय में कहा गया है कि अग्रिम जमानत की धारा 438 को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2019 में लागू किया गया जिसमें यूएपीए, एनडीपीएस, ऑफिसियल सिक्रेट एक्ट, गैंगस्टर व मृत्यु की सजा से दंडित अपराधों को अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर रखा गया, न की उप धारा 4 में वर्णित आईपीसी की धाराओं को। उक्त निर्णय के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 254 के प्रावधानों के तहत राज्य संशोधन सेंट्रल एक्ट पर प्रभावी होगा।

# राहुल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, प्रियंका ने किया कटाक्ष

## पत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने की अर्जुन पासी के हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रियंका ने सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर तंज कसा, कहा जो तुमको पसंद हो, वहीं बात करेंगे

**अमृत विचार :** रायबरेली से कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा वहीं, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रदेश सरकार की नीति पर कटाक्ष किया है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में अर्जुन पासी की हत्या का मामला उठाते हुए आरोपी विशाल सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। जबकि प्रियंका ने उप्र. सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर तंज कसते हुए कहा कि जो तुमको पसंद हो वहीं बात करेंगे। यह भी कहा, यह नीति सच को दबाने का एक और तरीका है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में यह उम्मीद की है कि इस प्रकरण में राज्य सरकार जो भी कार्रवाई करे उन्हें भी जानकारी दी जाए। राहुल के मुताबिक, हत्याकांड को दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

11 अगस्त को रायबरेली के अंतर्गत ग्राम पिछवरीया, थाना नसीराबाद के निवासी अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीते दिनों घटना का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजन से मिले थे। परिजन ने बताया था घटना में 7 नामजद अभियुक्तों में से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।



अपर मुख्य सचिव गृह को राहुल गांधी का पत्र सौंपता कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने दीपक कुमार को सौंपा राहुल गांधी का पत्र

कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल गुरुवार को लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार से मिला और उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित राहुल गांधी का पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद केएल. शर्मा, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं महासचिव संघठन अनिल यादव शामिल रहे।

### क्या कहा प्रियंका वॉड्रा गांधी ने



कांग्रेस नेता प्रियंका वॉड्रा गांधी ने प्रदेश सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी पर अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि, जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे, तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। इस कड़ी में उन्होंने आगे लिखा कि, उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएंगी? 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे? भाजपा नेताओं-विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल-पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा? प्रियंका ने लिखा, तुम दिन को कहो रात, वरना हवालात।

### महिलाओं के साथ हो रहीं घटनाओं पर न हो राजनीति : मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि प्रदेश समेत देश में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर राजनीति न की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए कहा कि देश में कभी पश्चिमी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा, फर्रुखाबाद आदि जिलों में मासूम बच्चियों, नाबालिग व महिलाओं के साथ दुष्कर्म, हत्या व आत्महत्या आदि घटनाएं हो रही हैं। यह अतिदुखद व चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं। ऐसी घटनाएं जल्दी होना बंद हो। इन घटनाओं के नाम पर राजनीति न की जाए। यही समय की मांग है और महिलाओं के हित में हैं।

# डीजीपी के समक्ष अब सीधे अपनी बात रख सकेंगे पुलिस अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रभारी से अनुमति लेकर आ सकेंगे मुख्यालय

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने पीपीएस और अराजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं को सुनने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने अनुमति दी है कि अब पीपीएस अधिकारी और अराजपत्रित अधिकारी भी उनसे संपर्क कर सकते हैं और अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। ताकि अधिकारी बिना किसी दुविधा के काम कर सकें और अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

डीजीपी कार्यालय से जारी निर्देश के तहत इसके लिए पीपीएस व अराजपत्रित अधिकारियों को अपने प्रभारी जनपद अथवा इकाई से अनुमति लेनी पड़ेगी। डीजीपी के निर्देश के मुताबिक अधिकारी उचित यूनीफॉर्म में सोमवार से शुक्रवार को महानिदेशक से भेंट कर सकते हैं। डीजीपी के इस निर्णय से पीपीएस और अराजपत्रित अधिकारियों में खुशी है।

बता दें कि पुलिस मुख्यालय में ऐसा महसूस किया जा रहा था कि दोनों संवर्गों की ठीक से सुनवाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में पुलिसिंग भी प्रभावित हो रही है। अगर अधिकारी अपनी पीड़ा बताने भी आ रहा है तो उसे संबंधित विभाग में भेज दिया जाता था। ज्यादातर मामलों में वह संतुष्ट नहीं हो पाता था। ऐसे में सीधे डीजीपी के समक्ष अपनी बातें रखने में उन्हें आसानी होगी।

# बकाया जमा करने के बाद भी बिजली जुड़ने में लग रहा समय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्ट मीटर वाले बिजली उपभोक्ताओं का हो रहा उत्पीड़न
- उपभोक्ता परिषद ने दाखिल की नियामक आयोग में याचिका

**अमृत विचार :** बकाया बिजली बिल जमा करने के बाद बिजली दोबारा जुड़ने में कई घंटे लग रहे हैं। ऐसा कर स्मार्ट मीटर वाले बिजली उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाते हुए गुरुवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की।

याचिका में कहा गया है कि राजधानी समेत इलाहाबाद, मथुरा, बरेली, अलीगढ़, आगरा, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे प्रदेश के कई जिलों से उपभोक्ताओं की ओर से ऐसी कई शिकायतें आ रही हैं। इन क्षेत्रों में पुरानी तकनीक के लगभग 12 लाख 2जी व 3जी स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं। कहा गया है कि बकाया होते ही उपभोक्ताओं की बिजली तत्काल काट दी जा रही है, पर बकाया अदा करने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल होने में आठ से लेकर 10 घंटे तक का समय लगा रहा है। गर्मी व उमस में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए यह 'उत्पीड़न मीटर' साबित हो रहा है। याचिका में कहा गया है कि लगभग चार से पांच वर्षों पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट पूरी तरह फेल साबित हो चुका है। इन मीटरों को लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की उदासीनता का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है, पर अभी तक इस कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### एसटीएफ कर चुकी है मीटर प्रकरण की जांच

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों व गड़बड़ी की शिकायत पर ऊर्जा विभाग ने प्रकरण की जांच एसटीएफ को दी थी। एसटीएफ में अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है, पर अभी तक मीटर लगाने वाली कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**नियामक आयोग ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन :** परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने याचिका दाखिल करने के बाद नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्यों से मुलाकात की और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है, साथ ही, उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसी भी तरह से उपभोक्ताओं का उत्पीड़न न होने देने का आश्वासन दिया गया है।

# विस उप चुनाव के लिए खुद प्रत्याशियों का जमीनी फीडबैक ले रहे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नामचीन चेहरों या फिर बेदाग नए चेहरों को मिलेगा मौका
- सभी 10 सीटें जीतने की रणनीति पर सपा प्रमुख कर रहे काम

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा को झटका देने की तैयारी में है। पार्टी की रणनीति कांग्रेस के साथ उम्मीदवार तय कर सभी 10 सीटों को जीतने की है। इस क्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद एक-एक उम्मीदवारों का जमीनी फीडबैक ले रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उपचुनाव में परिपक्व राजनीतिज्ञों या फिर बेदाग नए चेहरे को मौका दिया जाएगा।



दरअसल, सपा सभी सीटों को जीतने की रणनीति यूं नहीं बना रही, पार्टी लोकसभा चुनाव में मिले मतों और 2022 में मिली सीटों पर होमवर्क कर आगे बढ़ रही है। 2022 में उपचुनाव वाली 10 सीटों में से पांच पर सपा जीती थी। लोकसभा चुनाव में भी सपा ने इन सीटों पर बढ़त बनाए रखी।

लोकसभा चुनाव में विधानसभावार परिणामों का आंकलन करें तो कुंदरकी, करहल, कटेहरी, मिल्कीपुर, फूलपुर, सीसामऊ में इंडिया गठबंधन को बढ़त मिली, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में खैर और फूलपुर भाजपा जीती थी। मीरापुर रालोद ने सपा के साथ गठबंधन में रहकर जीती थी। इस बार रालोद भाजपा के साथ है।

### प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शत-प्रतिशत बनाए जाएं कार्ड

**लखनऊ/गोरखपुर :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में लोगों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाएं। प्रदेश के बाहर रहने वाले लोगों के लिए अन्य प्रदेशों में शिविर लगाए जाएं। राज्यपाल गुरुवार को गोरखपुर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

गोरखपुर के सर्किट हाउस में बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के बाहर रहने वालों के कार्ड के लिए कार्ययोजना बनाई जाए।

# 32 निवेश इकाइयों को मुख्यमंत्री आज देंगे 1300 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की नीति के अनुरूप राज्य में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की घोषणा शुक्रवार को साकार रूप लेने जा रही है। लोकभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2003, 2012, 2015 व 2017 व 2022 की औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं व नीतियों के अंतर्गत 32 निवेश इकाइयों को कुल लगभग 1300 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी।

साथ ही 10,715 करोड़ रुपये के कुल 28 निवेश-प्रस्तावों को लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। इसमें से मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 4500 करोड़ से अधिक के निवेश वाले 10 निवेश-प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे।

## वर्ग पहेली-176

**बाएं से दाएं**

1. 1. समाप्त या पूरा करने की क्रिया 2. (वाणिज्य) किसी व्यापारिक संस्था या समूह आदि की देनदारी चुकाकर उसका संपूर्ण व्यवसाय समाप्त करना, ऋण आदि को चुका देना 3. (विधि) किसी कंपनी के व्यवसाय को बंद करने के लिए कंपनी अधिनियम के अनुसार की गई कार्रवाई।

5. 1. कपटपूर्ण युक्ति 2. गलत ढंग से काटना।

7. 1. मिलाना 2. युक्त करना।

10. 1. विधाता, ईश्वर 2. ब्रह्मा

11. 1. आस-पास का स्थान, पड़ोस 2. मार्ग, रास्ता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में शासक की सवारी के आगे-आगे उसके वंश का यशगान करते हुए चलता था, भाट, चारण 2. वह व्यक्ति जो प्राचीन काल में राजदरबार के समय राजा से मिलने आने वालों की बारी आने पर आवाज़ देकर पुकारता था।

3. 1. एक प्रकार का पौधा और उसकी फली से निकलने वाले दाने

4. 1. गीली चीज़ पोतना, चुपड़ना 2. लीपना।

6. 1. सूत का लच्छा 2. ऐसा सूत का लच्छा जो मांगलिक अवसरों पर कलाई पर बांधा जाता है 3. हाथी के गले में पड़ी रस्सी जिससे महावत हाथी को काबू में करता है 4. हाथी की गरदन।

8. बहुत दूर, दूरस्थ।

9. गंधवाली, गंधयुक्त।



### वर्ग पहेली -175 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | | | | | 2 गो |
| व | | 3 रा | ज | 4 हं | स |
| | 5 का | | | सा | |
| 6 सि | र | फु | टो | व | ल |
| | बो | | | र | |
| | नि | | 7 बूँ | | |
| | 8 क | शी | दा | का | री |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 5 | | 1 | | |
| | 9 | | | | 6 | | | 3 |
| | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| 2 | | 6 | 7 | 9 | 5 | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 9 |
| | | 9 | | 3 | | 6 | | |
| 5 | | | 4 | | | | 2 | |
| | | 2 | | 1 | | 3 | 8 | |

### सुडोकू -88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 31 अगस्त 02.25 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** – आज पेट में दर्द और मरोड़ की शिकायत हो सकती है। सहकर्मियों से मतभेद बढ़ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े मामलों में थोड़ी परेशानी होगी। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष** – आज आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। गुरुतुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं। जीवन में अनुकूल परिस्थितियों का आनंद उठाएंगे। धैर्यवान होकर के सभी कार्यों को अंजाम देंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें।

**कर्क** – आज उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। किसी पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी पर ज्यादा निर्भर रहना उचित नहीं है। आपको अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। किसी चूक के कारण आपको आर्थिक हानि भी हो सकती है। गैस और कब्ज जैसी समस्याओं के उभरने की संभावना है।

**कन्या** – आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रेमी जन का उत्तम सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्तोत्र प्राप्त होंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**तुला** – आज बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। कटु शब्दों का ज्यादा प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का निवारण होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं।

**धनु** – आज अधिकारियों के साथ आपके वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन दोपहर के बाद कार्यक्षेत्र में कुछ अपसेट से हो सकते हैं।

**मकर** – आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

**कुंभ** – आज बिजनेस को लेकर आपका आत्मविश्वास डगमगा सकता है। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। घर में अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं। दूसरों के मामलों से स्वयं को दूर रखें।

**मीन** – आज काम के साथ आराम में भी ध्यान दें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। जीवनसाथी की बातों से थोड़े आहत हो सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 17.56 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
भीष्मा
सुबह : 10.38
हो गया टोटल स्यापा
रात : 07.42

&pictures
इंडियन
सुबह : 10.41
हमारी अधूरी कहानी
रात : 08.00

SONY PIX
एनाकोंडा
सुबह : 11.08
मैड मैक्स
रात : 09.00

ZEE CINEMA
हीरो द बुलेट
सुबह : 11.24
द क्रू
रात : 08.00

colors CINEPLEX
साजन
सुबह : 11.24
अर्जुन
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल- यार, मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे हैं। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी- क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625–2650 आर.आर.21 2725–2750 गेहूँफारम 2850–2900 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300–7400 अरहर 9000–9500 मसूर 5500–5600 मटर 3600–3700 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूँग 8000–8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15500–15600 अरहरस्पेशल 12500–12600 चनादाल 9000–9100 मटरदाल 4550–4650 मसूरमलका 6950–7000 मसूरदाल 7150–7200 उड़ददाल 9000– 13300 उड़द धोवा 10000– 13000 मूँगदाल 8100–9700 मूँग धोवा9700–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500–1600 मैदा 1600–1630 सूजी 1620–1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500–1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5300–5400 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000– 11500 मूँगफलीदानाषिवपुरी 9500– 11000 बटाली 8500–11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों एक्सपेलर सरसों कोल्हू 12700–12800 अलसी 10500–10600 अण्डी 12900–13100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575–1590 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1590–1590 मयूर 1590–1590 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54900–55100 |

# ग्राहकों को मिलेगा 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एआई और क्लाउड प्ले खंड के विस्तार पर बोले

नई दिल्ली, एजेंसी



- फोटो, वीडियो दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित होंगे स्टोर
- आरआईएल की 47वीं एजीएम में बोले अंबानी- जियो एआई-क्लाउड वेलकम दिवाली पर किया जाएगा जारी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी के एआई और क्लाउड प्ले खंड को विस्तार देते हुए गुरुवार को कहा कि रिलायंस जियो के ग्राहकों को 100 जीबी तक मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। जियो ग्राहक इस क्लाउड स्टोरेज में फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डिजिटल सामग्री और डेटा सुरक्षित स्टोर कर पाएंगे।

अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कहा कि जियो एआई-क्लाउड वेलकम पेशकश को दिवाली पर जारी किया जाएगा। अंबानी ने कहा कि जियो ग्राहकों को 100 जीबी तक का मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा, जिससे वे अपने सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, अन्य सभी डिजिटल कंटेंट और डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर करने के अलावा उन तक पहुंच बना पाएंगे। इससे अधिक स्टोरेज की जरूरत वाले लोगों के लिए भी हमारे पास सबसे किफायती कीमतें होंगी। उन्होंने कहा कि जियो के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कुछ चुनिंदा लोगों के लिए आरक्षित विलासिता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई सेवाएं सभी उपकरणों, न कि केवल महंगे, उच्च-स्तरीय उपकरणों पर ही उपलब्ध होनी चाहिए।

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि हमने जेनरेटिव एआई (रचनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हेलो जियो को और भी स्मार्ट बनाया है। भाषा की समझ में सुधार किया गया है और इसे अधिक मानवीय अहसास देने की कोशिश की गई है। अब, जियो सेट-टॉप बॉक्स पर सामग्री ढूंढना और आसान है। आकाश ने जियोफोनकॉल एआई सेवा भी पेश की, जो उपयोगकर्ताओं को कोई भी कॉल जियो क्लाउड में रिकॉर्ड और स्टोर करने की सुविधा देती है। यह कॉल का सारांश दे सकती है और दूसरी भाषा में अनुवाद कर सकती है।

### देश के लिए धन सृजन पर ध्यान

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका तेल से लेकर दूरसंचार तक का कारोबार करने वाला समूह अल्पकालिक लाभ कमाने और संपत्ति जमा करने के कारोबार में नहीं है, बल्कि उसका ध्यान देश के लिए धन सृजन पर है। उन्होंने कहा कि रिलायंस के सभी कारोबार भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख चालक बने हुए हैं और सफलता की गाथा बन गए हैं। रिलायंस का लक्ष्य देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए विश्व को अधिक स्वच्छ तथा हरित बनाना है।

### शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा

अंबानी ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल 5 सितंबर को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। जब रिलायंस बढ़ता है, तो हम अपने शेयरधारकों को इनाम देते हैं। अंबानी ने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण को रणनीतिक रूप से अपनाने से रिलायंस निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष-30 कंपनियों में स्थान सुरक्षित कर लेगी। रिलायंस ने 2023-24 में शोध एवं विकास पर 3,643 करोड़ से अधिक खर्च किए, जिससे चार वर्षों में शोध पर हमारा खर्च 11,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

# आईएफएससी में सूचीबद्ध होने के लिए न्यूनतम शेयरों की मात्रा हुई 10%

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम 1956 में वित्त मंत्रालय ने किया संशोधन

वित्त मंत्रालय ने गांधीनगर आईएफएससी में शेयर सूचकांकों में सूचीबद्ध होने के लिए कंपनियों को आकर्षित करने के प्रयास में कारोबार के लिए उपलब्ध शेयरों की आवश्यकता को 25 से घटाकर 10% कर दिया है। गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 के तहत भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) है।

मंत्रालय के अनुसार आर्थिक मामलों के विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) में अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप सूचीबद्ध आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम (एससीआरआर), 1956 में संशोधन किया है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) 2019 और कंपनियां (अनुमेय क्षेत्राधिकार में शेयरों की सूचबीद्धता) नियम 2024 के तहत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक योजना भारत में निगमित कंपनियों के शेयरों को प्रत्यक्ष सूचीबद्ध करने, कंपनियों को गिफ्ट-आईएफएससी में अनुमत अंतर्राष्ट्रीय सूचकांकों में सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाने के लिए नियामक ढांचा प्रदान करती है।

### भारतीय कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच होगी आसान

आईएफएससी में केवल अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक पर सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए प्रस्ताव के अनुसार जनता को न्यूनतम पेशकश व आवंटन के लिए निर्गम-पश्चात शेयर की जरूरत 10% होगी। ऐसी कंपनियों के लिए निरंतर सूचीबद्धता की जरूरत भी 10% तय की गई है, जैसा कि एससीआरआर के तहत रेखांकित है। एससीआरआर में संशोधन से उभरते व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप तथा कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक पहुंच आसान होगी।

# एफएंडओ पर 6,000 लोगों से सेबी को मिले सुझाव

मुंबई, एजेंसी

- सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का दिया था प्रस्ताव

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने गुरुवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार पर जारी परामर्श पत्र पर 6,000 सुझाव मिले हैं। सेबी ने जुलाई में जारी पत्र में सात उपायों का प्रस्ताव दिया था।

इनमें न्यूनतम अनुबंध आकार में वृद्धि व विकल्प प्रीमियम का अग्रिम संग्रह, स्थिति सीमाओं की इंट्रा-डे निगरानी, स्ट्राइक कीमतों का युक्तिकरण, अंतिम दिन (एक्सपायरी डे) पर कैलेंडर स्प्रेड लाभ को हटाना और अनुबंध समाप्ति मुनाफे में वृद्धि शामिल है। इनका उद्देश्य निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाना तथा डेरिवेटिव बाजारों में स्थिरता को बढ़ावा देना है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में बुच ने यह बात कही। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी. ने कहा था कि डेरिवेटिव कारोबार पर पाबंदियां लगाने के पीछे पूंजी बाजार नियामक का प्रथम उद्देश्य विकल्प कारोबार में अंतिम दिन होने वाली गहमागहमी को नियंत्रित करना है।

# शेयर बाजार 82 हजार पार निफ्टी ने भी लगाई छलांग

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से गुरुवार को शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक यानी 0.43% उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त का आठवां सत्र रहा। कारोबार के दौरान यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 11वें सत्र में बढ़त पर रहा। निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.40% बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192.90 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स में शामिल टाटा मोटर्स के शेयरों में 4% की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त पर रहे।

# भारत की रेटिंग स्थिर परिदृश्य से बीबीबी- पर बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच का खुलासा 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने गुरुवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा। इस तरह भारत की रेटिंग सबसे कम निवेश स्तर बीबीबी- पर बनी हुई है। यह अगस्त 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग है।

फिट रेटिंग्स ने कहा कि एजेंसी ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता चूक रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा है। भारत की रेटिंग को इसके मध्यम अवधि के मजबूत वृद्धि परिदृश्य से समर्थन हासिल है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिस्से के साथ इसकी ठोस बाहरी वित्त स्थिति और इसके कर्ज प्रोफाइल के संरचनात्मक पहलुओं में सुधार को आगे बढ़ाएगा। फिच ने कहा कि हाल ही में राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों की प्राप्ति, पारदर्शिता में बढ़ोतरी और राजस्व में उछाल से राजकोषीय विश्वसनीयता बढ़ी है। इससे इस बात की संभावना बढ़ी है कि मध्यम अवधि में भारत के सरकारी कर्ज में मामूली गिरावट आ सकती है। इसके बावजूद राजकोषीय आंकड़े भारत के ऋण परिदृश्य की कमजोरी बने हुए हैं। घाटा, ऋण और ऋण सेवा बोझ बीबीबी श्रेणी के अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। शासन संकेतक और प्रति व्यक्ति जीडीपी में कमी भी रेटिंग पर असर डालती है।

### भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक

फिच ने भारत के वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले देशों में से एक बने रहने की उम्मीदों पर कहा कि हम वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से थोड़ा कम है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### फोन वापस लेने से नाराज छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा में परिजनों के फोन छीनने से नाराज छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार देर रात फेज-दो थाना क्षेत्र के भंगेल गांव की है और मृतक की पहचान अभिषेक (16) के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि अभिषेक पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहा था, जिसकी वजह से परिजन ने उससे मोबाइल वापस ले लिया था। इस बात से नाराज अभिषेक ने कथित तौर पर घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच की जा रही है।

### दर्शन को बेल्लारी जेल में किया गया स्थानांतरित

**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार से बेल्लारी जेल भेज दिया गया। वह रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं। दर्शन की एक तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बेंगलुरु के 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को दर्शन को बेल्लारी जेल में स्थानांतरित करने की अनुमति दी थी।

### दुष्कर्म पीड़िता की आत्महत्या में आरोपी को उम्रकैद

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम न्यायालय संख्या (एक) ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशिष्ट न्यायालय ने आरोपी युवक दीपक को किशोरी से दुष्कर्म करने और किशोरी द्वारा आत्महत्या करने का दोषी मानते हुये उस पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।

### आयोग ने दूसरे चरण के लिए अधिसूचना की जारी

**श्रीनगर।** निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। दूसरे चरण के तहत श्रीनगर, गंदेरबल, बडगाम, पुंछ, राजौरी और रियासी जिलों में फैले 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। नामांकन पांच सितंबर, अगले दिन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार नौ सितंबर तक नाम वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण में श्रीनगर जिले की आठ सीटों पर मतदान होगा। 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों की 300 से अधिक अतिरिक्त कंपनियां तैनात की जाएंगी।

# ममता बोलीं- डॉक्टर सही, आरोप गलत

## ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को धमकी देने के आरोपों का किया खंडन

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता दुष्कर्म-हत्याकांड**



- एक्स पर ममता ने किया पोस्ट लिखा- मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा, ये दुष्प्रचार का हिस्सा

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ये महिला चिकित्सक से हुई दरिंगदगी के विरोध में 21 दिन से हड़ताल पर हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकी देने का आरोप लगाया है, जो गलत है और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार का हिस्सा है।

उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने मेडिकल के छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का समर्थन करती हूं। उनका आंदोलन जायज है। मैंने उन्हें धमकी नहीं दी। धमकी देने का आरोप झूठा है। तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की रैली में बनर्जी ने बुधवार को कनिष्ठ चिकित्सकों से तत्काल काम पर लौटने के लिए विचार करने का आग्रह किया था और कहा था कि वह हड़ताली चिकित्सकों के करियर को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहतीं। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को परोक्ष रूप से धमकी के तौर पर लिया और काम पर लौटने की अपील को ठुकरा दिया। बनर्जी ने कहा कि मैंने भाजपा के खिलाफ बोला है। मैंने उनके खिलाफ इसलिए बोला है क्योंकि भारत सरकार के समर्थन से वे हमारे राज्य में लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ आवाज उठाई है।

### दुष्कर्म-रोधी विधेयक के लिए विस सत्र बुलाया

बंगाल सरकार ने विधानसभा का दो-दिवसीय विशेष सत्र दो सितम्बर से आहूत किया है, ताकि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान वाले विधेयक को पेश और पारित किया जा सके। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने दी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि विधेयक को विशेष सत्र के दूसरे दिन (मंगलवार को) चर्चा और पारित करने के लिए पेश होगा। यह कदम ममता बनर्जी की उस घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया जिसमें उन्होंने कहा था कि दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड देने को कानूनों में संशोधन संबंधी विधेयक विधानसभा में पारित किया जाएगा।

### पूर्व प्राचार्य से सीबीआई ने की पूछताछ

**कोलकाता।** सीबीआई ने चिकित्सक से दरिंदगी मामले की जांच के सिलसिले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से पूछताछ गुरुवार को जारी रखी। घोष एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए 13वें दिन उपस्थित हुए। पूर्व प्राचार्य से सीबीआई पहले ही 130 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ कर चुकी है। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने मामला हाथ में लिया है। सीबीआई ने घोष के कार्यकाल के दौरान अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की प्राथमिकी में पूर्व प्राचार्य का नाम शामिल किया है। ईडी ने भी घोष के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने प्रत्याशियों के नामों पर किया मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी



पार्टी मुख्यालय में सीईसी की बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

- प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित सीईसी के अन्य सदस्य बैठक में हुए शामिल

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने गुरुवार को आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के अन्य सदस्य इस बैठक में शामिल हुए।

उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए सीईसी की बैठक में देर रात तक चर्चा होने की संभावना है। बैठक में हरियाणा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और सह-प्रभारी बिप्लव देब, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली और अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। इससे पहले, नड्डा के आवास पर कोर ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें शाह के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री सैनी और बडौली भी थे। प्रधान ने अपने आवास पर हरियाणा भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। कोर समूह की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय टीम को राज्य के परिदृश्य से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि अब केंद्रीय चुनाव समिति अंतिम फैसला करेगी। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। हरियाणा में वर्तमान में भाजपा की सरकार है।

# महिला, उसके पोते की पिटाई पर जीआरपी के छह कर्मी निलंबित

भोपाल, एजेंसी

- विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले किया था वीडियो साझा, दावा था कि पीड़ित हैं दलित

मध्य प्रदेश सरकार ने कटनी जिले में महिला और उसके पोते की पिटाई के मामले में थाना प्रभारी सहित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के छह कर्मचारियों को गुरुवार को निलंबित कर दिया। विपक्षी कांग्रेस ने एक दिन पहले घटना का वीडियो साझा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि पीड़ित दलित हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर कहा कि जीआरपी कटनी पुलिस थाने के कर्मियों द्वारा पिटाई का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। मैंने संज्ञान के बाद उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रेल को जांच को कहा है। प्रारंभिक जांच में तत्कालीन जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी, हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले दिन इस सिलसिले में पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर हुए थे। यह घटना पिछले वर्ष अक्टूबर की थी। एसपी (जीआरपी) सिमला प्रसाद ने बताया कि दीपक वंशकार पर 19 मामले हैं, वह फरार था। उसके परिजनों को पिछले साल अक्टूबर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर है। महिला और नाबालिग के खिलाफ भी कटनी में मामले दर्ज हैं। वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है।

# थरूर पर मानहानि कार्यवाही निरस्त करने से अदालत ने किया इनकार

**शिवलिंग पर बिच्छू**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भ में की गई शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को निरस्त करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका रद कर दी। कोर्ट ने 16 अक्टूबर, 2020 को मानहानि शिकायत में थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाई थी। इसने आज अपने अंतरिम आदेश को रद कर दिया और संबंधित पक्षों को 10 सितंबर को निचली अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाही निरस्त करने का कोई आधार नहीं बनता है।

# गिरफ्तारी से संरक्षण पांच तक बढ़ा खेडकर ने आरोपों से किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दिया अंतरिम संरक्षण 5 सितंबर तक बढ़ा दिया। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांगता कोटे का लाभ उठाने का आरोप है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने खेडकर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए टाल दी। संघ लोक सेवा आयोग और दिल्ली पुलिस दोनों ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत की खेडकर की याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया है।

### आयोग को उम्मीदवारी रद करने का अधिकार नहीं

खेडकर ने दायर जवाब में आरोपों से इनकार किया है और कहा सिविल सेवा परीक्षा-2022 को पास करने में न तो गलत बयान दिया है और न धोखाधड़ी की। आयोग को उनकी उम्मीदवारी को रद करने का कोई अधिकार नहीं है। उनका चयन बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी में योग्यता पर हुआ था और उन्होंने पांचवीं बार प्रयास किया है, जबकि उक्त श्रेणी में उपलब्ध प्रयास नौ हैं। 2012 से 2017 तक किए प्रयास इस श्रेणी के अंतर्गत नहीं थे।

**झारखंड जमीन घोटाला**

# कोर्ट ने आरोपी का बैंक स्टेटमेंट मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी संपत्ति दस्तावेज तैयार करके रांची में भारतीय सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए गुरुवार को एक आरोपी के बैंक स्टेटमेंट मांगे। झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कथित भूमि घोटाले से उत्पन्न धनशोधन मामले में आरोपी हैं। वह जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ईडी की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सह-आरोपी दिलीप घोष को जमानत देने को चुनौती दी गई है।

# एनआईए ने खुफिया जानकारी लीक में सात राज्यों में मारे छापे

नई दिल्ली, एजेंसी

- गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों को खंगाला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी के लिए पाकिस्तान से धन मिला था। एनआईए ने कहा कि आईएसआई जासूसी गिरोह से रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने 2023 में मामले को हाथ में लिया था।

# बृजभूषण को नोट दाखिल करने का कोर्ट ने दिया समय

**यौन उत्पीड़न मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में दर्ज प्राथमिकी और आरोप रद करने का अनुरोध वाली दलीलों पर नोट दाखिल का गुरुवार को समय दिया।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने सिंह को दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तिथि निर्धारित की। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने आरोप पत्र और उससे जुड़ी सभी अन्य कार्यवाही को रद्द करने के वास्ते सभी दलीलों को पेश करने के लिए एक संक्षिप्त नोट तैयार करने का समय मांगा है।

# भारत में परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विवि बना साउथेम्प्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूजीसी ने 2023 में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना की घोषणा की थी

ब्रिटेन का साउथेम्प्टन विवि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत में अपना परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है। यह घोषणा केंद्र सरकार ने गुरुवार को की।

विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 2023 में भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन विनियमों की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक कार्यक्रम में विवि के प्रतिनिधियों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने कहा कि उसका दिल्ली-एनसीआर परिसर देश में शिक्षा, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान तथा उद्यम गतिविधियों को बढ़ावा देगा। विवि ने परिसर खोलने का प्रस्ताव दिया था, जिसे यूजीसी ने आशय पत्र जारी करने के लिए मंजूरी दे दी है।

# कविता की जमानत पर टिप्पणी से रेवंत रेड्डी से कोर्ट नाराज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामलों में बीआरएस नेता के. कविता को दी गई जमानत के संबंध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणियों पर बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जताई। रेड्डी ने कविता की जमानत के लिए भाजपा और बीआरएस के बीच सौदेबाजी की ओर इशारा किया था। उनके इस बयान पर नाराज़गी जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे बयानों से लोगों के मन में आशंकाएं पैदा हो सकती हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने रेड्डी के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा कि क्या आपने अखबार पढ़ा कि उन्होंने क्या कहा? बस इतना पढ़िए कि उन्होंने क्या कहा।



## खेल डायरी

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच बने जैकब ओरम

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला से पहले गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी-20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक शृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई (1 से 5 नवंबर) में टेस्ट खेले जाएंगे। हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच रहे थे। उन्होंने 2022 में घरेलू सरजमीं पर हुए विश्व कप के दौरान न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए यही भूमिका अदा की थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा टीम की मदद करने के बाद ओरम आधिकारिक रूप से न्यूजीलैंड के सहयोगी स्टाफ में शामिल होंगे।

### कनकशन के बाद विल ने क्रिकेट से कहा अलविदा



**मेलबर्न।** विल पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जिस तरह शानदार आगाज किया था, उन्हें आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा था लेकिन लगातार सिर में चोट और कनकशन (सिर में चोट के कारण अचेत होना) की घटनाओं के बाद सिर्फ 26 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया। चिकित्सा विशेषज्ञों की पैनल के सुझाव के बाद उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया। 9 न्यूज मेलबर्न ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुकोवस्की ने स्वीकार किया था कि इन चोटों का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। उन्होंने अपने करियर में एकमात्र टेस्ट सिडनी में 2021 में भारत के खिलाफ खेला जिसमें उन्होंने 62 रन बनाए थे। उन्हें नवदीप सैनी ने आउट किया था। उस मैच में कंधे में लगी चोट के कारण वह छह महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें जनवरी 2019 में टीम में पहली बार चुना गया था। मार्च 2024 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के कारण उन्हें कनकशन के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

### वेस्टइंडीज के शैनन गेब्रियल ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। गेब्रियल ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा पिछले 12 सालों से मैंने स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत होता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं। सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज, मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया।

### शाहीन अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार से रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान ने आज मैच की पूर्व संध्या पर 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें लेग स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। अफरीदी को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर किए जाने पर मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वह अपनी प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। गिलेस्पी ने कहा शाहीन इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा हमने उनसे बातचीत की है और वह इसके पीछे की सोच को अच्छी तरह समझते हैं। शाहीन को कुछ फीडबैक दिया गया है। वह अपनी गेंदबाजी के साथ कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं ताकि वह यथासंभव प्रभावी हो सकें। वह अजहर महमूद के साथ वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं।

---

**पेरिस पैरालंपिक : बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में सुकांत, सुहास और तरूण जीत, मानसी और मंदीप हारीं**

# भारत के लिए मिला-जुला रहा पहला दिन

**पेरिस, एजेंसी**

भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरूण ने गुरुवार को यहां पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल की। सुकांत (31 वर्ष) ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21 21-15 22-20 से जीत हासिल की।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरूण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल (एसएल 3 एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता।


मैच के दौरान शॉट खेलतीं मंदीप कौर।

मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 महिला एकल ग्रुप चरण मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया लेकिन दबाव में आकर 21-16 13-21 18-21 से हार गईं। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21 14-21 से शिकस्त मिली। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गई।

उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23-21, 21-11 से हराया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांग्झोऊ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। एसएल 3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिए हैं।


महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा में भारत की ज्योति गडेरिया। ● एजेंसी


जीत के बाद जश्न मनाते सुकांत कदम। ● एजेंसी

### 3000 मी परस्यूट में 10वें स्थान पर रहीं साइकिलिस्ट ज्योति

**पेरिस।** भारत की ज्योति गडेरिया गुरुवार को यहां पैरालंपिक की महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रहीं। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर रहीं जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। पैरा-साइकिलिंग में मस्तिष्क पक्षाघात, निचले अंग के कटने और विकलांगता वाले एथलीट सी1 से सी5 की पांच श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

# रैंकिंग दौर में दूसरे स्थान पर रहीं तीरंदाज शीतल

**पेरिस, एजेंसी**

भारत की बिना बांह की तीरंदाज शीतल देवी गुरुवार को महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन रैंकिंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहीं जिससे उन्हें पेरिस पैरालंपिक के राउंड ऑफ 16 में सीधे प्रवेश किया। जम्मू-कश्मीर की 17 साल की शीतल का जन्म बिना बांह के हुआ था और वह अपने पैरों से तीरंदाजी करती हैं। शीतल ने 720 अंक में से 703 अंक जुटाए और तुर्की की ओजनुर गिर्डी क्यूर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। ओजनुर ने 704 अंक के साथ रैंकिंग दौर का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

शीतल ने भी इसी महीने बनाए ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पाइन पेटरसन के 698 के रैंकिंग दौर के विश्व रिकॉर्ड को पार कर लिया था लेकिन बाद में ओजनुर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। शीतल सहित रैंकिंग दौर में शीर्ष चार पर रहने वाली तीरंदजों को राउंड ऑफ 32 में बाई और वह अब शनिवार को राउंड ऑफ 16 में हिस्सा लेंगी। शीतल चिली की मारियाना जुनिगा और कोरिया की चोई ना मी के बीच होने वाले राउंड ऑफ 32 की विजेता से भिड़ेंगी। ये दोनों तीरंदाज रैंकिंग दौर में क्रमशः 15वें और 18वें स्थान पर रही। शीतल ने पिछले साल चीन के हांग्झोऊ में पैरा एशियाई खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने रजत पदक के रूप में तीसरा पदक भी जीता था।


महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन रैंकिंग दौर में निशाना लगातीं शीतल देवी। ● एजेंसी

**पदक तालिका**

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 2 | 1 | 0 | 3 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 0 | 2 |
| फ्रांस | 1 | 1 | 0 | 2 |
| ब्राजील | 1 | 0 | 0 | 1 |
| डेनमार्क | 1 | 0 | 0 | 1 |
| हंगरी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| पोलैंड | 1 | 0 | 0 | 1 |
| सिंगापुर | 1 | 0 | 0 | 1 |
| भारत | 0 | 0 | 0 | 0 |

## पैरालंपिक ताइक्वांडो में तुकी की एकिंसी हारीं अरूणा तंवर



**पेरिस।** भारत की अरूणा तंवर को गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक की ताइक्वांडो स्पर्धा में महिला के 44-47 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मुकाबले में तुकी की नुरसिहान एकिंसी से 0-19 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। अरूणा तुर्की की अपनी प्रतिद्वंद्वी की कोई बराबरी नहीं कर सकीं जिन्होंने पांच मिनट के राउंड में अपनी इच्छानुसार अंक जुटाये। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने एक पेनल्टी अंक भी गंवाया। के44 वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके एक हाथ में कोहनी के ऊपर की विकलांगता होती है। पैरा ताइक्वांडो को 2021 में तोक्यो पैरालंपिक के दौरान शामिल किया गया था।

# विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4-6, 5-7 से हारकर बाहर हो गई। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से मात दी।

किसी महिला खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विंबलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं। पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6-3, 7-6, 6-1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा।



जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6-7, 0-6, 6-4, 6-4, 7-5 से हराया। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा जिन्होंने आर्थर रिंडरनेश को 4-6, 5-7, 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। महिला वर्ग में गत चैंपियन कोको गॉफ टी मारिया को 6-4, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा। अमेरिका की मेडिसन कीस ने माया जोइंट को 6-4, 6-0 से मात दी। अब उनका सामना एलिसे मर्टेंस से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 6-3, 6-2 से हराया।

### जोकोविच तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए जब सर्बिया के ही लास्लो जेरे ने तीसरे सेट में चोटिल होने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आए। उन्होंने बाद में कहा भी कि अगर लास्लो चोटिल नहीं होते तो शायद वह हार भी सकते थे। वह 6-4, 6-4, 2-0 से आगे थे जब लास्लो पीछे हट गए। अब उनका सामना शुक्रवार को एलेक्सेइ पोपिरिन से होगा।

### बालाजी और युकी दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरूष युगल वर्ग में अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को हराया। युकी और अलबानो ओलिवेत्ती ने रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को मात दी।

# रोनाल्डो को शीर्ष गोल-स्कोरर पुरस्कार

- **यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन पांच बार चैंपियंस लीग जीतने पर किया सम्मानित**

**लंदन, एजेंसी**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की यूईएफए चैंपियंस लीग विरासत हमेशा के लिए अमर हो गई है क्योंकि यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन ने पांच बार चैंपियंस लीग जीतने वाले रोनाल्डो को शीर्ष गोल स्कोरर पुरस्कार से सम्मानित किया है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो 183 खेलों में 140 गोल के साथ प्रतियोगिता के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। 42 असिस्ट के साथ वह प्रतियोगिता में सबसे ज़्यादा असिस्ट करने वाले खिलाड़ी भी हैं। यूईएफए ने मोनाको, मोंटे कार्लो में चैंपियंस लीग 2024-25 लीग चरण के ड्रॉ के दौरान क्रिस्टियानो रोनाल्डो की विरासत का सम्मान किया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को यूसीएल में उनके प्रदर्शन के लिए मिस्टर चैंपियंस लीग का उपनाम दिया गया था। रोनाल्डो ने चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस का प्रतिनिधित्व किया।



रोनाल्डो के नाम चैंपियंस लीग में सबसे ज्यादा 140 गोल करने का रिकॉर्ड है और वह चैंपियंस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा बार खेलने के मामले में इकर कैसिलास के बराबर हैं। उन्होंने 5 बार चैंपियंस लीग जीती है और 7 अलग-अलग मौकों पर यूसीएल सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

---

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान का गाना यू आर माइन रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का रोमांटिक गाना यू आर माइन रिलीज हो गया है। सलमान खान अपने भांजे अयान अग्निहोत्री के साथ यू आर माइन नाम से एक म्यूजिक वीडियो लेकर आए हैं। इस गाने में सलमान ने अपनी आवाज दी है और अयान ने इसमें रैप किया है। गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है। हैदर खान द्वारा निर्देशित इस गाने के बोल सलमान खान और संजीव चतुर्वेदी ने मिलकर लिखे हैं। अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री के बेटे हैं।

# एक जैसे थे कई किरदार : रवीना

**मुंबई, एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में अपने शुरूआती सिने सफर के बारे में बात की। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आपका अपना जाकिर में दर्शकों को मनोरंजन, मजेदार बातें, और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे। इस एपिसोड की मेजबानी करने वाले जाकिर खान, बॉलीवुड की मोहक अभिनेत्री रवीना टंडन का स्वागत करेंगे। रवीना अपने शानदार करियर के बारे में दिलचस्प किस्से साझा करेंगी, पर्दे के पीछे की कहानियां और अपने सह-कलाकारों के साथ यादगार पल भी बताएंगी।

रवीना टंडन ने अपने शुरुआती सालों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने अपने करियर में विविध भूमिकाएँ अपनाकर खुद को चुनौती दी, जिसने उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नए अवसर खोजने में मदद की। उन्होंने साझा किया, मेरे करियर के पहले चार-पांच सालों तक, मैं अक्सर एक जैसे किरदार निभा रही थी। मुझे याद है कि जब मैंने फिल्म के लिए लुक टेस्ट दिया, तो मैं रामू को खुश होकर हाय बोली, लेकिन उन्होंने बस मुस्कुराते हुए हाय कहा और चले गए। मैंने इसका असर नहीं लिया और लुक टेस्ट के लिए गई और जल्दी ही मैं अपने किरदार में पूरी तरह से समाहित हो गई। उस पल, उन्होंने मुझसे पूछा, रवीना, क्या तुम हो? वे मुझे पहचान नहीं पाए क्योंकि मैं अपने किरदार में पूरी तरह से डूबी हुई थी। इस रविवार, सोनी टेलीविजन पर रात 9:30 बजे आपका अपना जाकिर प्रसारित होगा।



- **आपका अपना जाकिर शो में रवीना टंडन ने शुरूआती सिने सफर के बारे में की बात**



### द बकिंघम मर्डर्स का गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज हो गया है। द बकिंघम मर्डर्स के मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज कर दिया है, जिसे बल्ली सागू ने गाया है। यह गाना करीना कपूर खान पर फिल्माया गया है। यह गाना उनके जासूस के रूप को अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाता है और फिल्म में उनके द्वारा महसूस की गई अलग-अलग भावनाओं को सामने लाता है। द बकिंघम मर्डर्स का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना के अलावा, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कई स्टार्स हैं। फिल्म की कहानी असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है।

### कंगना ने ओपेनहाइमर से की फिल्म इमजरेंसी की तुलना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी की तुलना हॉलीवुड फिल्म ओपेनहाइमर से की। कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ''इमरजेंसी'' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। कंगना रनौत ने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सच्चाई से इतने असहज क्यों हैं। जैसे कि वह हमें स्पष्ट रूप से देख नहीं सकते हैं। मेरे लिए श्रीमती गांधी वही हैं, जो वह हैं और हम लोगों को अच्छे या बुरे के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते। यदि आप उस विजन से देखें तो यह फिल्म आपके लिए कई दरवाजे खोलेगी लेकिन साथ ही, मेरी फिल्म के साथ एक करीबी तुलना शायद ओपेनहाइमर से की जा सकती है। यह मैकबेथ की तरह ही है। मैकबेथ को राजा बनना तय था, और जब वह राजा को मारकर राजा बन जाता है तो खंजर उसका पीछा करता है। उसका विवेक उसका पीछा करता है... इमरजेंसी का विचार यह है कि हममें से सबसे अच्छे लोग भी अभिमान का शिकार बन सकते हैं। गौरतलब है कि कंगना रनौत निर्मित-निर्देशित इमरजेंसी में आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म इमरजेंसी में अनुपम खेर, दिवंगत सतीश कौशिक, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### राजद्रोह के मामले में दो पत्रकारों को दोषी ठहराया

**हांगकांग।** हांगकांग की एक अदालत ने एक बंद हो चुके समाचार संस्थान के दो पूर्व संपादकों को राजद्रोह के एक मामले में गुरुवार को दोषी ठहराया। स्टैंड न्यूज़ के पूर्व प्रधान संपादक चुंग पुई-कुएन और पूर्व कार्यवाहक प्रधान संपादक पैट्रिक लैम को 2021 में गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने राजद्रोही सामग्री को प्रकाशित करने और पुन: प्रस्तुत करने की साजिश के आरोप को कबूल नहीं किया था।

### फ्रांस में धार्मिक स्थल पर हमले में आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** दक्षिणी फ्रांसीसी हेरॉल्ट विभाग में एक धार्मिक स्थल पर हुए हमले के लिए एक संदिग्ध और उसके रिश्तेदार पर आरोप लगाया गया है और उन्हें प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि अदालत ने दोनों संदिग्धों पर नस्लीय या धार्मिक आधार पर और आतंकवादी गतिविधि के संबंध में हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

### बूस्टर रॉकेट में लगी आग स्पेसएक्स को उड़ान से रोका

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनी स्पेसएक्स के बूस्टर रॉकेट के बुधवार को नीचे उतरते समय आग की चपेट में आने के बाद कंपनी के प्रक्षेपण रोक दिए गए हैं। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने फ्लोरिडा तट पर तड़के हुई दुर्घटना के बाद कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया और जांच के आदेश दिए। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि स्पेसएक्स की आगामी 'क्रू' उड़ानों पर इसका कितना असर होगा।

### अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए

**सैन साल्वाडोर।** मध्य अमेरिकी देश अल साल्वाडोर में भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किए गए हैं। अल साल्वाडोर के पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय (एमएआरएन) ने एक्स पर लिखा कि स्थानीय समयानुसार बुधवार शाम 03 :57 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 आंकी गई। भूकम्प का केंद्र मिज़ाटा बीच से 70 किलोमीटर दक्षिण में, ला लिबर्टाड के तट से 13 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### रूस में 92 और अमेरिकियों का प्रवेश प्रतिबंधित

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एलान किया कि 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें पूर्व में रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बाइडन प्रशासन द्वारा अपनाई गई रूस को अलग-थलग करने की नीति के जवाब में अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार करे ईयू

**ब्रसेल्स।** आयरलैंड और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने गुरुवार को कहा कि यूरोपीय संघ को इजरायल के साथ संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए। ब्रसेल्स में ईयू के विदेश मंत्रियों की बैठक में आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने इजराइल पर आम नागरिकों को सैन्य अभियान में निशाना बनाने का आरोप लगाया।

# ईरान में गैस रिसाव से दो की मौत, 10 अन्य घायल

**दुबई, एजेंसी**

- रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ हादसा

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खबर में कहा गया है कि इस्फहान प्रॉविन्शियल गार्ड ने मृतकों की पहचान कैप्टन मोजतबा नजारी और लेफ्टिनेंट कर्नल मोख्तार मोर्शदी के रूप में की है। गार्ड के बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की मौत गैस से दम घुटने से हुई या गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। हाल के वर्षों में रिवोल्यूशनरी गार्ड की इकाइयों में कई घातक विस्फोट हुए हैं। सबसे उल्लेखनीय घटना 2011 में हुई, जब तेहरान के पास एक मिसाइल बेस पर हुए विस्फोट में कमांडर हसन तेहरानी मोगादम सहित 17 लोग मारे गए थे, जो अर्धसैनिक बल के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे। शुरू में अधिकारियों ने विस्फोट को एक दुर्घटना बताया, हालांकि बाद में एक पूर्व कैदी ने कहा कि गार्ड ने उससे इस संदेह पर पूछताछ की कि विस्फोट इजराइल ने किया था। गैस रिसाव ऐसे समय हुआ है जब 31 जुलाई को ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हनिया की हत्या के बाद से तनाव बना हुआ है।

# मार्शल आर्ट यानी आत्मरक्षा के गुर



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे जिउ-जित्सु (मार्शल आर्ट का एक फॉर्म) करते दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के आखिर में उन्होंने लिखा है कि भारत डोजो यात्रा, कमिंग सून। डोजो एक तरह के मार्शल आर्ट के ट्रेनिंग स्कूल हैं। ऐसी जगह जहां लोग जूडो, कराटे या किसी दूसरे मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस करते हैं। जापानी भाषा में डोजो का मतलब है- जाने का रास्ता। सबसे शुरुआती डोजो बौद्ध मंदिरों के अंदर बने होते थे। आइए जानते हैं कि भारत में मार्शल आर्ट्स के कितने प्रकार प्रचलित हैं।

**कुश्ती:** भारतीय कुश्ती, जिसे कुश्ती या मल्लखंब भी कहा जाता है, बहुत प्राचीन है। इसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें, जैसे कि थ्रो, ग्रैपलिंग और पिनिंग शामिल हैं। इसे आमतौर पर मिट्टी के अखाड़े में खेला जाता है और इसमें विशेष प्रकार के हस्तकला तकनीकों का उपयोग होता है। मल्लखंब एक अद्वितीय भारतीय खेल है जिसमें एक खम्बे (सामान्यत: लकड़ी का) के साथ शारीरिक अभ्यास और प्रदर्शन किया जाता है।

**सिलम्बम:** यह विशेष रूप से दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में प्रचलित है। सिलम्बम का नाम तमिल शब्द सिलम्ब से आया है, जिसका अर्थ है लाठी और इस मार्शल आर्ट में लाठी और अन्य हथियारों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसमें लाठी (कठोर और लचीली लाठियां), चक्र (फेंकने वाले हथियार) और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है। इसमें स्ट्राइकिंग, ब्लॉक्स, थ्रोइंग, और ग्रैपलिंग तकनीकें शामिल होती हैं।

**भद्रकाली:** यह एक पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट है जो विशेषकर आंध्र प्रदेश और कर्नाटक क्षेत्रों में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट युद्धकला है। इस मार्शल आर्ट का नाम भद्रकाली देवी के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति और बल की प्रतीक मानी जाती हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। लाठी और अन्य पारंपरिक हथियारों का उपयोग किया जाता है।

**अगर:** यह विशेषकर उत्तर भारत में प्रचलित है। यह एक प्राचीन और विशिष्ट लड़ाई की कला है, जिसमें विभिन्न प्रकार की तकनीकें और शारीरिक प्रशिक्षण शामिल होता है। इसमें लड़ाई के लिए विभिन्न तकनीकें शामिल होती हैं, जैसे कि स्ट्राइक्स, किक्स, और ग्रैपलिंग। इसमें विशेष रूप से हाथ और पैर के विभिन्न प्रकार के हमलों और बचाव तकनीकों का अभ्यास किया जाता है।

**कल्लारीपयट्टू:** दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का एक प्राचीन और पारंपरिक मार्शल आर्ट है। इसे कल्लारी और पयट्टू के संयोजन से नामित किया गया है, जिसमें कल्लारी का अर्थ होता है व्यायाम स्थल और पयट्टू का अर्थ होता है लड़ाई। इसमें स्ट्राइक्स, किक्स, ग्रैपलिंग और हथियारों के उपयोग की तकनीकें शामिल होती हैं।

**गतका:** यह एक पारंपरिक पंजाबी मार्शल आर्ट है। इसमें विभिन्न प्रकार के पारंपरिक हथियारों का उपयोग होता है, जैसे कि तलवार, डंडा, चक्र और कृपाण। इसमें तलवारबाज़ी, ढाल के साथ लड़ाई और हाथों से लड़ाई की तकनीकें शामिल होती हैं।

# कर्ज चुकाने को बांग्लादेश ने 8 अरब डॉलर की मांगी मदद

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य भागीदारों से लगाई गुहार

**ढाका, एजेंसी**

**बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित अन्य भागीदारों से आठ अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक से बाढ़ से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन भी मांग रही है। सरकार ने एडीबी को एक पत्र लिखा है, जिसमें बाढ़ पुनर्वास के लिए 30 करोड डॉलर देने का अनुरोध किया गया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश विश्व बैंक से भी बड़ी रकम की मांग करेगा, लेकिन अभी तक औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है। बजट समर्थन के माध्यम से, वैश्विक ऋणदाता के मौजूदा 4.7 अरब डॉलर ऋण कार्यक्रम के लिए और इसके अलावा आईएमएफ से 03 अरब डॉलर आने की उम्मीद है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय और बांग्लादेश बैंक के अधिकारियों के अनुसार, देश की सरकार विश्व बैंक, एडीबी, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) सहित विभिन्न विकास भागीदारों से 5 अरब डॉलर मांगने की योजना बना रही है।

बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अहसान एच मंसूर ने हाल ही में आईएमएफ से 03 अरब डॉलर मांग करने की योजना बनाने की घोषणा की थी। आईएमएफ स्टाफ मिशन सितंबर के अंत में ऋण पर चर्चा करने के लिए बांग्लादेश का दौरा कर सकता है। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा के बाद बांग्लादेश आईएमएफ को एक औपचारिक पत्र भेजेगा, जिसमें अतिरिक्त ऋण की मांग की जाएगी। आईएमएफ ने जनवरी 2023 में मंजूरी मिलने के बाद से 4.7 अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 2.3 अरब डॉलर जारी कर चुका है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के बाद, विश्व बैंक और एडीबी ने वित्त सलाहकार, ऊर्जा सलाहकार और केंद्रीय बैंक के गवर्नर के साथ अलग-अलग बैठकें की है। बांग्लादेश ने उनसे और ज्यादा बजट समर्थन देने की मांग की है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार, विश्व बैंक और एडीबी के साथ बैठकों के दौरान ऊर्जा सलाहकार ने तत्काल बजट सहायता के रूप में 01 अरब डॉलर की मांग की।



### पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री हत्या मामले में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में हाल ही में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में एक सुनार की हत्या के मामले में पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को बताया गया कि रंगपुर में दर्ज एक हत्या के मामले में पूर्व वाणिज्य मंत्री मुंशी (74) को रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन में बुधवार रात गिरफ्तार किया है। इसमें बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दिन मिलन की हत्या के लिए मुंशी और संसद की पूर्व अध्यक्ष चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनके अलावा इस मामले में कई अज्ञात लोग भी आरोपी हैं।

## टेलीग्राम के सीईओ जमानत पर रिहा

**पेरिस।** टेलीग्राम मेसेंजर के संस्थापक एवम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल ड्यूरोव को 50 लाख यूरो की जमानत राशि का भुगतान करने के बाद बुधवार को रिहा कर दिया गया। फिलहाल, उन्हें सप्ताह में दो बार रिपोर्ट करना आवश्यक है। पेरिस के लोक अभियोजक लॉर बेकुउ ने बुधवार रात घोषणा की कि ड्यूरोव को आधिकारिक तौर पर छह आरोपों में जांच के दायरे में रखा गया है और जांच के दौरान उन पर फ्रांस छोड़ने से रोक लगा दी गई। ड्यूरोव को फ्रांसीसी पुलिस ने शनिवार रात पेरिस के बाहर एक हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। अभियोजक बेकुउ ने सोमवार को कहा कि टेलीग्राम के संस्थापक पर 12 आपराधिक अपराधों का आरोप है।



# जापान में तूफान शानशान की दस्तक

**तोक्यो, एजेंसी**

- भारी बारिश से तीन की मौत नदियां उफान पर आईं
- बिजली गुल होने से ढाई लाख घरों में छाया अंधेरा

दक्षिणी जापान में गुरुवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं। तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान 'शानशान' ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

एजेंसी ने यह भी बताया कि तूफान के कारण देश के अधिकतर भागों, विशेषकर क्यूशू के दक्षिणी प्रान्तों में तेज हवाएं चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी वर्षा की संभावना है। जिन क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की गई, वहां के लोगों से सामुदायिक केंद्रों और अन्य जन सुविधाओं में शरण लेने की अपील की गई है। एजेंसी ने बताया कि दोपहर के समय शानशान 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

### तूफान के चलते सैकड़ों घरेलू उड़ानें रद व बुलेट ट्रेन रोकी



तूफान की दस्तक से पहले भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटना हुई, जिसके कारण गामागोरी में एक मकान ढह गया। मौसम विभाग और प्रशासनिक अधिकारी बड़े स्तर पर नुकसान को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि तूफान अगले कुछ दिनों में धीरे-धीरे जापानी द्वीपसमूह को अपनी चपेट में ले लेगा। आपदा प्रबंधन मंत्री योशिफुमी मत्सुमुरा ने कहा कि तूफान के कारण तेज हवाओं के चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण-पश्चिमी शहरों और द्वीपों को जोड़ने वाली सैकड़ों घरेलू उड़ानें गुरुवार को रद कर गईं और बुलेट ट्रेन तथा उप नगरीय रेल सेवाओं को भी रोकना पड़ा।

# एससीओ सम्मेलन के लिए पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा निमंत्रण

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्टूबर में यहां आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासनाध्यक्षों को निमंत्रण भेजे गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है।



- अक्टूबर में होगा शंघाई सहयोग संगठन का सम्मेलन

# पुरुलिया कांड के आरोपी के प्रत्यर्पण के लिए भारत का अनुरोध खारिज

**कोपनहेगन, एजेंसी।** डेनमार्क की एक अदालत ने 29 साल पहले हथियार तस्करी के मामले के आरोपी डेनिश नागरिक नील्स होल्क के प्रत्यर्पण का भारत का अनुरोध गुरुवार को खारिज कर दिया। अदालत का यह आदेश डेनमार्क के शीर्ष अभियोजन प्राधिकरण के खिलाफ है जिसने नील्स को विदेश भेजने के लिए हरी झंडी दे दी थी। होल्क ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक मालवाहक विमान से असॉल्ट राइफल, रॉकेट लॉन्चर और मिसाइल गिराने की घटना में भाग लेने की बात स्वीकार की थी। हिलेरोएड जिला न्यायालय ने कहा कि भारत द्वारा दी गई अतिरिक्त राजनयिक गारंटी के बावजूद एक ऐसा जोखिम है कि होल्क को भारत में यातना या अन्य अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

## भारत में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल में कहा है कि भारत में चांदीपुरा वायरस का वर्तमान प्रकोप 20 वर्षों में सबसे ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, जून की शुरुआत से 15 अगस्त के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के 245 मामले दर्ज किए, जिसमें 82 लोगों की मौत हो गई। भारत में वर्तमान में कुल 43 जिलों में एईएस के मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें चांदीपुरा संक्रमण (सीएचपीवी) के 64 पुष्ट मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ ने 23 अगस्त को जारी किए गए रोग प्रकोप समाचार में कहा कि सीएचपीवी भारत में स्थानिक है और पहले भी इसका प्रकोप नियमित रूप से होता रहा है।

# मेघालय में मिला आवामी लीग के नेता इशाक अली पन्ना का शव

**शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)**

- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी के थे
- स्टूडेंट लीग के महासचिव भी रहे, बड़े कारोबारी भी थे



**अमृत विचार :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के बड़े नेता इशाक अली पन्ना का शव बांग्लादेश बार्डर पर मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में डोना भोई गांव में एक बागान पाया गया। पार्सपोर्ट से इशाक अली का शव होने का पता चला। वह स्टूडेंट लीग के महासचिव भी रहे, बड़े कारोबारी भी थे। पोस्टमार्टम के बाद शव को सिविल अस्पताल में सुरक्षित रख दिया गया है।

इशाक अली शेख हसीना के करीबी माने जाते थे। बीते 26 अगस्त को बॉर्डर पर उनका शव पाया गया। मौके पर मिले पासपोर्ट से पता लगा कि शव बांग्लादेश के नेता इशाक अली पन्ना का है। शव मिलने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य के गृह सचिव, दिल्ली गृह मंत्रालय और इशाक के बांग्लादेश स्थित परिजनों को दी गई। जानकारी के मुताबिक इशाक बांग्लादेश में फैली हिंसा के बाद भारत आने की कोशिश में थे।

### गला घोंटकर की गई हत्या

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटने के कारण दम घुटना बताया गया। कक्षीय क्षेत्र के निचले दाहिने हिस्से पर भी घाव थे। माथे पर खरोंच व चोट थे। जो पीड़ित के संघर्ष का संकेत दे रहे हैं। जिला पुलिस प्रमुख गिरि प्रसाद ने कहा बांग्लादेश सीमा से 5 किमी दूर सुपारी के बागान में शव के पास से एक पासपोर्ट और स्मार्टवॉच मिली जिससे पन्ना की पहचान हुई।

## शी चिनफिंग से मिले अमेरिकी एनएसए तनाव घटाने पर चर्चा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। मुलाकात का उद्देश्य दोनों शक्तियों के बीच संवाद को खुला रखना है, क्योंकि हाल के वर्षों में चीन और अमेरिका के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य सलाहकार के रूप में पहली चीन यात्रा पर आए सुलिवन ने विदेश मंत्री वांग यी और केंद्रीय सैन्य आयोग के एक वरिष्ठ जनरल सहित वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। चीन और अमेरिका के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 2018 में शुरू हुए व्यापार युद्ध से हुई।

# भारत ने बिजली प्रोजेक्ट के लिए श्रीलंका को दी धनराशि

**कोलंबो, एजेंसी**

- प्रोजेक्ट के लिए 2022 में हुआ था दोनों देशों में समझौता

श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान गुरुवार को सौंपा, जिन्हें 1.1 करोड़ अमरीकी डालर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की परियोजनाएं भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर कहा कि उच्चायुक्त संतोष झा ने डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान विद्युत और ऊर्जा मंत्रालय की सचिव डॉ सुलक्षणा जयवर्धने और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण के अध्यक्ष को सौंपा।

### सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने कोलंबो पहुंचे डोभाल

**कोलंबो।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात भी करेंगे।

# अभिनेता-विधायक मुकेश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**कोच्चि/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



- यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तारी से अस्थायी राहत मिली

सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश के साथ तीन और नामचीन अदाकारों के खिलाफ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों ने मलयालम सिनेमा को हिलाकर रख दिया है और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने मुकेश के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की मांग की। विपक्षी दलों के प्रदर्शन और कुछ वामपंथी नेताओं द्वारा मुकेश के इस्तीफे की मांग के बीच अभिनेता को कोच्चि की एक अदालत से राहत मिल गई जिसने उन्हें तीन सितंबर तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया है।

सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और आरोपी विधायक के लिए परेशानी उस समय बढ़ गई जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता एनी राजा ने कहा कि मुकेश के विधायक बने रहने का अब कानूनी या नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विधायक से पद छोड़ने की अपील की। इस बीच माकपा नीत एलडीएफ मुकेश के समर्थन में आता दिखा।

## दुष्कर्म की शिकार नाबालिग को गर्भपात की अनुमति नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग के गर्भवती होने पर परिजनों की गर्भपात कराने की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी। विशेषज्ञों द्वारा गर्भपात करना पीड़िता के लिए खतरनाक होने की रिपोर्ट के आधार पर यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। राजनांदगांव जिले में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग के गर्भवती होने पर उसके अभिभावकों ने गर्भपात की अनुमति देने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज की थी। मामले में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में पीड़िता 24 सप्ताह से अधिक से गर्भवती है।

# कभी पृथ्वी से बड़ी झील हुआ करती थी मंगल की धरती पर

**संवाददाता, नैनीताल**

- शोध से हुआ खुलासा, एरिडानिया नाम दिया है वैज्ञानिकों ने मंगल की झील का

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह की सतह पर झीलों को लेकर आश्चर्यजनक खुलासा वैज्ञानिकों ने किया है। प्राचीनकाल में मंगल पर पृथ्वी से विशाल झील हुआ करती थी। प्राचीन झील का नाम एरिडानिया है, जिसके अवशेष शेष रह गए हैं।

मंगल पर बस्ती बसाने का सपना साकार करने को लेकर खगोलविदों की मुहीम दिन पर दिन परवान चढ़ रही है। हमसे लाखों किमी दूर होने के बावजूद मंगल हमसे अनभिज्ञ नहीं रह गया है । इसकी प्रत्येक गतिविधि से हम वाकिफ होने लगे हैं, और परिस्थितियों में खुद को ढालने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि मंगल पर पहुंचने के बाद हम वहां के वातावरण में ढल सकें। अब नई जानकारी चौकानें वाली है। पता चला है कि प्राचीन मंगल की धरती विशाल झीलों से लबालब भरी रहती थी, जो वर्तमान में पृथ्वी पर मौजूद किसी भी झील से बड़ी थी। झीलों का यह संसार अरबों साल पहले हुआ करता था, जो अंततः सूख गई या फिर गायब हो गई। इसकी एक वजह मंगल की जलवायु बेहद ठंडी होना माना जाता है और इसका वातावरण पतला होने के कारण तरल पानी गायब हो गया। पानी के गायब होने की कहानी आज भी अधूरी ही है। हालांकि रिसर्च से पता चलता है कि मंगल का जल भूमिगत हो चुका है और ऊपरी हिस्सा बर्फ में तब्दील हो चुका है। बहरहाल इस विशाल झील का पता मार्स एक्सप्रेस अंतरिक्ष यान से चल पाया है। इस यान ने विशाल प्राचीन झील के तल की नई तस्वीरें ली हैं। जिससे पता चला है कि झील का तल, टीले व दरारें प्राचीन ज्वालामुखीय इलाके के क्षेत्र में है। वैज्ञानिकों का कहना है कि भले ही मंगल ग्रह का आकार पृथ्वी का केवल आधा, लेकिन मंगल के कम गुरुत्वाकर्षण के कारण भूगर्भिक विशेषताएं बड़ी हैं। लाल दुनिया में हमारे ग्रह की तुलना में कहीं अधिक बड़ी घाटियाँ और ज्वालामुखी हैं।



मंगल की सतह पर झीलों की तस्वीर। ● अमृत विचार

### ये आधार है मंगल की धरती का जल गायब होने का

लाल ग्रह मंगल की विशाल झीलों का पानी गायब होने को लेकर वैज्ञानिक मत है कि मंगल का कम गुरुत्वाकर्षण इसकी एक वजह है, जो मंगल के वायुमंडल के अधिक भाग को प्रभावित नहीं कर सका। इसलिए आज मंगल का वातावरण पतला है। साथ ही मंगल ग्रह सूर्य से पृथ्वी की तुलना में अधिक दूर है। जिस कारण इसका वातावरण ठंडा हो गया।